# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 184
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
गुरुवार | 18 अप्रैल, 2024


### जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का हुआ पहला सूर्य तिलक देख मंत्रमुग्ध अयोध्या धाम

# सूर्य की किरणों से जगमग हुआ रामलला का मस्तक

- 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में 5 मिनट तक माथे पर पड़ीं नीली किरणें
- पांच मिनट तक हुए अभिषेक को कौतुक से देखती रही दुनिया

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में बुधवार को रामनवमी पर दोपहर 12 बजे से रामलला का सूर्य तिलक हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक किया गया और मस्तक पर 3 मिनट तक नीली किरणें पड़ीं। सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। मंदिर में आरती की गई। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला का पट बंद कर दिया गया। इससे पहले जगद्गुरु राघवाचार्य ने 51 कलशों से भगवान रामलला का अभिषेक किया। बुधवार सुबह 3.30 बजे मंदिर के कपाट खुल गए, आम दिनों में यह 6.30 बजे खुलते हैं। श्रद्धालु रात 11.30 बजे तक, यानी 20 घंटे दर्शन कर सकेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी टैबलेट में रामलला का सूर्य तिलक देखा। सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के 20 पाइप से 65 फीट लंबा सिस्टम बनाया गया। इसमें 4 लेंस और 4 मिरर के जरिए गर्भ गृह तक रामलला के मस्तक पर किरणें पहुंचाई गईं।



### प्रधानमंत्री ने देखा रामलला का सूर्य तिलक, बताया भावुक क्षण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भगवान श्रीराम के उनके भव्य मंदिर में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण अपने टैब पर देखा। उन्होंने इसे बेहद ही भावुक क्षण बताया। यह दृश्य देखने से पूर्व ही उन्होंने विमान में भी अपनी चप्पलें उतारी हुई थी। प्रधानमंत्री ने असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद अयोध्या में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण देखा। इस संबंध में उन्होंने फोटो साझा करते हुए एक्स पर कहा, 卐नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।卐 उल्लेखनीय है कि देशभर में चैत्र रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजे रामलला का सूर्य की किरणों से सूर्य तिलक किया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विगत 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर में आधुनिक और वैज्ञानिक विधि से ऐसी संरचना ही बनाई गई है कि श्रीराम जन्म के समय वहां विराजमान विग्रह के मस्तक पर पर सूर्य की सीधी रोशनी प्रकाशवान हो। श्रीरामनवमी के दिन बुधवार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में श्रीरामलला के मस्तक पर सूर्य की सीधी रोशनी प्रकट हुई, इसे ही सूर्य तिलक कहा गया। रामलला विराजमान के मस्तक पर 3 मिनट तक सूर्य की सीधी किरणें प्रकाशित होती रहीं।

### पांच मिनट तक बना रहा टीका

वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति अध्ययन किया है। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है। सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर रामलला के ललाट तक पहुंचाया गया। सूर्य की किरणें ऊपरी तल के लेंस पर पड़ीं। उसके बाद तीन लेंस से होती हुई दूसरे तल के मिरर पर आईं। अंत में सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर 75 मिलीमीटर के टीके के रूप में दैदीप्तिमान होती रहीं और ये लगभग पांच मिनट तक टिकी रहीं।

### यह तकनीक अपनाई गई

सूर्य तिलक के लिए आईआईटी रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक खास ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। इसमें मंदिर के सबसे ऊपरी तल (तीसरे तल) पर लगे दर्पण पर ठीक दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें पड़ेंगी। दर्पण से 90 डिग्री पर परावर्तित होकर ये किरणे एक पीतल के पाइप में जाएंगी। पाइप के छोर पर एक दूसरा दर्पण लगा है। इस दर्पण से सूर्य किरणें एक बार फिर से परावर्तित होंगी और पीतल की पाइप के साथ 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी।

### तीन लेंसों से होकर गुजरीं किरणें

दूसरी बार परावर्तित होने के बाद सूर्य किरणें लंबवत दिशा में नीचे की ओर चलेंगी। किरणों के इस रास्ते में एक के बाद एक तीन लेंस पड़ेंगे, जिनसे इनकी तीव्रता और बढ़ जाएगी। लंबवत पाइप जाती है। लंबवत पाइप के दूसरे छोर पर एक और दर्पण लगा है। बढ़ी हुई तीव्रता के साथ किरणें इस दर्पण पर पड़ेंगी और पुनः 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी। 90 डिग्री पर मुड़ी ये किरणें सीधे राम लला के मस्तक पर पड़ेंगी। इस तरह से राम लला का सूर्य तिलक पूरा होगा।

### अयोध्या के 10 हजार मंदिरों में भजन

जन्मोत्सव के बाद पुजारी और भक्त रामलला के भजन गा रहे हैं। अयोध्या के करीब 10 हजार मंदिरों में भी भए प्रगट कृपाला दीनदयाला...की स्तुति हो रही है। रामलला के जन्मोत्सव पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्र, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नीतीश कुमार मौजूद रहे।

### 51 कलशों से जलाभिषेक

रामलला सदन में राम जन्मोत्सव शुरू हो गया है। जगद्गुरु राघवाचार्य ने 51 कलशों से भगवान रामलला का अभिषेक किया। जगतगुरु डॉ. राघवाचार्य ने कहा कि भगवान राम का अवतार लोक कल्याण के लिए हुआ। यहां दर्शन, पूजन और तपस्या का विशेष लाभ मिलता है। राम की कृपा शीघ्र प्राप्त होती है।

### श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक और मर्यादा के आदर्श परमपुरुषः आदित्यनाथ

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के अवसर पर बुधवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में यज्ञ किया। इस अवसर पर आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्श हजारों वर्षों बाद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने त्रेतायुग में थे। श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक हैं। मर्यादा के आदर्श हैं। परमात्मा स्वरूप परमपुरुष हैं। हर क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित आदर्श हम सभी को पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं। गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र व श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए योगी ने कहा कि वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मां भगवती के अलग-अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ संपन्न हुआ। नवरात्र प्रकृति और परमात्मा से जुड़ाव की अद्भुत परंपरा है। उन्होंने आदिशक्ति मां भगवती से चराचर जगत के कल्याण की कामना की।



## राम भक्तों के न पैर जलेंगे और न वो धूप की मार सहेंगे

### रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आने वाले भक्तों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो इसका ख्याल राम मंदिर ट्रस्ट रख रहा है

- चिलचिलाती गर्मी हो या फिर कड़ाके की ठंड, बदलते मौसम का असर अब रामभक्तों पर नहीं पड़ेगा
- जिस रास्ते से राम भक्त प्रभु राम के दर्शन को निकले उस रास्ते पर छावं की व्यवस्था की गई

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** 14 वर्ष के वनवास के दौरान प्रभु श्री राम ने भले ही तरह-तरह के कष्ट सहे हों, लेकिन उनकी जन्मभूमि अयोध्या आने वाले भक्तों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो इसका ख्याल राम मंदिर ट्रस्ट रख रहा है। कपकपा देने वाली सर्दी हो, गर्मी की चिलचिलाती धूप या बरसात राम भक्तों को रामलला के दर्शन में कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। रामनवमी के अवसर पर भक्तों के लिए सारी सुविधाएं और व्यवस्थाएं कर दी गईं। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार और सुधार किया जा रहा है। चिलचिलाती गर्मी हो या भी कड़ाके की ठंड, बदलते मौसम का असर अब रामभक्तों पर नहीं पड़ेगा। रामनवमी पर ही मंदिर ट्रस्ट ने इसका खाका तैयार कर लिया। रामनवमी पर चिलचिलाती धूप और गर्मी से राम भक्तों को राहत देने के लिए मंदिर ट्रस्ट ने हाईटेक तैयारी की। जिस रास्ते से राम भक्त प्रभु राम के दर्शन को निकले उस रास्ते पर छाँव की व्यवस्था की गई। पैर न जले इसको लेकर सड़कों पर मेट लगाए गए।

### मानसून तक जारी रहेगी विशेष व्यवस्था

राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को अगले 5 महीने तक गर्मी बरसात जैसे मौसम में बचाव को ध्यान में रखते हुए दर्शन मार्ग पर यह व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुसार गर्मियों में धूप में चलना, जन्मभूमि पथ पर दर्शन मार्ग के प्रवेश और निकास के अधिक से अधिक स्थानों पर छाया की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इस छाया का उपयोग निरंतर मानसून तक होगा. मई, जून, जुलाई, अगस्त और फिर सितंबर तक यह छाया तीर्थ यात्रियों के लिए बहुत ही सुविधाजनक होगी।

### सुविधा के लिए 24 घंटे चलेगा यात्री सेवा केंद्र

जन्मभूमि पथ और राम पथ के मध्य सुग्रीव किला के पास स्थापित किए गए यात्री सेवा केंद्र को राम मंदिर ट्रस्ट 24 घंटे संचालन की व्यवस्था कर रहा है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि तीर्थ यात्रियों की सेवा के लिए इस स्थान को विकसित किया जा रहा है। इस स्थान पर सभी प्रकार की जन सुविधा को विकसित करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी मौसम में यात्रा के दौरान बीमारियां हो सकती है इसके लिए यहां पर एलोपैथिक, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधा है। इसके साथ ही किसी भी यात्री को रेलवे के आरक्षण की सुविधा प्राप्त हो इसके लिए एक काउंटर खोला जाएगा।

## गोंडा में आग का कहरः 20 घर स्वाहा, 25 मवेशी जिंदा जले, देर से पहुंची फायर ब्रिगेड

**जन एक्सप्रेस । गोंडा**

गोंडा जिले की कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के खरथरी सूर्यवंश पुरवा में बुधवार की दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से 20 घर जलकर राख हो गए। 25 मवेशियों की झुलसकर मौत हो गई। नकदी व जेवर समेत लाखों की संपत्ति नष्ट होने का अनुमान लगाया गया है। देर से अग्निशमन कर्मियों के पहुंचने पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने



अग्निशमन कर्मियों पर पथराव कर दिया। किसी तरह दमकल कर्मी जान बचाकर भागे। पुलिस ने लोगों को शांत कराया। उधर, आग लगने की सूचना पर करनैलगंज विधायक अजय सिंह, एसडीएम भारत भार्गव सहित पुलिस टीमें पहुंचीं। घटनाक्रम के मुताबिक दोपहर में रौनक अली के घर में अज्ञात कारण से आग लग गई। तेज हवा के चलते आग पूरे गांव में फैल गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने गांव के 20 घरों को अपनी आगोश में ले लिया। आग से रानी पत्नी कल्लू सिंह का एक लाख, गुड्डू के 10 मवेशी, बाबू के पांच मवेशी, पांच क्विंटल गेहूं व 70 हजार के जेवर, राजू का पंपिंग सेट और 10 मवेशी, रौनक अली का एक लाख का जेवर, कपड़ा व बेड, रामकिशन की मोटरसाइकिल, जाकिर हुसैन का 40 हजार नकद व अन्य सामान जलकर राख हो गया।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और कन्नौज की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


### धोनी को देखने के लिए बेताब नजर आए फैंस एयरपोर्ट पर लगी भीड़, लखनऊ पहुंची चेन्नई की टीम



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

19 अप्रैल को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम के साथ होने वाले मुकाबले के लिए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम लखनऊ पहुंच गई है। लखनऊ एयरपोर्ट पर टीम का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट पर भीड़ लग गई। धोनी चेन्नई टीम के साथ एयरपोर्ट से बाहर निकले और टीम बस में बैठकर होटल के लिए रवाना हो गए। इस दौरान लोगों ने माही-माही के नारे लगाए। धोनी 42 वर्ष के हो गए हैं लेकिन अभी भी टीम की जीत हार में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुंबई के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने हार्दिक पांड्या को तीन लगातार छक्के मारे और अपनी टीम को मैच जिता दिया। उनका स्टारडम अभी भी कायम है और फैंस का उनके प्रति प्यार को देखकर लगता ही नहीं है कि वो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।

**भ्रष्टाचार!** दान में मिली भूमि को भूला जिला पंचायत, भूमाफियाओं के कब्जे में आयुर्वेदिक चिकित्सालय की जमीन


# राजनैतिक संरक्षण में हो रहा जिला पंचायत की जमीन पर कब्जे का खेल!

### दबंगों के आगे नतमस्तक हुआ जिला पंचायत, तन गई बहुमंजिला इमारतें

- शिकायत के बाद जिला पंचायत ने दर्ज कराई भूमाफियाओं के खिलाफ एफआईआर
- लोक संपत्ति अधिनियम के तहत उप जिलाधिकारी न्यायालय में वाद लंबित

**जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय**

**लखनऊ।** आज के दौर में जहां जमीन के मसलों को लेकर भाई भाई का खून बहाने को तैयार बैठा है और अच्छी खासी दोस्ती दुश्मनी में तब्दील होगी नजर आ रही हैं, वहीं राजधानी में जिला पंचायत आम जनता के कल्याण हेतु आयुर्वेदिक चिकित्सालय हेतु दान में मिली भूमि का अनादर करता नजर आ रहा है। राजधानी के सरोजिनी नगर तहसील अंतर्गत बंथरा सिकंदरपुर की गाटा संख्या 544/2021 रकबा 0.177 हे. भूमि सन 1940 में एक दान दाता द्वारा जिला परिषद को आयुर्वेदिक चिकित्सालय संचालन हेतु दान में दी गई थी। उक्त भूमि पर जिला परिषद(वर्तमान में जिला पंचायत) द्वारा चिकित्सालय का संचालन भी किया जा रहा था। एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार छः वर्ष पूर्व तक जिला पंचायत द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सालय का संचालन सुचारू रूप से किया गया। तत्कालीन चिकित्साधिकारी के सेवानिवृत्ति के बाद अन्य चिकित्सक की उपलब्धता न होने के कारण चिकित्सालय का संचालन बंद कर दिया गया। जिला पंचायत की लापरवाही के चलते स्थानीय भूमाफियाओं द्वारा करोड़ों की जमीन पर कब्जा कर लिया गया।



पूर्व में जिला पंचायत द्वारा संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालय का जर्जर भवन

### कभी हजारों लोग चिकित्सालय से होते थे लाभान्वित

स्थानीय लोगों की माने तो जिला परिषद (वर्तमान में जिला पंचायत) द्वारा संचालित किए जा रहे आयुर्वेदिक चिकित्सालय से कभी हजारों की तादात में क्षेत्रीय जनता स्वास्थ्य लाभ पाती थी, लेकिन जिला पंचायत के आम जनता के प्रति उदासीन रवैया इस बात का गवाह बन गया कि उसे आम जनता की सुविधाओं से कोई लेना देना नहीं है, आयुर्वेदिक चिकित्सालय का बंद होना इस बात की गवाही देता है।

### जमीनों पर कब्जा कराने तक सीमित होते जनप्रतिनिधि

कभी क्षेत्रीय जनता की भलाई और सुख सुविधाओं का ख्याल रखने वाली जिला पंचायत के ज्यादातर जनप्रतिनिधि अब सिर्फ सरकारी जमीनों पर कब्जा करने और कराने तक ही सीमित होते नजर आ रहे हैं। सूत्रों की मानें तो जिला पंचायत में कई जन प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने पद का अनैतिक लाभ लेते हुए करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जा किया व कराया गया है।

### चिकित्सा विभाग ने झाड़ा पल्ला जिला पंचायत की बताई जमीन

आयुर्वेदिक चिकित्सालय के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज बंथरा सिकंदरपुर की गाटा संख्या 544/2021 भूमि पर कब्जे की शिकायत समाजसेवियों द्वारा किए जाने के बाद जिला पंचायत व चिकित्सा विभाग में थोड़ी हलचल जरूर मची, लेकिन चिकित्सा विभाग ने आयुर्वेदिक चिकित्सालय के नाम अभिलेख होने के बावजूद अपना पल्ला झाड़ते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि आयुर्वेद विभाग के पास इसका कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है, चिकित्सालय का संचालन जिला पंचायत द्वारा किया जा रहा था लिहाजा उक्त भूमि जिला पंचायत की है।

### जिला पंचायत की लापरवाही से करोड़ों की जमीन पर हो चुका है कब्जा

पहले तो जिला पंचायत अपने चिकित्सालय संचालित करने में असमर्थ हुआ फिर दान में मिली भूमि को भी सुरक्षित कराने में विफल होता दिख रहा है। जानकारों की मानें तो जिला पंचायत के ढुलमुल रवैए के कारण ही कानपुर राजमार्ग पर स्थित बेस कीमती भूमि पर कथित दबंग भूमाफियाओं द्वारा कब्जा किया जा चुका है।



"एक महीने से इस मामले में पी पी एक्ट में मुकदमा चल रहा है, यह न्यायिक प्रक्रिया है पहले दोनों पक्षों को सुना जाएगा उसके बाद ही किसी निर्णय पर पहुंचा जा सकता है।"
– **फाल्गुनी सिंह, उप जिलाधिकारी सरोजिनी नगर**

"उक्त मकान काफी पुराने समय से बने हैं नियमानुसार सारी विधिक कार्यवाही की जा चुकी है एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है, एसडीएम कोर्ट में पीपी एक्ट में मुकदमा भी किया जा चुका है, न्यायिक प्रक्रिया चल रही है।"
– **अनिल ओझा, क्षेत्रीय कानूनगो, सरोजिनी नगर तहसील**

"पैमाइस को लेकर कुछ समस्या है, सारी विधिक कार्यवाही की जा चुकी है कब्जेदारों पर स्थानीय थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। पीपी एक्ट के तहत सरोजिनी नगर एसडीएम कोर्ट में मामला चल रहा है, न्यायालय का आदेश होते ही पुलिस की सहायता से तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।"
– **ज्योति कुमार दीक्षित, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, लखनऊ**

### बड़ा सवाल!

- आखिर जिला पंचायत की जमीन पर कैसे बन गई दुकानें व मकान?
- राजधानी में भूमाफियाओं को कौन दे रहा संरक्षण?
- आखिर अब तक कहां सोए थे जिला पंचायत के जिम्मेदार?

# श्रीरामचरितमानस पाठ का रामनवमी पर हुआ नवान्ह पारायण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



प्रभु श्रीराम के वनवासकाल की तपोभूमि धर्मनगरी चित्रकूट में संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित रघुबीर मन्दिर (बड़ी गुफा) में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ बुधवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मन्दिर में दर्शनार्थियों का तांता लगने लगा।

रामनवमी की सुबह श्री रामचरितमानस का नवान्ह पारायण सम्पन्न हुआ एवं 11 बजे से मन्दिर प्रांगण में बधाई गीतों का गायन भक्तिभाव पूर्वक हुआ। साथ ही अबीर-गुलाल व पुष्पों की होली खेली गई। ठीक दोपहर 12 बजे शंख, घण्टे, ढोल-नगाड़ों एवं वेद मंत्रोच्चार के स्वर के बीच मन्दिर के कपाट पुजारी द्वारा खोले गए एवं भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। नयनाभिराम श्रृंगार में सुसज्जित भगवान युगल सरकार की आरती देखने एवं दर्शन करने के लिए मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। सभी ने भए प्रकट कृपाला दीन दयाला की स्तुति की एवं एक-दूसरे को भगवान श्रीराम जन्म की बधाई दी।

इसके बाद जन्मोत्सव के निमित्त साधु, अभ्यागत का भंडारा आयोजित किया गया। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का पूजन श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद मफतलाल एवं उनकी पत्नी रूपल मफतलाल ने किया। साथ ही नवदिवसीय रामकथा के व्यास मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढ़िया बाबा सरकार), ट्रस्टी डॉ बी.के. जैन व उनकी पत्नी ऊषा जैन, डॉ विष्णु जोबनपुत्रा, नंदा बल्लभ लोहनी, डॉ. इलेश जैन, गुरुबहन रमा बेन, भारती जोबनपुत्रा, अनिल शास्त्री, सुरेन्द्र शास्त्री सहित हजारों की संख्या में भारत भर से आये गुरु भाई बहन, सन्त महन्त, विद्यार्थी एवं सद्गुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## गृह कलह से युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा खास में गृह कलह से युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा खास निवासी ओमप्रकाश 40 वर्ष पुत्र ज्ञान सिंह गांव में रहकर मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था। उसका विवाह मलिहान पुरवा में हुआ था। पत्नी दो बच्चों के साथ मलिहान पुरवा में लंबे अरसे से रह रहे हैं, और वह गुढ़ा खास में अलग रहता था। तभी बीते दिन मंगलवार की शाम को पत्नी से फोन पर उसकी बातचीत हुई, और रात में उसने घर के कमरे में फांसी का फंदा गले में डालकर जीवनलीला समाप्त कर ली। बुधवार की सुबह ओमप्रकाश के शव को फांसी में लटकने की खबर से गांव में हड़कप मच गया, और ग्रामीणों ने सूचना उसकी पत्नी को दी गई।

वहीं मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फिलहाल घटना के बाद से पत्नी सहित घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# वैदिक परम्परा के अनुसार बटुकों को दी गई गायत्री मंत्र की दीक्षा



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

रामनवमी व चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन बुधवार को गायत्री शक्ति पीठ में सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन कराया गया।

धर्मनगरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने बताया कि रामनवमी व चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन 12 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ वैदिक परम्परा के अनुसार बटुकों को गायत्री मन्त्र की दीक्षा दी गई। साथ ही इस संस्कार का महत्व भी समझाया। उन्होंने कहा कि गायत्री मन्त्र की दीक्षा के बाद ही ब्राह्मण बनते हैं। सवा लाख गायत्री मन्त्र जप कर लेने पर ही ब्राह्मणत्व सिद्ध होता है। गायत्री की प्रतिमा ही यज्ञोपवीत है। इस दौरान नव दिवसीय गायत्री जप साधना का समापन भी गायत्री यज्ञ के साथ हुआ। साथ ही मझगवां के देवल्हा ग्राम में गायत्री ज्ञान मंदिर शाखा का भी शुभारम्भ किया गया।

## अवैध शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने तीन आरोपियों को 100 लीटर कच्ची व 50 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

जिसमें थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय तथा उनके हमराही आरक्षी अतुल मिश्रा द्वारा आरोपी जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम चांदी थाना सरधुवा को 100 लीटर कच्ची शराब के साथ, थाना भरतकूप के उपनिरीक्षक बालकिशुन तथा उनके हमराही आरक्षी शिवम मिश्रा व महिला आरक्षी सुचेता साहू द्वारा आरोपी शिवऔतार निवासी अकबरपुर कोतवाली कर्वी को 34 क्वार्टर देशी शराब के साथ व थाना मारकुण्डी के उपनिरीक्षक रमजानी खां तथा उनके हमराही आरक्षी मंगला सरोज द्वारा आरोपी श्रीपाल पुत्र गनेश उर्फ पुली निवासी करौंहा थाना मारकुण्डी को 16 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब बरामदगी के सम्बन्ध में गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# रामनवमी पर सनातन प्रेमियों ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने रामनवमी के अवसर पर मऊ प्रखंड में भव्य शोभा यात्रा निकाली। जिसमें जय श्री राम के जयकारें लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने नगर भ्रमण किया।

मऊ कस्बे में बुधवार को शिवबाबा मंदिर से अनुसूचित जाति बस्ती होते हुए शिवपुर चैराहा मऊ बस स्टैंड और बाजार रोड में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा कि लगभग 500 वर्षों बाद भगवान श्रीराम जन्मस्थली अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजे है। ऐसे में इस रामनवमी का विशेष महत्व है। इस मौके पर मऊ प्रखंड अध्यक्ष सुरेश, उपाध्यक्ष महेश, प्रखंड पालक मुकेश, प्रखंड मंत्री संदीप, सह मंत्री अंकित शुक्ला, शुभम कश्यप, बजरंग दल संयोजक शिवांश केशरवानी, गौरक्षा प्रमुख विजय शुक्ला, पप्पू माली, प्रकाश माली, अनिल मिश्रा, जय तिवारी, सभासद अनिल कुमार व कपिल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# बेकाबू बाइक कब्र से टकराई युवक की मौत, साथी घायल

जन एक्सप्रेस । कौशांबी

पिपरी कोतवाली के लोधौर गांव के समीप शनिवार रात बेकाबू बाइक सवार युवक सड़क किनारे बनी कब्र से टकरा गए। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। जबकि, उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया।

रसूलपुर ब्यूर गांव के मजरा पिपरहाई निवासी वीरेंद्र कुमार का बेटा धीरेंद्र कुमार (20) हैंडपंप की बोरिंग का काम करता था। परिजनों ने बताया कि शनिवार को वह अपने दोस्त सयपार निवासी छोटू के साथ बाइक लेकर बोरिंग के सामान का आर्डर देने नेवादा गया था। रात करीब 10 बजे घर लौटते समय लोधौर गांव में किसी वाहन को बचाने के चक्कर में उसकी बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे बनी कब्र से टकरा गई।

हादसे में धीरेंद्र कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुन आसपास रहे लोगों ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी पाकर मृतक के परिजन रोते-बिलखते हुए घटनास्थल पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# पं. योगेन्द्र दत्त द्विवेदी के बताए मार्ग पर चलने का लिया गया संकल्प

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



राइटर्स एंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया की बुंदेलखंड इकाई द्वारा जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद् एवं चित्रकूट इंटर कॉलिज कर्वी के पूर्व हिंदी प्रवक्ता स्व. पं. योगेन्द्र दत्त द्विवेदी की पुण्यतिथि बुधवार को काव्यगोष्ठी के रूप में मनाई गई। जिसका आयोजन ग्राम पंचायत लोढ़वारा सिथत राजरानी आश्रम में किया गया। जिसमें जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी, साहित्यकार एवं शिक्षकों भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक एसोसिएशन के प्रदेश संगठन मंत्री एवं बुंदेलखंड प्रभारी डॉ मनोज द्विवेदी ने बताया कि उनके पिता शिक्षाविद् पं. योगेन्द्र दत्त द्विवेदी की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पं. योगेन्द्र दत्त द्विवेदी के द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को यादगार बनाना है। जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र यादव ने बैठक में पदाधिकारियों से परिचय कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी एवं सर्वोदय सेवा आश्रम के निदेशक अभिमन्यु भाई ने तथा संचालन वरिष्ठ कवि गुरु प्रसाद ने किया। कवि एवं प्रवक्ता श्रीनारायण तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह भ्रमर, रामलाल द्विवेदी प्राणेश, हरिमोहन राय, गजलकार विक्रम नामदेव, गीतकार श्रीनारायण तिवारी, कवि डॉ.रामप्यारे विश्वकर्मा ने स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सामाजिक चिंतक गणेश मिश्र ने कहा कि आज समाज ऐसे ही व्यक्तियों की आवश्यकता है, पत्रकार हों या साहित्यकार स्पष्टवादी होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आयोजक डॉ. मनोज द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया। साथ ही उपस्थित सभी व्यक्तियों ने डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह भ्रमर एवं श्रीनारायण तिवारी के दिवंगत बड़े भ्राताओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में राकेश नामदेव, आशुतोष द्विवेदी, डॉ वैभव द्विवेदी, गौरव द्विवेदी, संजय कुमार, राजा यादव, रामशरण यादव आदि मौजूद रहे।

## गम और गुस्से की बीच हुआ वृद्ध के शव का अंतिम संस्कार

**जन एक्सप्रेस/कौशांबी** कोतवाली के बेरौंचा गांव में रविवार की सुबह वृद्ध राजाराम के शव का परिजनों ने गम और गुस्से के बीच अंतिम संस्कार कर दिया। तीन दिन पहले मिट्टी खोदाई को लेकर हुए खूनी संघर्ष में जख्मी वृद्ध की शनिवार की सुबह अस्पताल में मौत हो गई थी। घटना के बाद से तनाव को देखते हुए अंतिम संस्कार के वक्त गांव में पुलिस बल के साथ नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे। बेरौंचा निवासी बलवंत निषाद बृहस्पतिवार को गांव में लगे खड़ंजे के बगल से मिट्टी की खोदाई करा रहा था। पड़ोसी कामता ने विरोध किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। इसे लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में राजाराम (60) समेत आठ लोग जख्मी हो गए थे। एसआरएन अस्पताल प्रयागराज में भर्ती राजाराम की इलाज के दौरान शनिवार सुबह मौत हो गई थी।

पोस्टमार्टम के बाद शनिवार शाम वृद्ध का शव गांव आया तो परिजन फरार हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा करने लगे।

# रामनवमी : श्रीराम की कर्मभूमि श्रृंग्वेरपुर में मनाया गया रामलला का जन्मोत्सव

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

एक तरफ भगवान श्रीराम अयोध्या में मंदिर में विराजमान होने बाद रामनवमी पर सूर्य तिलक का स्पर्श कराकर धूमधाम से श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रभु श्रीराम की कर्मभूमि में भी तिलक लगाया गया। जिसे देखने के लिए भारी भीड़ रही।

भगवान राम की कर्मभूमि श्रृंग्वेरपुरधाम में बुधवार को रामलला का जन्मोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि श्रीराम विश्राम आश्रम में श्रृंग्वेरपुर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एवं श्री तुलसी साहित्य प्रचार समिति के तत्वावधान में भव्य श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। वेदो के अनुसार वैदिक विधि विधान के साथ भगवान श्रीराम के मस्तक को गंगा जल में डूबे हुए फूलों से स्नान कराकर ललाट पर तिलक लगाया गया।

एक तरफ भगवान श्रीराम अयोध्या में मंदिर में विराजमान होने बाद रामनवमी पर सूर्य तिलक का स्पर्श कराकर धूमधाम से श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रभु श्रीराम की कर्मभूमि में भी तिलक लगाया गया। जिसे देखने के लिए भारी भीड़ रही।

श्रृंग्वेरपुरधाम में श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ रामलला के जन्म से पूर्व जय जय श्रीराम के संकीर्तन और अखंड दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। भगवान राम के प्राकट्य पर महिलाओ ने सोहर गाकर भगवान श्रीराम के आगमन की खुशी जताई। ढ़ोल और हारमोनियम की धुन पर संगीतमय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ बाल राम का स्वरुप धारण किए श्रीश बाहुबली का तिलक भी किया गया। ग्रामीणों ने बाल राम श्रीश का पूजन करके झांकियों के दर्शन किए।

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर श्रृंग्वेरपुरधाम पीठाधीश्वर महंत श्रीराम प्रसाद दास शास्त्री महाराज ने श्रीराम के जन्म की कथा सुनाई। बताया कि ऋषि श्रृंगी के तप से अयोध्या को चार पुत्रों की प्राप्ति हुई। जिसने संपूर्ण विश्व को प्रकाशित किया। ऋषि श्रृंगी ने अयोध्या मे पुत्रीष्ठि यज्ञ सम्पन्न कराया। जिसके पश्चात अग्नि देव हवि के साथ प्रकट हुए। जिसमें ऋषि वशिष्ठ के कहने पर हवि काआधा भाग कौशल्या,एक चौथाई कैकेयी और आठवां भाग सुमित्रा को दिया।

कौशल्या से भगवान राम का प्राकट्य हुआ। ज्योतिष के अनुसार भगवान राम के जन्म के समय उनके पांच गृह उच्च के थे। जिसने राम को चक्रवर्ती सम्राट बनाया।

इसके साथ कहा कि भगवान राम ने समस्त विश्व को मर्यादित जीवन जीने की शैली सिखाई है। वर्तमान मे श्रृंग्वेरपुरधाम समरसता की वह भूमि है जो विश्व को अध्यात्म और प्रेम भाव का पाठ पढ़ा रही है। श्रृंग्वेरपुर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया। अरुण द्विवेदी ने बताया कि श्रृंग्वेरपुर धाम ने आज विश्व को श्रीराम के रूप मे प्रकाशित किया है। जो जन्म जन्म जन्मांतर तक श्रृंग्वेरपुरधाम की महिमा का बखान करती रहेगी।

## शौच गई किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, गांव में घंटों चली पंचायत, नहीं बनी बात

**जन एक्सप्रेस/कौशांबी।** किशोरी मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे गांव के बाहर नहर की तरफ शौच के लिए गई थी। आरोप है कि वहां पर पहले से घात लगाए बैठा गांव के एक युवक ने किशोरी को पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी ने किशोरी का मुंह दबाकर जबरन उसके साथ दुराचार किया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की दोपहर शौच गई एक किशोरी के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया। घर पहुंची किशोरी ने लोकलाज़ के कारण यह बात घर में नही बताया। बुधवार की सुबह पीड़िता ने यह बात परिजनों को बताई। मामला एक ही समुदाय का होने के नाते पहले तो गांव में ही पंचायत की गई। बात न बनने पर पुलिस को सूचना दी गई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। इलाके के एक गांव की किशोरी मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे गांव के बाहर नहर की तरफ शौच के लिए गई थी। आरोप है कि वहां पर पहले से घात लगाए बैठा गांव के एक युवक ने किशोरी को पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी ने किशोरी का मुंह दबाकर जबरन उसके साथ दुराचार किया। लोकलाजवश किशोरी ने यह बात किसी से नहीं बताई।

# नशेड़ियों के आतंक से महिलाएं व युवती परेशान

जन एक्सप्रेस । कालपी



नगर के मोहल्ला कागजीपुरा में स्थित मंदिर के पास आए दिन लग रहे नशेड़ियों के जमावड़े से राह चलती महिलाओं व युवतियों का जीना दूभर हो गया। हर रोज की छींटाकशी से तंग आई महिलाओं व युवतियों ने पुलिस से इन नशेड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही।

कालपी नगर की मोहल्ला कागजीपुरा में मंदिर के पास हर रोज दर्जनों नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। बताया गया है कि एकत्रित होने के बाद नशेड़ी वहीं बैठकर जाम पर जाम लडाते हैं, बल्कि वहीं अपनी अपनी गाडियां खड़ी कर जमकर बवाल करते हैं। इतना ही नहीं हर आने जाने वाली महिलाओं युवतियों व बच्चियों के साथ छींटाकशी करते हैं। बताया गया कि कई बार शराब के नशे में धुत्त होकर शराबी आपस में ही एक दूसरे के साथ मारपीट किया करते हैं। आए दिन हो रहे शराबियों के आतंक से मोहल्ले के लोग आजिज आ गए और उनमें भारी आक्रोश पनप रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते अगर इन लोगों पर लगाम नहीं लगाई गई तो किसी दिन बड़ी घटना घटित हो सकती है।

# विद्युत लाईन से निकली चिंगारी ने आधा दर्जन से अधिक किसानों की फसल तबाह

जन एक्सप्रेस । कालपी



आटा थाना क्षेत्र में साई मंदिर के सामने सरकारी ट्यूबवेल में गई बिजली के ढ़ीली तारों से निकली चिंगारी ने कहर ढा दिया। जिससे आग लगने से आधा दर्जन से अधिक किसानों की फसल जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई। आटा साई मंदिर के सामने सरकारी ट्यूबवेल में गई बिजली के ढ़ीली तारों में तेज हवा चलने के कारण तार आपस में टकराने से चिंगारी गेंहू की पकी खड़ी फसल में गिर गयी। मामूली सी चिंगारी ने कहर ढा दिया और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसकी चपेट में आने से ग्राम सैदपुर निवासीगण सिया नंदन दुबे की चार बीघा की गेंहू की फसल, गुलाब यादव की पांच बीघा की गेंहू की फसल और महेवा निवासी साहब सिंह की 1 बीघा की गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। इसके बाद ग्राम सैदपुर निवासीगण अनिल कुमार की सात बीघा के गेहूं के अवशेष, राम जी विश्कर्मा के पांच बीघा के गेहूं के अवशेष ने भी आग पकड़ ली। इस दौरान करीब के खेतो में काम कर रहे किसानों ने आसमान में धुंआ उठता देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। मौजूद किसानों ने एकत्रित होकर पुलिस व दमकल कर्मियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल की दो गाड़ी मौके पर पहुंच गई, और दमकल कर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक किसानों की फसल और गेहूं के अवशेष जलकर राख हो गए।

# खेत में लगी आग सात बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर हुई तबाह

जन एक्सप्रेस । उरई

चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुसमरिया मे बुधवार की दोपहर 7 बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक खेत में खड़ी फसल जलकर तबाह हो गई।

चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुसमरिया निवासी भगवानदास बाबा महाराज ने खेत में गेहूं की फसल बोई हुई थी। जो पूरी तरह पक चुकी थी और एक-दो दिन में ही उसकी कटाई व कतराई होनी थी। लेकिन बुधवार की दोपहर को किन्हीं कारणों के चलते खेत में खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा खेत आग की लपटों से घिर गया और गेहूं की फसल धू-धूकर जलने लगी। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। मौजूद ग्रामीणों ने सूचना पुलिस व दमकल कर्मियों को दी। घटना की खबर मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सात बीघा की फसल जलकर राख हो गई। फिलहाल दमकल कर्मियों की सूझबूझ व सक्रियता के चलते आग की लपटे दूसरे खेतों तक नहीं पहुंच सकी और बाकी किसानों का नुकसान होने से बच गया। वहीं आग लगने की वजह का सही पता नहीं चल सका और पीड़ित किसान नजदीक से गुजरी बिजली लाइन से निकली चिंगारी को घटना की वजह बता रहे हैं।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 38.4 (+1.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.4 (+2.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 56 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 28 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# श्रद्धालुओं से भरा पिकप पलटा, तीन की मौत, दर्जनों घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बुधवार को रामनवमी के दिन माता बारा देवी के दर्शन को जा रहा श्रद्धालुओं से भरा एक पिकअप ट्रक थाना चकेरी क्षेत्र स्थित सनिगवां मोड़ के पास अचानक से अनियंत्रित होकर पलट किया जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

बुधवार को रामनवमी के दिन जनपद फतेहपुर के थाना हांथगांव क्षेत्र के ग्राम मानापुर के लगभग से 25 महिला पुरुष व बच्चे पिकप लोडर में सवार होकर दोपहर कानपुर नगर के बारा देवी मंदिर के दर्शन करने के लिए निकले थे। लगभग दोपहर 2 बजे वाहन के चालक द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाया जा रहा था, जिस कारण थाना चकेरी क्षेत्र स्थित सनीगवां मोड़ पर पिकप पलट गया।

जिस कारण उसमें जितनी भी सवारियां थी सभी घायल हो गई। जैसे ही पुलिस को सूचना मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल काशीराम भर्ती कराया है।









### जिनकी मौत हुई है उनके नाम

1. श्रीमती कमलेश उर्फ गंगादेवी पत्नी जगलाल निवासी- गूरी बुलारी उम्र लगभग 45 वर्ष
2. भोला प्रसाद पुत्र ईश्वरी प्रसाद उम्र करीब 60 वर्ष निवासी
3. दादी पत्नी राजाराम निवासी ग्राम मानापुर थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 50 वर्ष

लेकिन इनमें से तीन लोगों की अस्पताल लाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। कुछ घायलों का इलाज काशीराम अस्पताल में चल रहा है। जो गंभीर रूप से घायल है
उन्हें हैलट अस्पताल भेजा गया है।

### जिन घायलों का इलाज चल रहा है उनके नाम

1. कु0 नन्दनी पुत्री बब्लू उम्र 05 वर्ष निवासी खरगी का पुरवा थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर
2. श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी अखिलेख कुमार निवासी- मानापुर थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर उम्र 45 वर्ष
3. श्रीमती कुशमा देवी पत्नी बृजपाल उम्र 50 वर्ष निवासी- मानापुर थाना हाथगाँव जनपद फतेहपुर
4. मकदूम पुत्र रहमान उम्र 50 वर्ष नि0- ग्राम सोहराई थाना हथगाँव फतेहपुर
5. श्रीमती मैगी देवी पत्नी दिनेश कुमार उम्र 40 वर्ष नि0- ग्राम मानापुर थाना हाथगाँव जनपद फतेहपुर
6. श्रीमती शिव प्यारी पत्नी चन्द्रपाल नि0- ग्रामा मानापुर उम्र 60 वर्ष थाना हथगाँव फतेहपुर
7. श्रीमती शोभा देवी पत्नी रामकिशोर उम्र 55 वर्ष नि0- मानापुर थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर
8. श्रीमती कमला पत्नी हरीपाल नि0- मानापुर थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर
9. श्रीमती पत्नी शियाराम नि0- मानापुर थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर उम्र 45 वर्ष
10. श्रीमती माया देवी पत्नी नि0- मानापुर थाना हथाँव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 60 वर्ष
11. श्रीमती देवरती पत्नी पच्चू राम नि0- मानापुर थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 48 वर्ष
12. श्रीमती सुरती देवी पत्नी मंगली प्रसाद नि0- मानापुर थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 50 वर्ष
13. श्रीमती सुमिश्रा पत्नी राम स्नेही नि0- मानापुर थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 50 वर्ष को घायल अवस्था में काशीराम अस्पताल एवं ट्रामा सेन्टर रामादेवी कानपुर नगर उपचार हेतु लाया गया था स्थिति गम्भीर होने के कारण सभी घायलों को लाला लाजपत राय अस्पताल (हैलट) कानपुर नगर रिफर किया गया है तथा गुडिया पुत्री लालू पासवान उम्र 17 वर्ष नि0- मानापुर थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर 2. श्रीमती कलावती पत्नी नन्हा नि0- उपरोक्त उम्र 45 वर्ष 3. प्रतिभा पुत्री शियाराम नि0- उपरोक्त उम्र 18 वर्ष 4. भिख्खू पुत्र रहमान नि0- चमरावान थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर उम्र करीब 32 वर्ष का इलाज काशीराम अस्पताल एवं ट्रामा सेन्टर रामादेवी में इलाज चल रहा है।





# प्रभु श्री राम की भव्य शोभा यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

कानपुर नगर। राम नवमी के शुभ अवसर पर कोतवाली चौराहा रामगोला से श्री राम नवमी महोत्सव समिति शिवाला कानपुर के तत्वाधान में बुधवार को भगवान प्रभु श्रीराम जी के जन्मोत्सव के अति पावन अवसर पर 39वीं भव्य श्री राम नवमी शोभा रथयात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान भए प्रकट कृपाला दीन दयाला...गीतों का उद्घघोष हुआ।

यात्रा के संयोजक विनोद गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी का भव्य मंदिर बनने के पश्चात यह प्रथम राम नवमी की रथयात्रा है इसलिए संस्था के पदाधिकारियों से लेकर आम जनमानस में इस रथयात्रा को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है लगभग लाखों की संख्या में लोगों ने अपने अपने घरों से प्रतिष्ठानों से निकलकर यात्रा का भव्य स्वागत किया, संपूर्ण यात्रा मार्ग में चारों तरफ सिर्फ राम नाम के जयघोष सुनाई दिए ऐसा लगा मानो हम कानपुर में न होकर श्रीधाम अयोध्या में यात्रा निकाल रहे हैं, आम जन मानस की अपने प्रभु श्रीराम जी के प्रति अपार आस्था सड़कों पर संख्या के रूप में दिखाई पड़ रही थी अपने अपने सामर्थ अनुसार यात्रा मार्ग में फूलो से, खाने पीने की वस्तुओं से भगवान का भव्य स्वागत किया गया।





यात्रा का प्रारंभ राम गोला चौक मेस्टन रोड से हुआ। ऐतिहासिक शोभायात्रा के मुख्य रथ पर अष्ट धातु की राम दरबार की प्रतिमाओं पर पुष्प वर्षा कर जगह-जगह आरती उतारी गई। शोभायात्रा मेस्टन रोड से बड़ा चौराहा, शिवाला, संगम लाल मंदिर, कमला टावर, नयागंज, हूलागंज, मनीराम बगियां चौक सर्राफ होते हुए पुनः रामगोला पहुंचा।

यात्रा के संरक्षक गोपी कृष्ण ओमर ने बताया की यात्रा में भागवताचार्य पूज्य महाराज श्री अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी, विधायक सलिल विश्नोई, विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व प्रदेश मंत्री सुरेश अवस्थी, पार्षद अभिषेक गुप्ता मोनू, पार्षद रजत बाजपेई, पार्षद आदर्श गुप्ता, पार्षद अमित गुप्ता, पूर्व पार्षद अमित मेहरोत्रा, पूर्व पार्षद अनुज गुप्ता, व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, लोकसभा संयोजक मणिकांत जैन, शेष नारायण त्रिवेदी, रोशन लाल अरोड़ा, संजय त्रिवेदी, पवन दुबे, ईश्वर वर्मा, प्रदीप गुप्ता, पवन गुप्ता, आकाश ओमर, सीपी ओमर, विनीत सिन्हा, विशाल दुबे, शीबू गुप्ता, विक्रम पंडित समेत तमाम व्यापारी, सामाजिक, राजनीतिक दलों से जुड़े लोगो ने प्रभु श्रीराम जी का आशीर्वाद लिया कार्यक्रम में पधारे भक्तों का स्वागत यात्रा संयोजक विनोद गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे, भूपेंद्र गर्ग द्वारा किया गया।

# पत्नी का गला रेत कर पति हुआ फरार, जॉच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना पनकी के कटरा क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाले एक युवक ने धारदार हथियार से गला रेत कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद युवक मकान में ताला लगाकर फरार हो गया। वही मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि मूल रूप से पूरीअमिलिया, थाना ऊंचाहार, रायबरेली निवासी शिवा ने 13 फरवरी को आर्य समाज में गुंजन (25) से प्रेम विवाह किया था। जिसके बाद से दोनो पनकी में कटरा में कामता राजपूत के घर में किराए पर रह रहा था।मृतका गुंजन की मां मंजू ने दामाद शिव पर आरोप लगाते हुए बताया शिवा शराब व भांग का आदी था। जिसके चलते रोज दोनों के बीच विवाद होता रहता था। उनकी बेटी गुंजन ने इस बात की जानकारी फोन पर दी थी। जिसके बाद शिवा को हम लोगों ने शराब पीने से रोका भी था। फिर वह नशे की हालत में बेटी के साथ मारपीट करता था। बुधवार को पड़ोस में रहने वाली महिला ने फोन पर सूचना दी की 17 तारीख के शाम से गुंजन कमरे के बाहर नही निकली है और बाहर से ताला पड़ा हुआ है। जिसके बाद मैने अपनी बड़ी बेटी ज्योति को बताया और उसके साथ गुंजन के कमरे पर पहुंची। जहां कमरे के अंदर गुंजन मृत पड़ी हुई थी। मंजू ने अपने दामाद शिवा पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। वही पुलिस ने मृतका की मां मंजू की तारीख के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिवा की तलाश शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त तेज बहादुर सिंह ने बताया कि एक घर में महिला का शव बरामद हुआ है। पति मौके से फरार है।



महिला की मां ने महिला के पति पर हत्या का आरोप लगाया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी पति की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण समिति का वार्षिक समारोह संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण समिति का भव्य वार्षिक समारोह एवं आम सभा का आयोजन समाज सदन, अर्मापुर स्टेट, कानपुर में अध्यक्ष सुरेश कुमार सचान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि उपमहानिदेशक (फील्ड यूनिट) अनूप कुमार शुक्ला, विशिष्ठ अतिथियों में कार्यकारी निदेशक (एफजीके) आलोक कुमार, आयकर अधिकारी एवं वरिष्ठ केंद्रीय नेता शरद प्रकाश अग्रवाल द्वारा संरक्षकों एवं पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि शुक्ला जी को पेंशनर्स के प्रति सहयोग हेतु उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शाल पहनाकर सम्मानित भी किया गया।



मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि एवं अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण में अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। समस्याओं के सम्बंध में 14 सूत्रीय का संकल्प प्रस्ताव उपाध्यक्ष छविलाल यादव ने तथा आय व्यय का विवरण कोषाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने प्रस्तुत किया। जिसका अनुमोदन संरक्षक गणों विनोद तिवारी, गोपाल कृष्ण शर्मा सहित सर्वसम्मति से किया गया।

प्रमुख मांगे के प्रस्ताव में सीजीएचएस की सुविधाओं में सुधार के साथ सम्बद्ध हॉस्पिटल में वरिष्ठ लोगों के इलाज को प्राथमिकता देने, स्पर्श पॉर्टल की व्यवहारिक कठिनाइयों को दूर करने, पेंशन के अतिरिक्त पारिवारिक पेंशन देने, नई पेंशन के स्थान पर सभी को पुरानी पेंशन देने, पेंशन कम्युटेशन अवधि को 15 वर्ष से घटाकर 12 वर्ष करने, वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में रियायत बहाल करने, समस्त पेंशन भोगियों को आयकर से मुक्त करने, कॅरोना काल मे फीज 18 माह के भत्तों को जारी करने आदि रही।

इस अवसर पर ग्यारह सदस्यीय कार्यकारणी का गठन के अलावा सीजीएचएस से सम्बद्ध अस्पतालों द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प भी लगाया गया। उपरोक्त गणमान्यों के अतिरिक्त उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, सह मंत्री दयाशंकर शर्मा, संगठन मंत्री ए0के0 वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में पेंशनर्स ने भागीदारी की। कार्यक्रम का सफल संचालन नंद किशोर सिंह ने किया।

# रामलाला मंदिर से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चैत्र रावरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी के उपलक्ष्य पर रावतपुर गांव स्थित रामलाला मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।जिसमे लाखो श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

सर्वप्रथम रामलाल मंदिर में प्रभू रामलला की विशेष पूजा अर्चना के बाद नगर भ्रमण के लिए शोभा यात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा में सुंदर सुंदर झाकिया सजाई गई। रथ, घोड़े, हाथी, ऊट पर सवार प्रतीकात्मक राम जी सेना हाथो में सनातनी भगवा झंडा लेकर भगवान राम के जयकारे लगाते हुए भक्त प्रभू राम दरबार की झाकियां नगर दर्शन के लिए भ्रमण की गई। भजन और मन मोह लेने वाले गाने ने लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। पिछली बार की अपेक्षा शोभा यात्रा में प्रशासन के आदेशों का पालन करते हुए ध्वनि प्रदूषण की रोक थाम के लिए लाउड स्पीकर और धवनी यंत्रों को आधा कर दिया है जिससे धवनी प्रदूषण कम हो जाने से भक्त भजन का आनंद उठाते हुए दिखाई दिया।रामलाल की शोभा यात्रा में लाखो भक्तो ने भाग लिया।वही सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखा।

# प्रेमी संग पति को ठिकाने लगाने वाली पत्नी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

प्रेमी संग मिलकर खुद के पति की हत्या कर फरार हुई महिला को उसके प्रेमी संग नौबस्ता पुलिस ने दबोच लिया है। इस मामले में बुधवार को एडीसीपी अंकित शर्मा ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले से पर्दा उठाया है।

प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया गया कि एक महिला के द्वारा उसके बेटे की हत्या के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। हत्यारी महिला नेहा शर्मा व उसके प्रेमी आयुष शर्मा ने बताया कि वह लोग प्रतीक शर्मा के साथ न्यू कॉलोनी कुम्हार टोला लालबाग फैजाबाद नेहा शर्मा के मायके गए हुए थे वहां से प्रतीक शर्मा वापस लौटा। आयुष शर्मा लखनऊ में प्रतीक शर्मा के साथ मिल गया और वहीं से 8 मार्च तक साथ साथ रहे फिर 9मार्च को फैजाबाद जाकर नेहा शर्मा व दोनों बच्चों के साथ वापस लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने आशीर्वाद होटल में ठहरे और 10 मार्च को प्रतीक शर्मा को शराब में नशीला पदार्थ खिलाकर पिला दिया जिसकी उसकी होटल के रूम न0 205 में मृत्यु हो गई उसके बाद आयुष शर्मा व नेहा शर्मा ने डायल 108 कर एम्बुलेंस बुलाया जिसे एंबुलेंस द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सा (सिटी हॉस्पिटल) लखनऊ ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा Brought Dead बताया गया और मोर्चरी भिजवा दिया गया। 11 मार्च को हजरतगंज थाना द्वारा पंचायत नामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराया गया तथा आयुष शर्मा व नेहा शर्मा द्वारा प्रतीक शर्मा के शव को बाद पोस्टमार्टम 12 मार्च को गुलाला घाट विद्युत शवदाह ग्रह ले जाकर चोरी छुपे अंतिम संस्कार कर दिया गया उसके पश्चात नेहा शर्मा अपने दोनों बच्चों के साथ वापस कानपुर अपने घर आ गई और प्रतीक शर्मा के पिता पुनीत शर्मा द्वारा पूछे जाने पर बताया कि गाड़ी खराब हो गई है प्रतीक शर्मा दो-तीन दिन बाद गाड़ी ठीक करवा कर आएंगे फिर 16 मार्च 24 को अपने प्रेमी आयुष शर्मा पुत्र विनोद कुमार शर्मा निवासी 3-5 आवास विकास पानी टंकी के पास थाना नौबस्ता कानपुर नगर के साथ दोनों बच्चों को लेकर राजस्थान चली गई जहां खाटू मोड़ भैरव बाबा के मंदिर के पास जिला सीकर राजस्थान में रह रही थी। लेकिन उसका शातिराना अंदाज़ कानपुर पुलिस के सामने नहीं चला आखिरकार अपने प्रेमी के साथ वह पकड़ी गई।



# एक चिंगारी ने पचास बीघा किसानों की गेंहू की फसल को किया राख

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। साढ़। थाना क्षेत्र के विरहर चौकी के अंतर्गत उदईपुर गाँव किनारे खेतों में खड़ी पकी फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें एक दर्जन किसानों की लगभग पचास बीघा फसल जल कर राख हो गई। मामला बुधवार सुबह लगभग 11 बजे का है जब उदई पुर गाँव किनारे खेतों पर खड़ी किसानों की फसल में अज्ञात कारणों में आग लग गई जिसमें एक दर्जन किसानों की तकरीबन पचास बीघा फसल जल राख हो गई ।जानकारी के अनुसार किसानों के खेतों में खड़ी फसल व पड़े गेंहू के गट्टे में आग की चिंगारी में आने से राख हो गए। सभी किसान एक जुट होकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे और कुछ किसान आग की चपेट से गट्टे को बचाने में लग गए। हाव तेज चलने के कारण आग विकराल रूप लेती जा रही थी जैसे आग की लपटें बड़ी वैसे किसानों की फसल राख में तब्दील हो रही थी हालांकि इस दौरान कुछ लोगो के द्वारा दमकल विभाग को कई बार सूचना दी गई लेकिन मौके पर दो घंटे बाद दमकल की गाड़ी पहुची तब तक ग्रामीणों ने काफी हद तक आग पर काबू पा लिया था। लेकिन दमकल की गाड़ी देखकर किसान आक्रोशित हो उठे और दमकल विभाग के खिलाफ आक्रोश दिखाने लगे। लेकिन जैसे तैसे उच्चाधिकारियों ने मामले को शांत कराया। मामले पर जब उपजिलाधिकारी ऋषभ वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सम्बंधित लेखपाल को जाँच सौपी गई है किसानों को उनका हक मिलेगा।



# प्रेस वार्ता कर दिव्यांग उत्पीड़न की बताई दास्तान

**✻ पुलिस पर भी लगाया दिव्यांग का उत्पीड़न करवाने का आरोप**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने पत्रकार वार्ता में दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला से बताया कि किदवई नगर थाना अन्तर्गत राजेश कुमार शुक्ला का शैलेन्द्र मिश्रा से बिल्डर एग्रीमेन्ट हुआ था। जिसमें तय हुआ था कि भूतल में कोई भी मकान तब तक नहीं बनेगा जब तक के.डी.ए.से नक्शा नहीं पास हो जायेगा। बिल्डर शैलेन्द्र मिश्रा ने यह कहकर कि भूतल का के.डी.ए. से नक्शा पास हो गया है अवैध रूप से भूतल में 2 बी.एच.के. का फ्लैट बना लिया है और झूठ बोलकर सरदार गुरदीप सिंह को विक्रय कर दिया है। जब दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला ने बिल्डर शैलेन्द्र मिश्रा से के.डी.ए.से पास नक्शे की छायाप्रति मांगी तो उन्होंने कहा कि नक्शा पास नहीं हुआ है। उसके बाद दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला ने बयाने के रूप में प्राप्त 7,50,000/- रूपया गुरदीप सिंह को चेक व नकद वापस कर दिया। के.डी.ए.से नक्शा पास न होने के कारण भूतल का मकान बेचना अवैध होता है, के.डी.ए.कभी भी उस फ्लैट को गिरा सकता है। आरोप लगाया कि रूपया वापस करने के बाद भी गुरदीप सिंह दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला से दुबारा रूपया वसूली के लिए भाजपा नेता जसविंदर सिंह के माध्यम से पुलिस पर दबाव बनवाकर उत्पीड़न कर रहे हैं।




पुलिस के माध्यम से दबाव बनवाकर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए।

# अमेठी की जाह्नवी द्विवेदी का आईएएस में हुआ चयन

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



जाह्नवी द्विवेदी का आईएएस में चयन होने से पूरे जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिले के संग्रामपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत बनवीरपुर निवासी जान्हवी द्विवेदी के आईएएस में चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मंगलवार को घोषित संघ लोक सेवा आयोग 2023 के परीक्षा परिणाम में आईएएस में चयनित जाह्नवी द्विवेदी का चयन वर्ष 2018 में यूपीपीसीएस में असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी पद पर हुआ था। वर्तमान में वे सहायक आयुक्त खण्ड तीन वाराणसी में तैनात हैं। इस बार घोषित संघ लोक सेवा आयोग की मेरिट में अमेठी की बेटी ने 324 वीं रैंक हासिल की है। आईएएस में चयनित जाह्नवी के पिता उमाशंकर दुबे एडीश्नल कमिश्नर एसआईबी से बीते वर्ष सेवा निवृत्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि आईएएस में चयन होने वाली जाह्नवी ने एनआईटी कुरूक्षेत्र से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में बीटेक करने के बाद सिविल सेवा की तैयारी आरंभ कर दी थी।आरंभ से ही मेधावी रही जाह्नवी ने 2018 में ही यूपीपीसीएस की परीक्षा पास कर असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी बनीं। इसके बाद भी उनका प्रयास जारी रहा। और अंततः आज उन्होने देश की सबसे प्रभावशाली और प्रतिष्ठित प्रशासनिक सेवा में सफलता प्राप्त कर ली है।

आईएएस में चयनित जाह्नवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता उमाशंकर दुबे और मां सुधा दुबे को देते हुए कहा कि देश को अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करूंगी। जिले की इस मेधावी बिटिया की सफलता पर क्षेत्र में खुशी की लहर है।

## आग लगने से गेहूं की फसल जलकर हुई राख

**जन एक्सप्रेस/जलालपुर अम्बेडकरनगर।** अज्ञात कारणों से लगी आग से गेहूं की फसल जल कर राख हो गई सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया घटना मालीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रुदौली माफी की है गांव निवासी उमेश पांडे पुत्र नागेश्वर प्रसाद पांडे के गेहूं के खेत में दिन में 12- बजे पछुआ हवाओं के थपेरों के बीच अज्ञात कारणो से अचानक आग लग गई जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते आग उग्र रुप धारण कर लिया हल्ला गुहार पर जुटे ग्रामीणों ने किसी तरह आग को बुझाया तब तक लगभग एक बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी था पीड़ित उमेश पांडे ने बताया कि थाने तथा फायर ब्रिगेड विभाग में फोन से सूचना दी गई थी परंतु कोई नहीं पहुंचा मौके पर राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल पहुंचकर नुकसान के बाबत जांच पड़ताल किया और आर्थिक सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

# अमेठी के रामजानकी मन्दिरों में स्मृति ईरानी ने की पूजा अर्चना

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



अमेठी दौरे पर पहुंची केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति ईरानी ने रामनवमी के पर्व पर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की।साथ ही जनपदवासियों को रामनवमी पर शुभकामनाएं दीं। स्मृति ईरानी ने कहा कि सभी के लिए गर्व का दिन है,कि पांच सौ साल बाद ऐसा दिन आया है।जब रामलला अपने भव्य मंदिर में स्थापित हुए हैं। और खुद सूर्य देव की किरणों ने रामलला के ललाट पर तिलक किया है।नवरात्रि के अंतिम दिन बुधवार रामनवमी को स्मृति ईरानी जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित प्रसिद्ध रामजानकी मंदिर पहुंचकर माथा टेका। जगह-जगह बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।रामजानकी मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना किया।साथ ही भगवान राम का आह्वान किया।

और कहा कि दुनिया ने देखा कि सूर्यदेव ने रामलला का तिलक किया। स्मृति ईरानी शाम को लगभग चार बजकर दस मिनट पर सेमरौता के प्राचीन श्रीरामजानकी मंदिर पहुंचीं। उन्होंने मंदिर में पूजन अर्चन किया। साथ ही भगवान राम तथा माता सीता की आरती उतारी।

तथा राम भक्तों को प्रसाद बांटा एवं भजन संध्या कार्यक्रम में शंख बजा कर मंच साझा किया।

# विहिप ने राम नवमी बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



विश्व हिन्दू परिषद व मातृशक्ति टाण्डा समिति द्वारा देश भर में चलने के क्रम में विंध्य माधव मन्दिर निकट हनुमानगढ़ी परिसर में रामोउत्सव का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया जिसका संचालन प्रान्त सत्संग प्रमुख श्याम बाबू मुख्य वक्ता के रूप क्षेत्र संगठन मंत्री विहिप गजेन्द्र जी ने किया।

घर-घर निकली माताओं बहनों व भाइयों ने अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई और रामजी के बारे गजेन्द्र जी उद्बोधन को सुना उन्होंने कहा राम हमारे जीवन के प्रत्येक पहलुओं के अंग है उनके जीवन झव जुड़े कोई भी एक चरित्र जीवन मे धारण कर ले तो हमारा जीवन सार्थक हो जाएगा। श्रीराम हमारे जन्म के समय से लेकर मृत्यु तक कदम कदम पर खड़े नजर आते है हम उनके सद्गुणों के कितने करीब अपने को पाते हैं इसका आंकलन हमे करने की आवश्यकता है। श्रीराम ने जीवन भर समाज को संगठित करने में ही लगे रहे और इसी के बल पर उन्हें हर कदम पर सफलता भी मिलती गई जिसे कारण वो आज भी याद किये जाते है।

श्याम बाबू के भजनो पर लोगो ताली बजाकर खूब झूमने का काम किया। इस अवसर पर जयप्रकाश यादव, माखन जायसवाल, आदित्य मौर्या, सुधीर अग्रहरी, दीपक कन्नौजिया, राकेश गौड़, सुयश कसौधन बड़े ही मेहनत के साथ सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप पांडे जिला अध्यक्ष, विकास मौर्य जिला मंत्री, जिला संयोजिका शोभना गुप्ता, जिला सह मंत्री संजय पांडे, जिला सत्संग प्रमुख कृष्णनं दास, जिला धर्मा चार्य प्रमुख दीपक श्रीवासत्व, नगर संयोजक सुमित, अभिषेक गुप्ता, राजेश जायसवाल, गगन मौर्या पुष्पा देवी, उषा देवी, कुसुम देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष ने न्यू प्रिया ज्वैलर्स का फीता काटकर किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट जहां व्यापारियों के लिए 24 घंटे तत्पर रहते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करवाता है, जनपद में लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवाता है, सभी धर्मों को एक साथ लेकर चलता है। आज उसी का परिणाम है जो जनपद में व्यापारी ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट को अपने सुख दुख का साथी समझते हैं और हर शुभ कार्य में बुलाकर सम्मान भी करते हैं। इसी कड़ी में आज जनपद रायबरेली के कस्बा खीरों में न्यू प्रिया ज्वैलर्स के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष व पदाधिकारियों को आमंत्रण मिला। जिस पर चौहान गुट टीम ने व्यस्तता के बावजूद समय निकाल कर खीरों पहुंचे जहां पर सभी पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने न्यू प्रिया ज्वैलर्स का शुभारंभ फीता काटकर किया और उपस्थित लोगों का धन्यवाद भी किया।

# भू-माफिया ने चक मार्ग पर कब्जा कर बनाई दुकानें

## ✻ लेखपाल ने अधिकारियों को किया गुमराह, लगाई झूठी रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस | तिलोई, अमेठी**



तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर राजस्व प्रशासन संजीदा नहीं है।सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण कर मनमानी ढंग से सरकारी सुरक्षित जमीनों पर लोग कब्जा कर इमारत खड़ी कर रहे हैं।उच्च अधिकारियों से शिकायत करने पर क्षेत्रीय लेखपाल तथा राजस्व निरीक्षक मार्ग पर खड़ी की गई,अवैध निर्माण प्रकरण में लीपा पोती करते हुए झूठी रिपोर्ट लगाकर मामले में पल्ला झाड़ते नजर आए। बताते चलें कि पूरे फकीर मजरे सिंहपुर के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी तिलोई को एक शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया था, कि पड़ोसी गांव निवासी एक सरहंग व्यक्ति द्वारा चक मार्ग के नाम से दर्ज भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य करके व्यवसाय के लिए किराए पर दे दिया है। पूरे फकीर मजरे सिंह पुर गांव निवासी विश्वनाथ यादव ने उपजिलाधिकारी तिलोई को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि पूरे घीसन गांव निवासी रामकुमार पाल पुत्र तुलसी पाल द्वारा गाटा संख्या 1316 जो चक मार्ग के नाम से दर्ज है, उस पर अवैध रूप से कब्जा कर दुकानों का निर्माण कराया है। अपनी शिकायत में उसने ये भी बताया की उक्त भूमि सिंहपुर मेन हाइवे के मुख्य चौराहे पर स्थित है। जिसके चलते जमीन बेहद वेश कीमती है। इसलिए चक मार्ग की सुरक्षित भूमि पर सरहंग द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर दुकानों का निर्माण कराया गया है। चक मार्ग पर निर्माण के चलते सुरक्षित पड़ी भूमि पर आने जाने का रास्ता बंद हो गया है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सूत्रों की मानें तो क्षेत्रीय लेखपाल ने एसडीएम तिलोई, जिलाधिकारी अमेठी निशा अनंत को उक्त मामले में झूठी रिपोर्ट आख्या सौंपी गई है। जिसमें जिले के आईएएस अधिकारी को भी गुमराह किया गया है।

सही तथ्यों को छिपाने का काम किया गया है। शिकायतकर्ता विश्वनाथ का आरोप है उक्त मामले में हल्का लेखपाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनसुनवाई पोर्टल पर यह आख्या लगाई गई है, कि मौके पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया। जबकि लेखपाल की झूठी आख्या की परतें मौके पर बनीं दुकानों की तस्वीर खोल रही हैं। इस मामले में शिकायत कर्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, तथा राजस्व परिषद के प्रमुख सचिव से शिकायत पुनः की गई है। देखना यह है कि आखिर लेखपाल की झूठी मनगढ़ंत कहानी पर कार्रवाई होगी या फिर मामले में लीपापोती होती रहेगी।

# जनपद में धूमधाम से मनाई गयी सम्राट अशोक की जयंती

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**




जनपद में विभिन्न स्थानों पर मौर्य वंश के संस्थापक सम्राट अशोक मौर्य की 2328 सी जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया मुख्य कार्यक्रम का आयोजन मौर्य स्टेट मैरिज हॉल में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामसहाय मौर्य ने बताया कि सम्राट अशोक मौर्य पूरे भारत के उन महान राजाओं में थे जिन्होंने बौद्ध धर्म के लिए अपना राज पाठ छोड़कर मानवता का संदेश दिया और बौद्ध धर्म के लिए सब कुछ समर्पित कर दिया। उन्होंने सम्राट अशोक मौर्य महान की जयन्ती के शुभ अवसर पर कहा कि मौर्य साम्राज्य की गौरव गाथा लिखने का कार्य सम्राट अशोक मौर्य की देन है। सम्राट अशोक मौर्य की जयंती का शुभारंभ सम्राट अशोक की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया तत्पश्चात महामानव गौतम बुद्ध जी के चित्र पर पुष्प अर्पित गया और दीप प्रज्वलित कर किया गया साथ ही सम्राट अशोक मौर्य और बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी को भी पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। डॉ आर एस मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि यह पूरा माह हमारे महापुरूषों के जन्मदिन का महिना है। वहीं रमेश मौर्य ने कहा कि हमारे महा पुरुषों ने शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दिया और समाज को जागरूक किया। इस प्रकार से जयंती मनाने के प्रयास से हमारे समाज के महापुरुषों के बारे में जानने का मौका मिलता है और समाज में एक नया संदेश जायेगा। वहीं रजनीश मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से सम्राट अशोक मौर्य ने बौद्ध धर्म का प्रचार करने के लिए अपने पुत्र और पुत्री को बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए श्रीलंका भेजा था। और जिस प्रकार बौद्ध धर्म किसी भेद भाव, जात-पात नही मानता हमारे सम्राट अशोक मौर्य महान ने बुद्ध जी के विचारों को जन जन तक पहुँचाया। इस अवसर पर हरि गोपाल मौर्य हरिराम मौर्य वैभव मौर्य, धर्मेन्द्र मौर्य सहित कई लोग

ने सम्राट अशोक मौर्य महान के बारे में अपने अपने विचार व्यक्त किये इस अवसर पर राहुल मौर्य संतराम मौर्य दयानंद मौर्य चंदन मौर्य राम गोविन्द मौर्य दिनेश मौर्य अनंत कुशवाहा सहित दर्जनों लोग जयंती समारोह में मौजूद रहे। कार्य क्रम का संचालन दिनेश मौर्य ने किया और अंत में आये हुए सभी लोगो को धन्यवाद् किया।

## कांग्रेस की घोषणा न्याय व गारन्टी को जन-जन तक पहुंचाना है: इंदल रावत

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** कांग्रेस के घोषणा पत्र 5 न्याय 25 गारन्टी को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहें है आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त किए गये रायबरेली के कोआर्डिनेटर इंदल कुमार रावत ने मंगलवार को सदर विधानसभा के राही व अमावां में ब्लॉक के अध्यक्ष व ब्लॉक के प्रभारियों व न्याय पंचायत अध्यक्ष, प्रभारियों के साथ बैठक कर कांग्रेस के घोषणा पत्र 5 न्याय 25 गारन्टी की विस्तृत चर्चा की उन्होने कार्यकर्ताओं से अपील की कांग्रेस के राट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका गांधी जी की आवाज को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करें इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाकांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी विजयशंकर अग्निहोत्री, ब्लॉक अध्यक्ष कामता नाथ सिंह, मोहम्मद अशरफ, घनश्याम शुक्ला, आर के सिंह, आलोक विक्रम सिंह, नावसाद खतीब सहित ब्लॉक व न्याय पंचायत के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भर्ती मरीजों को धड़ल्ले से लिखी जा रही है बाहर की दवा

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



लाख प्रयास के बाद भी जिला चिकित्सालय में कमीशन के खेल पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। मरीजों को निःशुल्क दवा दिए जाने की व्यवस्था है लेकिन डाक्टर बाहर की कमीशन वाली दवा सरकारी पर्ची के साथ एक छोटी पर्ची पर लिख कर मालामाल हो रहे हैं। यहां दुर्घटना व गंभीर बीमारी से पीड़ित पहुंचने वाले मरीजों को तत्काल दवा उपलब्ध कराने के बजाय परिजनों को दवा लाने के लिए बाहर भेज दिया जाता है। ऐसी स्थिति उन्हें आर्थिक दंश झेलने के लिए विवश होना पड़ रहा है।सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज के साथ- साथ जांच व दवा उपलब्ध करने का दावा तो किया जाता है, लेकिन इसकी जमीनी हकीकत कुछ अलग ही है। यही नहीं कम दाम पर बेहतर दवा उपलब्ध कराने के लिए स्थापित जनऔषधि केंद्र भी कमीशन के आगे बेकार साबित हो रहा है। मरीज जब एक रुपये की पर्ची लेकर चिकित्सक के पास जाते हैं तो चिकित्सक उस पर कुछ जांच बाहर से कराने को कहते हैं और बाहर मेडिकल स्टोरों पर मिलने वाली कमीशन की दवाओं के लिए एक छोटी पर्ची जरूर लिखते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि शिकायत के बाद भी स्वास्थ्य महकमा कार्रवाई व सख्त कदम उठाने का आश्वासन लोगों देकर अपना पल्ला झाड़ लेता है। आपको बता दें कि मेडिकल वार्ड में भर्ती 20 नंबर बेड पर मरीज उर्मिला एनीमिया से पीड़ित है जिसे डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने देखा और उन्हें एक पर्ची बाहर से दवा लाने के लिए लिख दिया।

वहीं जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ अरुण प्रकाश श्रीवास्तव कहते हैं कि जब तक मरीज के द्वारा लिखित शिकायत नहीं मिलेगी तब तक हम कोई कार्यवाही नहीं कर सकते हैं।

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भाजपा ने लगाए सुविधा केन्द्र

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



राम जन्मोत्सव पर अयोध्या आने वालें भक्तों की सुविधाओं के लिए भाजपा द्वारा प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केन्द्र लगाया गया है। सुविधा केन्द्र पर रामभक्तों के लिए शीतल जल, सूक्ष्म जल पान सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। सुविधा केन्द्र के माध्यम से भक्तों की हर यथा सम्भव मदद की जा रही है। आने वाले भक्तों का रोली तिलक लगा कर स्वागत किया जा रहा है।

अयोध्या कैंट स्टेशन पर रीना द्विवेदी, उर्मिला सिंह, रूबी रावत, सोनाली गौड़, एकता भटनागर, पायल जायसवाल, उदया चौराहे पर अशोक द्विवेदी, तिलक राम मौर्य, रिकाबगंज बुद्धिपाल प्रजापति, अरुण सोनकर, रीडगंज में आशा गौड़, प्रतिमा शुक्ला, शशि रानी गुप्ता, दर्शन नगर में दिव्य प्रकाश तिवारी, अरविंद पांडे, वरुण चौधरी, चूड़ामणि चौराहा संजय गुप्ता, लक्ष्मण वर्मा, नाका मनोज जायसवाल, अभय सिंह, उसरू मनोज श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, निखिल श्रीवास्तव देवकाली अनीता सिंह, मनोज श्रीवास्तव, मंजू गुप्ता के नेतृत्व में सुविधा केन्द्र चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अयोध्या धाम व अयोध्या कैंट के सैकड़ों स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया।

इस दौरान अशोका द्विवेदी ने कहा कि रामलला के दर्शन को आने वाले सभी भक्त हमारे अतिथि हैं इनकी सुविधाओं का ध्यान सुविधा केन्द्र के माध्यम से रखा जा रहा है। आशा गौड़ ने कहा कि यहां आने वाला हर व्यक्ति सुखद अनुभव लेकर वापस लौटे यह हम सभी का प्रयास है। रीना द्विवेदी ने कहा कि सुविधा केन्द्र के माध्यम से हम सभी श्रद्धालुओं का बेहतर आतिथ्य भाव के साथ स्वागत कर रहें है। शकुन्तला गौतम ने कहा आने वाले सभी का रामनगरी में उत्साह के साथ स्वागत किया जा रहा है। आने वाले श्रद्धालु स्वागत से भाव विभोर हो राम भक्ति में लीन है। इस अवसर परसुविधा केन्द्रों पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नि:शुल्क शीतल जल की व्यवस्था मानवता का धर्म: राजा हर्षेन्द्र सिंह

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मानव सेवा के लिए विश्व विख्यात संस्था श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम के संयोजन में शहर के कोतवाली रोड स्थित मुकेश कम्प्यूटर्स के पास नि:शुल्क प्याऊ का संचालन महान औघड़ सन्त अवधूत भगवान एवं पूज्य गुरूपद सम्भव राम जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर समूह के उपाध्यक्ष राजा हर्षेन्द्र सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्मी से व्यथित व्यक्ति को नि:शुल्क शीतल जल, गुड़ की व्यवस्था के साथ आपूर्ति करने से व्यथित व्यक्ति की आत्मा को शांति मिलती है, यह मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। समूह के व्यवस्थापक बृजेश सिंह ने कहा कि पूज्य अघोरेश्वर की कृपा से इसी स्थान पर नि:शुल्क प्याऊ की स्थापना का यह ग्यारहवाँ वर्ष है। संयुक्त मन्त्री अभिषेक विक्रम सिंह ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा जाड़े के मौसम में ठंड से निजात दिलाने हेतु कम्बल व रजाई का वितरण भी किया जाता है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा मानव कल्याण की अनेक योजनायें संचालित की जाती है।

# श्रीराम नगरी में अवैध बालू खनन की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर

## अपने निजी फायदे के लिए खनन अधिकारी कर रहे हैं राजस्व चोरी

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

जनपद अयोध्या धाम में आकंठ रूप से खनन विभाग के द्वारा अवैध रूप से सरयू मां के सीने को पौकलैंड से छलनी करने के साथ करोडों रुपये की राजस्व चोरी की जा रही है जिसकी शिकायतकर्ता समाज सेवी आर एस वर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर जिलाधिकारी अयोध्या को दिए गए शिकायती पत्र के माध्यम से किया किया है दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि तहसील सोहावल जनपद अयोध्या अंतर्गत ग्राम निदुरा में छः माह का निजी भूमि परमिट स्वीकृत हुआ था। जिस पर अवैध खनन का भी निदेशालय लखनऊ की जांच टीम ने अवैध खनन लगाया था। अवैध खनन लगने के बाद भी अयोध्या जनपद के भ्रष्ट खनन अधिकारी ने बालू ठेकेदार से जो जुर्माना चालू ठेकेदार पर लगा था उसको खनन अधिकारी ने अभी तक जमा नहीं कराया। बल्कि बालू ठेकेदारों से मिलीभगत कर लाखों रू0 महीना सुविधा शुल्क लेकर पूरी रात पौकलैंड मशीन से अवैध खनन कराते रहते है।

खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह वर्मा खनन अधिकारी जब से जनपद में आये है तब से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ईमानदारी पर प्रश्नचिन्ह लगवा रहे है। क्योंकि खनन विभाग के मंत्री भी मुख्यमंत्री स्वयं है। पूरे जनपद में रूपये लेकर नियम विरूद्ध जिलाधिकारी से गलत तरीके से डम्प लाइसेन्स भी जारी करवाया है। पूरी रात पूरा बाजार से रुदौली तहसील के बीच 50 किलोमीटर मध्य रात में नदी के किनारे से सैकड़ो जगह चोरी से अवैध बालू निकलवाया जाता है।

श्री वर्मा के अनुसार अवैध बालू खनन करने वालों के सहयोगी के रूप 10 वर्षों से अयोध्या जनपद में जमा खनन चपरासी प्रदीप मौर्या है। चपरासी प्रदीप मौर्य ही चोरो से अवैध बालू निकालने वालो के सिंडिकेट का ठेका लेता है। जो अयोध्या खनन विभाग का चपरासी है।

सूत्रों से यह भी पता चला है कि निदुरा के ठेकेदार राकेश कांट्रक्शन के खनन क्षेत्र में बालू नहीं है और इनके लाइसेन्स पर लगभग 8 हजार घन मीटर रायल्टी भी अभी बची है। ये खनन अधिकारी से मिलकर अवैध तरीके से 17 अप्रैल सुबह से अवैध खनन कर रायल्टी काटने के चक्कर में है। जो अवैध है। शिकायतकर्ता ने मांग की है ऐसे भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ व भ्रष्ट ठेकेदारों के खिलाफ संयुक्त जांच कराकर ही रायल्टी काटने की परमीशन दी जाए। अन्यथा ये करोड़ो की बालू रात के अंधेरे में निकाल लेगे जो अवैध एवं राजस्व की बहुत ही बड़ी हानि होगी।

## हजरत हाफिज़ नौशाद अहमद साहब की मगफिरत के लिए कुरान ख्वानीं का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मंगलवार को मरकज़े अहले सुन्नत दारूल उलूम हबीबिया गुलशने रज़ा जगपालताल रायबरेली के उस्ताद हज़रत हाफिज़ नौशाद अहमद साहब गोण्डवी का इन्तक़ाल पुर मलाल हो गया। हज़रत की दुआए मग़फ़िरत के लिये बुधवार को मरकज़े अहले सुन्नत के इबादतख़ाने में महफिले कुरान ख़्वानी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हाफिज़ अनीस अहमद कुरैशी साहब ने किया। कायर्क्रम का शुभारम्भ हाफिज़ मोहम्मद मुश्ताक़ ने कुरान पाक के पाठ से किया। हाफिज़ मो0 कमर रज़ा ने नात पाक पेश किया। प्रमुख बयान करते हुये हज़रत हाफिज़ सुहैल अख़्तर रज़ा खान साहब ने कहा कि हज़रत हाफिज़ नौशाद अहमद साहब बेहतरीन उस्ताद थे, आप बहुत ही खुश एख़्लाक, मिलनसार और बहुत हंसमुख इन्सान थे, आपने लगभग 13 साल मरकज़े अहले सुन्नत में दर्स व तदरीस का काम अन्जाम दिया, इस से पहले भी आपने मुख़्तलिफ मदरसों में तालीम दिया और सैकड़ों की तादाद में आपके शागिर्द उ0प्र0, बिहार, बंगाल, झारखण्ड के साथ साथ देश व विदेश में दीन की सेवा कर रहे हैं।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 40°C | 27°C |
| कानपुर | 40°C | 26°C |
| देहरादून | 33°C | 21°C |
| नई दिल्ली | 38°C | 26°C |

# रामनवमी पर घर-घर विराजे रामलला, निकली शोभा यात्रा

* रामनवमी पर रामलला व हनुमान जी की हुई पूजा, मां चंद्रिका देवी मंदिर पर पहुंचे हजारों श्रद्धालु





जन एक्सप्रेस । लखनऊ

चैत्र शुक्ल नवमी में बुधवार को भगवान विष्णु के सातवें अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु? श्री राम का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। बता दें कि प्रभु राम का जन्म चैत्र शुक्ल नवमी को कर्क लग्न में हुआ था। इस दिन गंगा स्नान या पवित्र तीर्थों में स्नान करने से कई गुना पुण्य फल प्राप्त होगा। राम नवमी को प्रभु राम के साथ हनुमान की पूजा अति फलदायी होती है।चैत्र नवरात्र में नवमी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ था। इसीलिए रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाता है। वहीं इटौंजा में क्षेत्रीय विधायक की अगुवाई में माल रोड पर स्थित लखरैन माता मंदिर से भगवान श्री राम की एक शोभायात्रा निकाली गई, जो लखरैन माता मंदिर से चलकर महोना रोड होकर इटौंजा मार्केट होते हुए दुर्गा मंदिर पहुंची और वहां से मार्केट होते हुए निगोड़े नाथ मंदिर होते हुए पांडेय टोला होकर अशोक रोड होते हुए वीरेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहां पर शिव के दर्शन कर सभी ने राम भजन कीर्तन कर जमकर डांस किया। वहां से शोभा यात्रा चलकर लखरैन माता धाम पर समाप्त हुई। इस अवसर पर बीकेटी के क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि देशभर में आज राम नवमी मनाई जा रही है और इस बार राम नवमी का पर्व बहुत ही विशेष है। हिंदू धर्म में राम नवमी के दिन को बहुत शुभ माना गया है। इस दिन को भगवान श्री राम जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।इसीलिए आज घर व मंदिरों में कई मांगलिक कार्यक्रम किए जा रहें हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज 500 साल के लंबे इंतजार के बाद पहली बार प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान अयोध्या में बने भव्य महल में राम नवमी मनाई जा रही है।उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर केवल राम मंदिर नहीं है बल्कि 500 साल की लड़ाई की जीत का परिणाम है।राम मंदिर एक इमारत नहीं है, यह एक भावना है। राम मंदिर का निर्माण 500 साल लंबी तपस्या का परिणाम है। राम जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर पूरा देश जश्न में डूबा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि राम भक्त केवल भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया में हैं।अगर भारत में कुछ घटता है तो उसका दुनिया भर में बड़ा प्रभाव होता है। श्री शुक्ला ने कहा कि आज हम सबके अराध्य प्रभु राम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मैं पुन देशवासियों को बधाई देता हूं और प्रभु राम के चरणों में नमन करते हुए, देशवासियों की समृद्धि और खुशहाली की कामना करता हूं। प्रभु राम सभी का कल्याण करें, सभी को निरोगी रखें, सभी की मनोकामना पूर्ण करें और देश में अमन-चैन और भाईचारे की रक्षा करें। आपको बताते चलें कि कठवारा स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर पर रामनवमी के दिन सुबह 4 बजे से शाम की आरती तक भक्तों का तांता लगा रहा और लोग मां के दर्शन के लिए लाइन लगाकर मां का जप करते नजर आये। वहीं मेला कमेटी की तरफ से भक्तों के लिए फलाहार चाय व बीकेटी पुलिस की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई। इस मौके पर विधायक योगेश शुक्ला, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अतुल मिश्रा, इटौंजा मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप, बीकेटी विधानसभा प्रमुख विवेक सिंह, वार्ड नंबर 4 पूर्व सभासद भाजपा नेता सुधाकर अवस्थी, भाजपा नेता आशीष त्रिवेदी अंशु, सोमनाथ सिंह, आकांक्ष मिश्रा,कपिल मिश्रा, वरुण शुक्ला अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# लोकसभा चुनाव के दौरान आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए यूपी में तैनात रहेंगी एयर एंबुलेंस व हेलीकॉप्टर

* प्रदेश में प्रत्येक चरण के लिए विभिन्न स्थानों पर की गई एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की तैनाती
* आपात परिस्थितियों में प्रभावित स्थान तक तुरंत पहुंचेगी मदद, फोर्सेज के डेप्लायमेंट की भी मिलेगी सुविधा
* एहतियात के तौर पर उठाया गया कदम, हरियाणा की निजी कंपनी से लीज पर लिए जा रहे हेलिकॉप्टर

### एहतियात के तौर पर उठाया गया कदम

आकस्मिक परिस्थितियों में मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही फोर्सेज को लाने व ले जाने में यह हेलिकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार साबित होंगे। इसके माध्यम से प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस कदम को एहतियात के रूप में उठाया गया है, ताकि किसी आपात स्थिति में बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5.60 लाख रुपए के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से इस पर कुल 39.20 लाख रुपए का खर्च आएगा। प्रदेश शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति भी दी जा चुकी है। इस भुगतान एवं जीएसटी के साथ नियमानुसार गणना का दायित्व उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग एवं उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ का होगा। खर्च के बाद भी यदि कोई धनराशि शेष बचती है तो उसे नियमानुसार राजकोष में जमा कराया जाएगा।

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश मे सात चरणो में होने वाले लोकसभा आम चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश शासन की ओर से एयर एंबुलेंस एवं हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। इस एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर की मदद से किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही मेडिकल सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। इन एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को चरणो के हिसाब से अलग-अलग लोकेशंस पर डेप्लॉय किया गया है। ये एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एक निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव सभी सात चरणो में होना है। इसके लिए किसी भी संकट की स्थिति का सामना करने के लिए इन एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को हायर किया गया है।

### प्रत्येक चरण में अलग-अलग लोकेशंस पर होंगे डेप्लाय

प्रत्येक चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को डेप्लॉय किया गया है। उदाहरण के रूप में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण में यूपी के पश्चिम क्षेत्र की सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए हेलिकॉप्टर को 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को मुरादाबाद में तैनात किया गया है, जबकि एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में डेप्लॉय किया गया है। इसी तरह दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलिकॉप्टर अलीगढ़ में (25 और 26 अप्रैल)और एयर एंबुलेंस को मेरठ में (26 अप्रैल) तैनात किया गया है। 7 मई को तीसरे चरण में हेलिकॉप्टर आगरा (6 व 7 मई को) एवं एयर एंबुलेंस को बरेली (7 मई को) में लोकेट किया गया है। 13 मई को चौथे चरण में हेलिकॉप्टर 12 व 13 मई को कानपुर और एयर एंबुलेंस 13 मई को लखनऊ में तैनात रहेगा। इसी प्रकार पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलिकॉप्टर झांसी में और एयर एंबुलेंस लखनऊ में तो छठे चरण में हेलिकॉप्टर अयोध्या और एयर एंबुलेंस प्रयागराज में तैनात रहेगी। अंतिम चरण यानि एक जून को हेलिकॉप्टर गोरखपुर और एयर एंबुलेंस वाराणसी में तैनात होंगे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### श्रीराम शोभा यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। इंदिरा नगर आवासीय महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी इंदिरा नगर ए ब्लॉक निकट कन्वेंशन सेंटर से श्रीराम शोभायात्रा अपराह्न 5 बजे से निकल गई यह यात्रा भूतनाथ शालीमार चौराहा, जनकल्याण अस्पताल तथा मीना मार्केट एवम सरस्वती शिशु मंदिर होते हुए अपने प्रारंभ स्थल ए ब्लॉक इंदिरा नगर में संपन्न हुई। श्री बच्चा ने यह भी बताया कि इस अवसर पर रामचरित मानस का अखंड पाठ मर्यादा पुरुषोत्तम रामजी का जन्मोत्सव, पर्वतीय तथा नेपाली समाज द्वारा राम जी की वंदना माननीय अतिथियों द्वारा भगवान राम का गुण गान किया गया।इस अवसर पर एम एल सी मुकेश शर्मा, देवी शरण त्रिपाठी, कर्मचारी नेता अमित शुक्ला ,महेश वाल्मीकि, सुनील त्यागी न्यायमूर्ति सेवा निवृत, संजीव कुमार गर्ग, कविंद्र मल्होत्रा ,जी डी अग्रवाल, दीपक श्रीखंडे, राजीव श्रीवास्तव, सुभाष शर्मा,पी के त्रिपाठी ,व्यापारी नेता संजय गुप्ता, पार्षद भूपेंद्र शर्मा सहित सैकड़ो महिलाओं पुरुषों हुए शामिल।

### ठाकुरद्वारा मंदिर में धूमधाम से मना रामजन्मोत्सव

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बे में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में बुद्धवार को रामनवमी पर भगवान राम जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।भगवान राम की पूजा-अर्चना के बाद आयोजित विशाल भंडारे में विधायक अमरेश कुमार रावत व उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा ने श्रद्धालुओ को पुड़ी-सब्जी,बूंदी,हलुवा के प्रसाद का वितरण किया गया।बड़ी सख्या में क्षेत्रीय लोगो ने ठाकुरद्वारा मंदिर पहुंचकर भगवान राम के दर्शन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।श्री सीताराम ठाकुरद्वारा समिति के अध्यक्ष अतुल पाण्डे व उपप्रबंधक राजकुमार अवस्थी ने अतिथियो को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। मंदिर परिसर में महिलाओ ने भजन-कीर्तन भी किया।इस मौके एसीपी राधारमण सिंह,इंस्पेक्टर आलोक राव, वरिष्ठ समाजसेवी आदित्य प्रकाश त्रिपाठी,सुरेन्द्र दीक्षित,जिला सहकारी बैंक के पूर्व डायरेक्टर अनिल त्रिपाठी,उमा शंकर त्रिवेदी,भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ जिला संयोजक अशोक तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश द्विवेदी,व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडे,वरिष्ठ अधिवक्ता ललित मिश्रा,कृष्ण चन्द्र श्रीवास्तव, मोहन दीक्षित,राकेश द्विवेदी,वरिष्ठ पत्रकार राजेश भंडारी,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधाशु सिंह,योगेन्द्र तिवारी,मनोज यादव सहित क्षेत्रीय लोगो ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### हाथी बाबा मन्दिर में सुन्दरकाण्ड

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मन्दिर में महंत सीताराम दास के सानिध्य में तथा राजेन्द्र पाण्डे, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, संजय तलवार, कृष्ण कुमार तिवारी, ज्योतिषाचार्य आनंद दुबे, हिमाशु मित्तल, अंशू मित्तल, शिशिर गुप्ता की मौजुदगी में रामनवमी उत्सव मनाया गया। जोग लगन ग्रह बार तिथि सकल भये अनुकूल। चर अरू अचर हर्षजुत राम जनम सुखमूल' के उच्चरण के साथ ही श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। बाद में शाम को सीतापुर के भजन गायक हिमांशु मिश्रा टीम ने संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया।

### वोटर कार्ड के अतिरिक्त 12 अन्य विकल्प भी मान्य

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान प्रथम चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान के समय ऐसे मतदाता जिनके पास अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र न हो, वे 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र,राज्य सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए।

### लोकसभा चुनाव: एनडीए बनाम इंडिया का जंग

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर यूपी सबसे अहम राज्य एक बार फिर साबित होता दिख रहा है। यूपी वह राज्य है जो कि देश को सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री दे चुका है। यूपी में अभी तक लड़ाई एनडीए बनाम इंडिया थी लेकिन बीएसपी ने ट्रैंगुलर फाइट बनाने की कोशिश कर दी है। क्या होगा,मतदाता तय करेंगे लेकिन सर्वे बीजेपी यानि एनडीए के 80 में 80 का लक्ष्य तो पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। उत्तर प्रदेश के बारे में कहा जाता है कि दिल्ली की सल्तनत की चाबी यूपी ही सौंपता है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में तो बीजेपी को यूपी ने छप्पर फाड़ कर दिया था।पीएम नरेन्द्र मोदी यूपी की ही बदौलत हैट्रिक लगाना चाहते हैं।यूपी ही लोकसभा में सबसे ज्यादा 80 सांसद भेजता है। ऐसे में बीजेपी की यूपी को लेकर खास प्लानिंग है और पार्टी का टारगेट यह है कि वह 2014 के लोकसभा चुनाव के 71 सीटों की जीत रिकॉर्ड को तोड़ना चाहती है लेकिन पार्टी के इस सपने को झटका लग सकता है, क्योंकि हालिया सर्वे बता रहा है कि बीजेपी का यह सपना पूरा नहीं हो पाएगा और इस चुनाव में सपा को फायदा देखने को मिल सकता है।

# आईआईएमसी एलुमनी मीट कनेक्शन्स लखनऊ में संपन्न, शिव कुमार त्रिपाठी को किया गया सम्मानित




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आईआईएमसी एलुम्नाई एसोसिएशन के उत्तर प्रदेश चैप्टर ने सालाना जलसा कनेक्शन्स लखनऊ का आयोजन किया। कार्यक्रम में भारतीय जनसंचार संस्थान से पढ़ाई के बाद पूरे यूपी में अलग-अलग क्षेत्रों में सेवा दे रहे लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में इमका कनेक्शन्स 2024 की स्मारिका का विमोचन किया गया। समारोह में भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के शिव कुमार त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। चैप्टर के अध्यक्ष मणेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष यूपी चैप्टर को दिल्ली में आयोजित ग्लोबल मीट में कनेक्टिंग चैप्टर ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला है। समारोह को एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रसाद सान्याल, उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा, आजीवन सदस्य प्रभाष झा, सायरा नईम, कमलेश राठौर, तरुण निशांत, पंचानन मिश्रा, प्रियंका सिंह, अर्चना सिंह, राशि लाल, रीतेश वर्मा समेत अन्य लोगों से संबोधित किया।

# उत्तर प्रदेश की आशी शमसेरी रोमांचक जीत के साथ बालिका एकल फाइनल में रोहिन राज व कौस्तुभ सिंह भी अंतिम चार में

* हेजलनट आल इंडिया सीएस-7 अंडर-14 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

हेजलनट आल इंडिया सीएस-7 अंडर-14 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट में दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश की आशी शमसेरी ने रोमांचक जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। आशी की खिताबी टक्कर शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल की अनाया बिश्वास से होगी। दूसरी ओर बालक एकल क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश के रोहिन राज ने शीर्ष वरीय अर्जुन शर्मा को 6-2, 6-1 से हराते हुए उलटफेर भरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में जीत से दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह भी अंतिम चार में पहुंच गये। बालक युगल में उत्तर प्रदेश के प्रणव शर्मा व कृष्णा सिंह ने संघर्षपूर्ण जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला प्रोफेशनल टेनिस अकादमी में आयोजित चौंपियनशिप में बालिका एकल के सेमीफाइनल में दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश की आशी शमसेरी ने उत्तर प्रदेश की ही सिद्धि सिंह को 6-3, 6-7(6-8), 6-1 से हराया। आशी शमेसरी ने पहला सेट आसानी से जीत लिया। दूसरे सेट में आशी टाईब्रेक में हार गयी। फिर तीसरे सेट में जीत से आशी ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल की अनाया बिश्वास ने उत्तर प्रदेश की अनुषा सिंह को 6-4, 6-1 से हराया। बालक एकल के क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह ने उत्तर प्रदेश के ही किंजलक श्रीवास्तव को 6-0, 6-2 से हराया। अन्य क्वार्टर फाइनल में बिहार के अविनाश राय ने उत्तर प्रदेश के अयान यादव को टाई ब्रेक में 6-3, 6-7 (4-7), 6-1 से और बिहार के सिद्धांत चौधरी ने ऋद्धिमान राजपूत को 6-0, 6-0 से हराया। बालक युगल क्वार्टर फाइनल में प्रणव शर्मा व कृष्णा सिंह ने सात्विक गुप्ता व स्वस्तिक सिंह को 6-7(5-7), 7-6(7-5), 10-6 से, रिशांत जयसवाल व किंजलक श्रीवास्तव ने शांतनु चौहान व अबीर रंजन को 6-0, 6-3 से, अविनाश रॉय व सिद्धांत चौधरी ने कार्तिकेय श्रीवास्तव व अर्णव श्रीवास्तव को 6-3, 6-0 से और अर्जुन शर्मा व रोहिन राज ने पवित्र सिंह व मोहम्मद सूफियान को 6-0, 6-0 से हराया।

# इंडी अलायंस भगवान राम विरोधी: केशव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज कहा कि पूरा का पूरा इंडी अलायंस भगवान राम विरोधी है। कांग्रेस और सपा ने देशवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कोई पहली बार नहीं किया, वे लगातार और बारंबार करते आ रहे हैं। सनातन विरोधी इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। आज सपा महासचिव ने भगवान राम और रामभक्तों के खिलाफ अनर्गल बयान देकर सनातनियों की श्रद्धा पर कुठाराघात किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि लोकसभा चुनाव में जनता को एक बार फिर इनका घमंड तोड़ना पड़ेगा। जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं।उन्होंने कहा कि यदि सपा के महासचिव अपने नेता को श्रीरामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को स्वीकार करने की सलाह दिये होते तो तो भगवान श्रीराम इनके सारे पाप और कलंक धो देते। भगवान राम के मामले में जब सुप्रीम कोर्ट ने फैसला कर दिया तो भूमिपूजन के समय के समय कांग्रेस और सपा के मुखिया चिल्लाने लगे कि देश में आग लग जाएगी। इनके दावे फेल हो गये और इसका देश में कोई फर्क नहीं पड़ा। इसके बाद राम मंदिर के उद्घाटन के समय भी इन सभी लोगों को बुलाया गया। दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि इनके पास 70 वर्षों के पाप और कलंक धोने का अच्छा मौका था। इन्होंने उसे भी ठुकरा दिया। इन्होंने आस्था पर कुठाराघात करने का काम किया है। ये भगवान बालक राम के मंदिर में आजतक दर्शन को नहीं गये हैं और जब आज लाखों देशवासी पूरी श्रद्धा के साथ आज रामनवमी पर प्रभु के दर्शन को आये तो उन्हें सपा महासचिव राम गोपाल यादव ने ढोंगीं बताकर संपूर्ण सनातनियों को अपमानित करने का काम किया है।

# चीन निर्मित कॉम्पोनेंट वाले मीटर लगाने पर रोक

* स्मार्ट मीटरों में 60 से 70 प्रतिशत इंडियन कंपोनेट अनिवार्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

चीन निर्मित कॉम्पोनेंट वाले स्मार्ट मीटरों का विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा किया गया विरोध रंग लाया है। प्रदेश की सभी बिजली कम्पनियों को भेजे गए एक निर्देश में स्पष्ट कहा गया कि जिन स्मार्ट मीटरों में अधिकाधिक चीन कॉम्पोनेट का उपयोग किया गया है उनका उपयोग नही किया जाएगा। बल्कि भारत सरकार की गाईड लाइन के अनुसार 60 से 70 प्रतिशत इण्डियन कॉम्पोनेंट का उपयोग होने वाले मीटर ही प्रदेश के उपभोक्ताओं के घरों पर लगाए जा सकेगें। प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों मे लगभग 3 करोड 30 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का ऑर्डर जहां देश के बडे निजी घरानो को दिया गया है वही इन निजी घरानों द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में लगने वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर के कंपोनेंट को बिजली कंपनियों में कुछ अभियंताओं की मिली भगत से भारत सरकार की गाइडलाइन के विपरीत गारंटीड टेक्निकल पार्टिकुलर्स (जीटीपी )चाइनीज अनुमोदित करा लिया। यानी कि जो जीटीपी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में पोलरिस व इंटली स्मार्ट ने अनुमोदित कराया उसमें 21 प्रमुख कंपोनेंट में 13 से 7 कंपोनेंट चीन निर्मित व अन्य देशों से संबंधित थे। जब उपभोक्ता परिषद ने इसका बडा खुलासा किया और नियामक आयोग में विरोध प्रस्ताव दाखिल किया तो बिजली कंपनियों के होश उड गए। उपभोक्ता परिषद ने खुलासा करते हुए कहा था कि भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत 60 से 70 प्रतिशत कॉम्पोनेंट स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर भारतीय मेक के होने चाहिए। यदि कोई भी मीटर निर्माता कंपनी बॉर्डर एरिया के देशों से कोई भी कंपोनेंट खरीदेगा तो उसे उस पर भारत सरकार की पूर्व अनुमति लेना जरूरी है। यानी कि चीन निर्मित कोई भी कॉम्पोनेंट बिना भारत सरकार की पूर्व अनुमति के नहीं खरीदा जा सकता है। फिर क्या था मध्यांचल विद्युत वितरण निगम जहां से मामला सबसे पहले उठा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने उपभोक्ता परिषद द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर पावर कारपोरेशन को एक प्रस्ताव भेज कर दिशा निर्देश मांगा। अंततः उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की तरफ से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए कि विद्युत मंत्रालय व भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेश ही माने जाएंगे। उपभोक्ता परिषद की बात को आगे बढते हुए कहा कि उसी के अनुसार जो आरएफपी यानी भारत सरकार अनुरोध प्रस्ताव में व्यवस्था है उसी आधार पर जीटीपी अनुमोदित की जाए। यानी कि अब उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर चीन निर्मित कंपोनेंट नहीं लगा पाएंगे। अब उत्तर प्रदेश के स्मार्ट प्रीपेड मित्रों के अंदर चाइनीज कॉम्पोनेंट नहीं लगेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने जब इस मामले पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक कमर्शियल जो इस काम को देख रहे हैं उनसे बात की तो उनके द्वारा बताया गया कि सभी मीटर निर्माता कंपनियों को जीटीपी संशोधन करने के लिए कह दिया गया है। जल्द ही उनके द्वारा चाइनीस कंपोनेंट को हटाकर नई जीटीपी दी जाएगी इसके बाद उसका अनुमोदन किया जाएगा।उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा यह बहुत गंभीर मामला यह कि जो कम बिजली कंपनियों को देखना चाहिए उसका खुलासा उपभोक्ता परिषद द्वारा किया जा रहा है। सभी को पता है कि चीन निर्मित कंपोनेंट बहुत घटिया क्वालिटी के होते हैं और उसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड सकता था। क्योंकि चीनी कंपोनेंट से तैयार किया गया मीटर कभी तेज चलेगा कभी भार जंप करेगा। कभी उसका सिग्नल नहीं प्राप्त होगा। पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को दोषी अभियंता जो भी हो उनके खिलाफ भी कार्यवाही करना चाहिए कि उनके द्वारा चीन निर्मित कंपोनेंट बिना भारत सरकार की अनुमति के कैसे अनुमोदित किया गया।

# ऊर्जा मंत्री से करें सीधा संवाद डाउनलोड करें मोबाइल ऐप 'भाई'

* जन संपर्क से जन शिकायत तक,सब एक डिजिटल सिस्टम पर
* देश-दुनिया की जानकारी भी मिलेगी बीएचएआई ऐप पर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

डिजिटल तकनीक के युग में मोबाइल ऐप, इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स, फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स, इंस्टाग्राम का उपयोग कर हम अपनी बात को सेकंडों में सही स्तर पर पहुंचा सकते हैं। प्रौद्योगिकी और नई तकनीक हमारे संचार करने और चीजों को साझा करने के तरीके को बदल रही है। साथ ही इस पर बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग मजबूत व भावनात्मक संबंध बनाने में भी सहायक है।प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा अपने कर्तव्य पथ में आधुनिक तकनीक के साथ प्रौद्योगिकी का भरपूर प्रयोग करते हैं। पूर्व में अधिकारी के रूप में उन्होंने स्वागत और प्रगति जैसी विश्व विख्यात एवं पुरस्कृत डिजिटल प्लेटफार्म मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री कार्यालय में बनाये। वो भारत सरकार में एमएसएमई मंत्रालय के सचिव थे तब उन्होंने चैंपियनस ऑनलाइन सेवा और उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल बनाया। बड़ी बात यह है कि ये सारी व्यवस्थाएँ बीसों साल से संबंधित विभागों एवं कार्यालयों में चल रही हैं और आज भी कार्यरत हैं। अब उन्होंने जनसाधारण की सुविधा के लिए अपनी मोबाईल ऐप %भाई% के नाम से शुरू किया है। इस ऐप के माध्यम से उन्होंने संपूर्ण सुविधाएं एक ही डिजिटल सिस्टम पर उपलब्ध कराया है। जिसमें विशेष रूप से आम जनमानस उनसे सीधा संपर्क एवं संवाद कर सकते हैं। अपनी शिकायतें बिना किसी रुकावट के मंत्री तक पहुंचा सकते हैं।

मंत्री के कार्य दायित्वों के बारे में जानकारी ले सकते हैं। फ़ोटो डाउनलोड कर सकते हैं। मंत्री के कार्यों व कार्यक्रमों के बारे में जान सकते हैं। मंत्री से संबंधित समाचार जान सकते हैं। उनके सोशल मीडिया के किसी प्लेटफार्म का अपडेट ले सकते हैं। अन्य भी देश-दुनिया की जानकारी ले सकते हैं।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# हीटवेव : आप भी बचें और अपने परिवार को भी बचाएं

**इसी तरह से गर्भवती महिलाओं को भी अधिक खतरा होता है। बहुत अधिक गर्मी और निर्जलीकरण से शिशु का वजन कम होने, समय से पहले जन्म होने और यहां तक कि मृत शिशु के जन्म का भी खतरा बढ़ सकता है। गर्भवती महिलाएं स्वयं नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकती हैं और जल्दी प्रसव पीड़ा में जा सकती हैं, साथ ही गर्भकालीन मधुमेह और उच्च रक्तचाप भी विकसित हो सकती हैं। अत- सावधानी रखना ही वह उपाय है, जिससे कि इस तरह की गर्भवती महिलाएं अपना और अपने गर्भस्थ शिशु की देखभाल कर सकती हैं।**

*भारतीय मौसम और जीवन दोनों में सूर्य और ऊर्जा की तपिश अपने चरमोत्कर्ष की ओर जाती हुई दिखाई दे रही है। विश्व भर में सभी आर्थिक एवं सामाजिक एजेंसियों के आंकड़े बता रहे हैं कि भारत की मानव शक्ति इस समय जिस तरह से कार्य कर रही है, वह भविष्य में श्रेष्ठ और सबसे आगे के भारत के होने का संकेत देती है। ऊर्जा की अधिकतम उपयोगिता को जानकर भारत के नागरिक इन दिनों अपने कार्य को करते हुए प्राय- सहज ही देखे जा सकते हैं। इस बीच ऊर्जा का दूसरा भी पक्ष देखने को मिल रहा है, इस ऊर्जा के अपार स्त्रोत के लिए सूर्य रश्मियां जिम्मेदार हैं। गर्मी समय बीतने के साथ अपने शीर्ष पर जाने के लिए प्रयासरत है और भारतीय हैं कि ऐसे में बिना सूर्य तपिश की चिंता किए वगैर दिन-रात अपने सुनिश्चित किए कार्य को पूर्ण करने में जुटे हुए हैं। ऐसे में यह जरूरी है काम और जीवन दोनों में संतुलन बना रहे । कहीं ऐसा न हो कि बदलते और तेज हीटवेव के इस मौसम में हम काम करने लायक भी न रह जाएं । इसलिए जरूरी है कि हीटवेब से आप भी बचें और अपने परिवार को भी बचाएं । इस संबंध में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पहले ही बता दिया है कि आगामी जून तक गर्मी अपने चरम पर रहेगी। ऐसे में हीटवेव दौरान स्वस्थ रहने के लिए छोटे बच्चों , बुजुर्गों और प्रेग्नेंट महिलाओं को खास देखभाल की जरूरत है। इस हीट एक्सॉशन की वजह से मितली, उल्टी और यहां तक कि बेहोशी भी हो सकती है। उचित सावधानी के बिना, अत्यधिक गर्मी से हीट स्ट्रोक और इससे भी बदतर, मृत्यु हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप, गर्मी की लहरें अधिक लंबी, और अधिक गंभीर होती जा रही हैं।जिसके लिए हमें सबसे पहले मानसिक रूप से तैयार रहना है, साथ ही इससे निपटने के लिए अपनी जरूरी तैयारी करके रखनी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में गर्मी से जुड़ी बीमारियों को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। गर्मी से बचने के लिए अकेले रहने वाले बुजुर्ग या बीमार लोगों की देखभाल करना, अपने घरों को ठंडा रखने, दिन के दौरान पर्दे और शटर या सनशेड का उपयोग करने और रात में खिड़कियां खोलने जैसे निर्देश दिए गए हैं। वहीं, यह भी कहा गया है कि लोगों को दिन के दौरान निचली मंजिलों पर रहने की कोशिश करनी चाहिए और शरीर को ठंडा करने के लिए पंखे और गीले कपड़ों का उपयोग करना चाहिए। अब प्रश्न है कि हीट स्ट्रोक के संकेतों को कैसे पहचानें और यदि आवश्यक है तो आपको क्या कदम उठाने चाहिए? तो सबसे पहले हमें यह जानना आवश्यक है। वास्तव में जब लू चलती है तब तापमान लगातार कई दिनों तक सामान्य से अधिक रहता है। नमी के कारण अधिक गर्मी महसूस हो सकती है। वास्तव में हीट स्ट्रोक तब होता है जब शरीर अत्यधिक उच्च तापमान के संपर्क में आता है और शरीर का मुख्य तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) और उससे अधिक तक बढ़ जाता है। निर्जलीकरण तुरंत होता है, इसके बाद अन्य लक्षण जैसे थकावट, मतली , उल्टी, सिरदर्द, भटकाव, भ्रम, चेतना की हानि और कभी-कभी कोमा भी हो जाता है। यह मस्तिष्क, हृदय, गुर्दे और अन्य अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। हीट स्ट्रोक का तुरंत इलाज न होने पर यह जानलेवा भी हो सकता है। गर्म हवा के वायुमंडल में फंसने के कारण गर्मी की लहरें उत्पन्न होती हैं और यह एक प्राकृतिक मौसम घटना है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी की लहरों की तीव्रता और आवृत्ति में वृद्धि हो रही है, जो गर्मी को लंबे समय तक रोके रखती है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5 प्रतिशत कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहाँ के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबर्दस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं।**

# भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से



आर.के. सिन्हा

**मणिपुर में जातीय हिंसा पर विपक्ष मोदी सरकार की काफी आलोचना कर रहा है। जबकि केंद्र सरकार हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। जब वहां संघर्ष चरम पर था, तब खुद गृहमंत्री अमित शाह वहां गए थे। तनाव को खत्म करने के लिए उन्होंने विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ तमाम बैठकें कीं।**

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोक सभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहाँ भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है। पूर्वोत्तर की ÷सेवन सिस्टर्स÷ या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोक सभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर



**पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं। आजादी के 75 साल के बाद मेघालय भारत के रेल नेटवर्क पर आया। नागालैंड को 100 साल बाद अब अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला। पहली मालगाड़ी मणिपुर के रेलवे स्टेशन पहुंची। सिक्किम को पहला हवाई अड्डा मिला।**

विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है।इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह - प्रभारी डॉ 0 संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन - प्रतिदिन को मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मज़बूत ही किया है । मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोक सभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहाँ के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है। क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देंन ही मानी जाती है ।इस दशकों पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृह मंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाये हुए अपने ही लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्य धारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है।

### एक्सप्रेस कविता

*पुण्य सलिला मां गंगा की तरह 5 माह की नन्हीं छोटी गंगा, भोली,अबोध, तपती दोपहर में शहर में बनती कई मंजिला अट्टालिका के नीचे कंक्रीट की छांव में अपनी मां की ओढ़नी के बिछौने पर लेटी किलकारी मारते आसमान की तरफ ताक रही थी, उसे भान नहीं था उसकी मां अपनी छाती में गंगा के लिए दूध तैयार करने के लिए भवन निर्माण में तपती दोपहर में मेहनत करती पसीना बहाती अपना शरीर तोड़ रही थी। गंगा को गुमान नहीं है दुनिया की कठोरता मलिनता, कुत्सित भावनाओं का, उसे यह भी नहीं मालूम की उसके जैसी जाने कितनी मासूम गंगा यूक्रेन युद्ध में अपनी मां से बिछड़ कर दुनिया त्याग चुकी है। मानव की बढ़ती लोलुप भावनाओं से वह दूर रहकर कब तक पवित्र और मासूम और सुरक्षित रह पाएगी।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*मन एकदम अबोध बालक की भांति है जो सीखाओगे वही सीखेगा, जहां ले जाओगे वहीं जाएगा।*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 17:31 तक |
| नक्षत्र: | आश्लेषा 07:56 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | सिंह, 17:56 |
| सूर्योदय: | 05:53 |
| सूर्यास्त: | 18:47 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 13:57-15:34 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 11:56-12:44 |

## जन एक्सप्रेस

### हो रहा विध्वंश !

*युद्ध चढ़ा परवान ।*
*लगता ना विराम ।।*
*छूट गया अब हाथ से ।*
*पूरी ही लगाम ।।*
*हो रहा विध्वंश ।*
*है चर्चा यह आम ।।*
*हो के रहेगा लगता ।*
*काम अब तमाम ।।*
*अड़ गए हैं दोनों ।*
*एक से बढ़कर एक ।।*
*बढ़ रही है चिंता ।*
*वैश्विक भी अनेक ।।*
*जान माल का खतरा ।*
*ना अब थमने वाला ।।*
*छाया अंधकार है ।*
*दिखता ना उजाला ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए अपनाएं आयुर्वेदिक टिप्स



**गर्मी** इन दिनों अपने चरम पर है। इस समय धूल, पसीने और लू के कारण कई बार तबियत खराब होने की समस्या बढ़ जाती है। कई बार लू लगने के कारण सिरदर्द, पेट दर्द और बुखार आदि होने का जोखिम भी बढ़ता है। आयुर्वेद के अनुसार ये मौसम पित्त का मौसम है। ऐसे में इस मौसम में शरीर को ठंडा रखने की आवश्यकता होती है। इस मौसम में शरीर को ठंडा रखने से पाचन तंत्र दुरुस्त होने के साथ लू से भी बचाव होता है। बहुत से लोग गर्मी में शरीर को ठंडा रखने के लिए केवल ड्रिंक्स का सेवन करते हैं लेकिन कई बार इतना काफी नहीं होता है। ऐसे में अगर आप भी गर्मी में शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो कुछ आयुर्वेदिक उपाय किए जा सकते हैं।

**छाछ का सेवन:** गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए नियमित रूप से दिन के समय छाछ का सेवन करें। छाछ शरीर को ठंडा रखने के साथ शरीर को लंबे समय तक हाइड्रेट रखती है। छाछ शरीर को स्वस्थ रखने के साथ पाचन-तंत्र से जुड़ी समस्याओं को कम करता हैं।

**गर्म चीजों का सेवन कम करे:** गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए गर्म चीजों का सेवन कम से कम करें। जैसे कि खट्टे खाद्य पदार्थ, चुकंदर, गाजर, लहसुन, मिर्च, टमाटर, नमकीन पनीर और खट्टी क्रीम से परहेज करें। इस मौसम में हेल्दी रहने के लिए ज्यादा मात्रा में सलाद खाएं और नॉन वेज खाने से बचें।

**नारियल तेल:** गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। नारियल तेल की तासीर ठंडी होती है। ऐसे में नहाने से पहले नारियल तेल से शरीर की मसाज करें। ऐसा करने से टैनिंग कम होगी और शरीर सेवस्थ रहेगा।

**एक्सरसाइज:** गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए दिन के समय एक्सरसाइज करने से बचना चाहिए। दिन के समय धूप काफी तेज होती है। ऐसे में एक्सरसाइज करने ले लू लगने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है और तबियत खराब भी हो सकती है। गर्मी में सुबह के समय एक्सरसाइज करना ज्यादा फायदेमंद रहता है।

**हाइड्रेट रहें:** गर्मी में शरीर को ठंडा रखने के लिए हाइड्रेट रहना जरूरी होता है। हाइड्रेट रहने से गर्मी से बचाव होने के साथ बीमार होने की संभावना कम होती है। पानी पीने के साथ शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए नारियल पानी, नींबू पानी और सत्तू का शरबत का सेवन किया जा सकता हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# राजनीति में भी चमके मीडिया के सितारे



प्रो. संजय द्विवेदी

**तृणमूल कांग्रेस ने हाल में ही अंग्रेजी की पत्रकार सागरिका घोष को राज्यसभा भेजा है। इसके पूर्व उर्दू पत्रकारिता से जुड़े रहे नदीमुल हक भी राज्यसभा में पहुंचे। हिंदी अखबार सन्मार्ग के मालिक विवेक गुप्ता तृणमूल से सांसद भी रहे, अब विधानसभा में हैं।**

**ऑर्गनाइजर के संपादक रहे श्री के.आर.मलकानी बाद में राज्यसभा पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी ने चंदन मित्रा, दीनानाथ मिश्र, बलबीर पुंज, राजनाथ सिंह सूर्य, नरेन्द्र मोहन, प्रभात झा, तरुण विजय, स्वप्नदास गुप्ता को राज्यसभा भेजा। इनमें मित्रा बाद में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए, जबकि पुंज और झा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। प्रभात झा मध्यप्रदेश भाजपा के चर्चित अध्यक्ष भी रहे।**

**इन** दिनों देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। जाहिर है राजनीति का आकर्षण प्रबल है। सिने कलाकार, साहित्यकार, वकील, न्यायाधीश, खिलाड़ी, गायक, उद्योगपति सब क्षेत्रों के लोग राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। ऐसा ही हाल पत्रकारिता के सितारों का भी है। मीडिया और पत्रकारिता के अनेक चमकीले नाम राजनीति के मैदान में उतरे और सफल रहे। आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। आजादी के बाद बदलते दौर में पत्रकारिता और राजनीति की राहें अलग-अलग हो गईं, लेकिन सत्ता का आकर्षण बढ़ गया। जनपक्ष, राष्ट्र सेवा की पत्रकारिता अब आजाद भारत में राष्ट्र निर्माण का भाव भरने में लगी थी। सेवा राजनीति के माध्यम से भी की जा सकती है, यह भाव भी प्रबल हुआ। राजनीतिक दलों से संबंधित समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के अलावा मुख्यधारा की पत्रकारिता से भी लोग राजनीति में आए, जिसमें सबसे खास नाम श्री अटल बिहारी वाजपेयी का है, जो वीर अर्जुन जैसे दैनिक अखबार के संपादक रहे। इसके साथ ही वे स्वदेश, पांचजन्य और राष्ट्रधर्म के भी संपादक रह चुके थे। वह जहां संसदीय राजनीति के लंबे अनुभव के साथ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी रहे, तो वहीं भाजपा के वह संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी हिंदुस्तान समाचार और ऑर्गनाइजर से जुड़े रहे, फिर राजनीति में आए। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे द्वारिका प्रसाद मिश्र दैनिक लोकमत, साप्ताहिक सारथी और श्री शारदा के संपादक के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शंभूनाथ शुक्ल बाद में बने मध्यप्रदेश में मंत्री और सांसद रहे। विशाल भारत के संपादक रहे बनारसी दास चतुर्वेदी दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। गणेश शंकर विद्यार्थी के शिष्य रहे बालकृष्ण शर्मा नवीन प्रताप के संपादक रहे और कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। महाराष्ट्र का दर्डा परिवार राजनीति में अग्रणी रहा। लोकमत समाचार के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा, राजेन्द्र दर्डा और विजय दर्डा सांसद, विधायक और मंत्री रहे। विजया कर्नाटक और कन्नड़ प्रभा अखबार से जुड़े रहे प्रताप सिम्हा भाजपा से दो बार लोकसभा पहुंचे। उनका नाम चर्चा में तब आया, जब उनके द्वारा अनुमोदित विजिटर पास से दो युवकों ने नई संसद में पहुंच कर हंगामा किया। मूलतः पत्रकारिता से सार्वजनिक जीवन में आने वाले मोतीलाल वोरा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और लंबे समय तक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे श्यामाचरण शुक्ल ने रायपुर से दैनिक महाकौशल अखबार निकाला। भाजपा के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के अध्यक्ष रहे लखीराम अग्रवाल ने बिलासपुर से लोकस्वर अखबार निकाला। बिलासपुर के पत्रकार बीआर यादव मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री और चार बार विधायक रहे। बिलासपुर के ही रहने वाले कवि, पत्रकार श्रीकांत वर्मा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा के सदस्य रहे। वे दिनमान के संपादक मंडल में रहने के बाद राजनीति में आए। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के रहने वाले चंदूलाल चंद्राकर दैनिक हिन्दुस्तान के संपादक रहे। बाद में कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। राजनांदगांव के पत्रकार लीलाराम भोजवानी छत्तीसगढ़ सरकार में श्रम मंत्री रहे। देशबन्धु में पत्रकारिता का पाठ पढ़ने वाले चंद्रशेखर साहू छत्तीसगढ़ से सांसद, मंत्री और विधायक रहे। मध्यप्रदेश में सीहोर के पत्रकार शंकर लाल साहू विधायक रहे। त्रिभुवन यादव पिपरिया से विधायक चुने गए। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे और दो बार विधायक चुने गए विष्णु राजोरिया मूलतः पत्रकार ही हैं, बाद में उन्होंने शिखर वार्ता पत्रिका भी निकाली। मप्र में ही केएन प्रधान सांसद, विधायक और मंत्री भी रहे। नागपुर के अंग्रेजी अखबार हितवाद के प्रकाशन करने वाले बनवारी लाल पुरोहित कांग्रेस और भाजपा दोनों से लोकसभा पहुंचे। संप्रति वे पंजाब के राज्यपाल हैं। कांग्रेस ने राजीव शुक्ला, प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी, कुमार केतकर, विजय दर्डा आदि को राज्यसभा से नवाजा। राजीव शुक्ला मनमोहन सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। वरिष्ठ पत्रकार संजय निरुपम लोकसभा पहुंचे और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। सामना के संपादक संजय राऊत अपने धारदार बयानों के लिए लोकप्रिय हैं, वे भी राज्यसभा सदस्य हैं।

# एसएसबी जवान ने सरकारी रायफल से गोली मारकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर-खीरी।** भारत-नेपाल सीमा के एसएसबी कैंप डांगा में तैनात एक जवान ने खुद को सरकारी रायफल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली।घटना मंगलवार देर शाम की है। जवान के गोली लगने के बाद एसएसबी ने इसकी सूचना कोतवाली तिकुनियां पुलिस को दी, जिसके बाद तिकुनियां पुलिस और एसएसबी के जवान उसे इलाज के लिए सीएचसी निघासन ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।मंगलवार की देर शाम कैंप में मौजूद एसएसबी जवानों को अचानक तेज धमाके की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद हरकत में आए जवानों ने देखा कि एसएसबी जवान संजय कुमार यादव खून से लथपथ जमीन पर गिरा पड़ा था। साथी जवानों ने तुरंत उसे उठाया और इसकी सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दी। पुलिस के मुताबिक एसएसबी जवान को गर्दन के पास गोली लगी है। घटना के पीछे क्या कारण है, इस बारे में अभी स्थित साफ नहीं हो पाई है।
कोतवाली प्रभारी तिकुनियां मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एसएसबी जवान संजय कुमार यादव (33) न्यू रामगढ़ थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद का निवासी है। वर्तमान में वह एसएसबी तृतीय बटालियन लखीमपुर की डांगा एसएसबी चौकी पर तैनात था। उसने खुद को एसएसबी चौकी परिसर में ही गोली मारकर खुदकुशी की है जिसकी सूचना मृतक के परिवारजन को दी गई है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर का कहना है कि जांच के बाद ही मामले में कुछ कह पाना संभव है।

## चीनी मिल खंभारखेड़ा में गन्ना सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ करने के संबंध हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



खंभारखेड़ा बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेड़ा में चीनी मिल के सर्वेकर्मियों एवं राजकीय गन्ना पर्यवेक्षकों को, उच्च स्तर से जारी सर्वेक्षण नीति 2023-24 वास्ते पेराई सत्र 2024-25 के बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए एच.एच.सी. का बृहद प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही किसानों को घोषणा पत्र भरने, राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराने के संबंध में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही किसी ग्राम में सर्वे प्रारंभ करने से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार भी करवाया जाएगा, इसके अतिरिक्त सर्वे नीति के सभी निर्देशों से अवगत कराते हुए शत-प्रतिशत अनुपालन करने हेतु निर्देश दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, खंभारखेड़ा सुरेश कुमार चौधरी, चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना डा0अनिल कुमार त्रिपाठी के साथ उप महाप्रबंधक गन्ना, सहायक महाप्रबंधक गन्ना, आईटी प्रभारी एवं समस्त गन्ना विकास स्टाफ उपस्थित रहे।

## चीनी मिल में हवन पूजन कराया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

पलिया बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया मे स्थित शिव मंदिर में चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन विधिवत हवन पूजन किया गया । मंदिर के पुजारी रामेन्द्र मिश्र ने मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड ओ पी चौहान व उनकी पत्नी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से हरिपाल सिंह,राजीव तोमर संजीव दुबे,उदय प्रताप सिंह, योगेन्द्र आर्य, मनोज मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरूषों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# सभी कार्ड धारकों को सपरिवार मतदान करने के लिए प्रेरित करें : डीएम

* ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायत का निस्ताण 100 मिनट के अंदर किया जाता है :-सीडीओ

जन एक्सप्रेस । हरदोई

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज रसखान प्रेक्षागृह में जनपद के कोटेदारों, गैस एवं पेट्रोल पम्प के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता जागरूकता गोष्ठी एवं रैली का आयोजन जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया।
गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोग अपनी सहभागिता निभाएं और गांव के सभी कार्ड धारकों को सपरिवार 13 मई 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होने कहा कि कोटेदार समाज के प्रतिष्ठित अंग होते हैं और वे मतदाता जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोगों को जनपद को शीर्ष मतदान प्रतिशत वाले जनपदों में शामिल कराने का संकल्प लें और अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक मतदान करायें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आलस्य बिल्कुल न करें व 5 वर्ष में आने वाले महापर्व में शामिल हों। सभी कोटेदार अपनी दुकानों के बाहर मतदाता जागरूकता से सम्बंधित बैनर लगवाएं। राशन कार्ड धारकों को मतदान की शपथ दिलाएं। अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन व सी विजिल ऐप डाऊनलोड करें। वोट देने से हमारा जनपद, प्रदेश और देश मजबूत होगा। दिव्यांगों व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को घर पर मतदान की सुविधा दी गयी है। मतदान केन्द्रो के नजदीक तक परिवार के साथ वाहन में जाने की छूट दी गयी है।सभी लोग आदर्श आचार संहिता का पालन करें। उल्लंघन के मामले में कंट्रोल रूम नंबर 1950 पर कॉल करके शिकायत कर सकते हैं।
मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि जनपद में महिला, युवा व दिव्यांग मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। सभी का दायित्व है कि मतदान अवश्य करें। सर्वाधिक मतदान वाले जनपदों में जनपद का नाम शामिल कराएं। उन्होंने कोटेदारों को निर्वाचन आयोग के क्यू आर कोड के बारे में बताते हुए कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से हम मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। सी विजिल ऐप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। इसमें शिकायत कर्ता का नाम गोपनीय रहता है तथा 100 मिनट के अंदर शिकायत का निस्तारण किया जाता है। केवाईसी ऐप के माध्यम से हम अपने प्रत्याशी के बारे में जान सकते हैं। इस चुनाव में नारी शक्ति, दिव्यागों व युवाओं को समर्पित बूथ बनाये गए हैं। शेष बूथों को भी आदर्श बूथ बनाया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने कहा कि उचित दर विक्रेता मतदाता जागरूकता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इनके माध्यम से जनपद के 79 प्रतिशत लोगों तक सन्देश पहुँच सकता है। कोटेदारों को कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता से सम्बंधित कैलेंडर व पम्पलेट वितरित किये गए। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने सभी कोटेदारों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। प्रेक्षागृह के कार्यक्रम के उपरांत डीएम ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके उपरांत डीएम ने कोटेदारों की मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राइवेट क्लीनिक के डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन से युवक की मौत का आरोप

* अप्रशिक्षित डॉक्टर के यहां युवक का हुआ था इलाज

जन एक्सप्रेस । हरदोई





**सवायजपुर।** बिना डिग्री, बिना रजिस्ट्रेशन गैर जिम्मेदाराना तरीके से क्षेत्र में अबैध क्लीनिकों व पैथालॉजी लैबो की भरमार है। तमाम शिकायतों के बाबजूद नियुक्त नोडल अधिकारियों की मनमानी से समय समय पर इनके खिलाफ चलाये गए अभियान भी फ्लॉप हो गए।नतीजतन अबैध क्लीनिक संचालको की बल्ले बल्ले होती रही। बुधवार को अरवल क्षेत्र में चल रही एक अबैध क्लीनिक पर अप्रशिक्षित डॉक्टर द्वारा युवक को खांसी के लिए लगाया गया इंजेक्शन काल बन गया। परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने से हुई मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए शिकायत की है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में चल रही दर्जनों अबैध क्लीनिकों व पैथालॉजी लैब की तमाम बार शिकायते की गई। लेकिन स्वास्थ्य महकमे के अधिकारी पूरी तरह मूकदर्शक बने रहे।इन अबैध क्लीनिकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाई के निर्देश देते हुए सीएमओ ने नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये थे।जो कभी कभार यदि क्षेत्र में इनकी जॉच पड़ताल करने भी आये तो खाऊ कमाऊ नीति अपनाते हुए अभियान को पूरी तरह फ्लॉप करके ही चलते बने। नतीजतन इन अबैध क्लीनिक व पैथालॉजी संचालको के मन बढ़ते ही चले गए। क्षेत्र के चौंसार, श्रीमऊ, हरपालपुर, अजतूपुर, बरसोहिया, ककरा, बेड़ीजोर, टिकार, दहेलिया, सहित ग्रामीण क्षेत्रो में एक सैकड़ा से अधिक अबैध क्लीनिक व एक दर्जन से अधिक पैथालॉजी लैब संचालित हो रहे है। जिम्मेदारों की इन पर कभी नजर न जाने से भोले भाले ग्रामीणों के लिए कभी कभी यही अप्रशिक्षित डॉक्टर भगवान की जगह यमराज का काम कर देते है। बुधवार को अरवल थाना क्षेत्र के चौंसार गांव के मजरा मनोहर पुरवा निवासी लगभग 42 वर्षीय रामभरोसे पुत्र सियाराम चौंसार स्थित एक प्राइवेट क्लीनिक पर खासी की दवा लेने गए थे। परिजनों के मुताबिक वहां डॉक्टर संदीप कटियार ने उन्हें एक इंजेक्शन लगा दिया जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी और परिजन आनन फानन में रामभरोसे को इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी डॉक्टर संदीप कटियार अपनी क्लीनिक बंद करके मौके से फरार हो गए।उधर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चार पुत्रियां व तीन पुत्र बताए जा रहे हैं।

# पुलिस टीम ने छापा मारकर अबैध शस्त्र फैक्ट्री सहित तीन को किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । हरदोई

पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी द्वारा अपराधों पर नियंत्रण के लिए अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मल्लावां पुलिस, एसओजी, स्वाट सर्विलेंस टीम की संयुक्त कार्यवाई में अवैध शस्त्र फैक्ट्री सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मौके से भारी मात्रा में बने व अधबनें शस्त्र तथा शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद कर आरोपियो के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया
जानकारी के अनुसार मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि देवी पुरवा कटरी में जाने वाले रास्ते पर झोपड़ी में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध शस्त्रों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए तीन लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने शस्त्र निर्माण करते हुए गिरफ्तार किए गए राम लखन पुत्र हरद्वारी निवासी देवी पुरवा थाना मल्लावां, शेर सिंह पुत्र द्वारिका निवासी देवी पूरवा थाना मल्लावां, अजीत कुमार पुत्र राम सिंह निवासी गंज जलालाबाद थाना मल्लावां के कब्जे से पांच तमंचे 315 बोर व 312 बोर तथा दो जिंदा व खोखा कारतूस एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद कर सुसंगत धारा में अभियोग दर्ज कर कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

## आचार संहिता का करें पूर्णतः पालनः डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई

विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कर्मचारियों को नामांकन के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी दी। पार्किंग आदि की व्यवस्थाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपने दो पहिया वाहनों में मतदाता जागरूकता का स्टिकर अवश्य लगवा लें। कार्यालय में मतदाता जागरूकता का कैलेंडर लगवाएं। प्रतिदिन कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी जाये। मतदान के लिए आस पास के लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों के लिए घर पर मतदान की सुविधा हेतु 12 डी वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग आचार संहिता का पूरी तरह से पालन करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपजिलाधिकारी विजय सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक चैती मेला के मंच पर दूसरे दिन भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में राजेश दीक्षित द्वारा आर0के0 म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम मुख्य अतिथि डा0 अभिषेक मेहरोत्रा, विशिष्ट अतिथि डा0 सौरभ दीक्षित, कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद रस्तोगी एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया। भजन संध्या की शुरुआत आर0के0 म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार भजन गायक राजेश दीक्षित ने - इतनी शक्ती हमे देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो न। हे राम हे राम जग में सांचा तेरो नाम हे राम हे राम से की। चदरिया झीनी रे झीनी गायिक करुणा ने - हे रोम रोम में बसने वाले राम जगत के स्वामी हे अर्न्तयामी मैं तुझसे क्या मांगू।
मैने मोहन को बुलाया है वो आता होगा राधे राधे बोल श्याम आयेंगे। संत भगत हितकारी मेरे राम जी पधारे। गायिक निधि सिंह ने -सत्यम शिवम सुन्दरम। यशोमति मइया से बोले नंदलाला, राधा क्यो गोरी मै क्यो काला। ओ कान्हा अब तो मुरली बाजे सुनाकर श्रोताओं को भक्त रस में सराबोर कर दिया।वाद्यय यंत्रों में की बोर्ड पर बब्बू बाजपेयी, तबला व नाल पर आशू शुक्ला, गिटार व आक्टोपैड पर अपूर्व दीक्षित ने साथ दिया। संचालन मेला प्रभारी मोहित गिरि ने किया।विनोद मिश्रा नगर अध्यक्ष व्यापार मण्डल, डा0 राम औतार यादव सभासद राजेश वर्मा, सब्बन खान, शाहिद अली अंसारी, आशीष अवस्थी लालू, हरिओम वर्मा, रज्जन खां, सुरेश जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, सुशील कुमार, नानकचंद वर्मा, दानिश राईन, मोहित कुमार कनौजिया, सौरभ तिवारी, हर्ष अवस्थी, अनिल गुप्ता, रियाजुद्दीन, इजरान, कफील अहमद, धर्मेंद्र बाल्मीकि शत्रोहन मिश्र, रविंद्र कटियार, धीरज बाजपेयी, नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, आशुतोष शुक्ला, रितेश कुमार, अरविंद कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जय जय श्री राम ने नारों के साथ निकली शोभायात्रा

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। राम नवमी के मौके पर श्री राम भक्त सेवा समिति के लोगों ने शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा की शुरुआत स्वर्गीय राजेन्द्र गिरि स्मारक स्टेडियम से विधायक अमन गिरि और पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने कराई। ढोल नगाड़ो के साथ शोभायात्रा शहर की मुख्य सड़कों से होकर निकाली गई। भक्तों ने कहा कि कितने हर्ष की बात है कि प्रभु श्री राम अयोध्या धाम में विराजमान हो चुके हैं।जय श्री राम के नारों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां भी दिखाई गई। तमाम देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का समापन स्वर्गीय राजेन्द्र गिरि स्मारक स्टेडियम में हुआ। शोभायात्रा में आदित्य मिश्रा, निखिल रस्तोगी, साहिल रस्तोगी, यशवर्धन सिंह, विश्वजीत सोनी, केशव राजपूत, शुभम राठी, तुषार शुक्ला, सागर भारद्वाज, इशित सिंह, शिवम कश्यप समेत तमाम राम भक्त शामिल थे।

### आग लगने से तीन घर जलकर हुए राख

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी। निघासन तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुर्गहा में खाना बनाते समय भड़की आग से तीन घर जलकर राख हो गए। इससे गांव में हड़कंप मच गया। फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया।गांव निवासी अशरफी लाल चौहान ने बताया की मंगलवार की शाम करीब सात बजे घर के बाहर बनी झोपड़ी में खाना बन रह था।इसी दौरान चिंगारी उड़ने से आग लग गई। वह लोग जब तक कुछ समझ पाते। तब तक आग विकराल हो गई।आग ने पड़ोसी रामगोपाल चौहान और भूपेंद्र के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में घर में तीनों घरों रखा जेवर,नगदी समेत सारा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया।सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई।



### डीएम ने लिया लोकसभा चुनाव नामांकन की तैयारियों का जायजा

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने 18 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की नामांकन तैयारियों का आज जायजा लिया। उन्होंने नामांकन कक्ष की व्यवस्थाएं देखी तथा तथा आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### चुनाव को लेकर डीएम ने की बस मालिकों के साथ बैठक

जन एक्सप्रेस । हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बस मालिकों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मालिक अपने ड्राइवरों को बतायें कि चुनाव ड्यूटी के दौरान कोई ड्राइवर शराब न पिए। अपना इपिक कार्ड भी ड्राइवर साथ में लेकर आएं। उनके मतदान की व्यवस्था रवानगी स्थल पर की गयी है। ड्राइवरों के रुकने की व्यवस्था की गयी है। मेडिकल टीम भी तैनात रहेगी। बसों का रुट चार्ट तैयार कर लिया गया है। ईंधन के लिए पम्प निर्धारित कर लिए गए हैं।हरदोई लोकसभा की विधानसभाओं के लिए सीएसएन कॉलेज व मिश्रिख लोकसभा के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं की पार्किंग आईटीआई परिसर में निर्धारित की गयी है। जिलाधिकारी ने बस मालिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

जन एक्सप्रेस । हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक हुई।
जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता के कैलेंडर व पम्पलेट का वितरण कराया जाये। इपिक वितरण की नियमित निगरानी की जाये। 12डी का शत प्रतिशत वितरण कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसानों की मेहनत पर आग ने फेरा पानी



जन एक्सप्रेस । बहराइच

जनपद के ग्राम पंचायत सोहरियांवा में बुधवार सुबह नौ बजे किसानों के खेत में लगी गेहूं की फसल में आग लग गई। जिसमें 30 एकड़ से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पयागपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहरियांवा में किसानों के खेत मे गेहूं की फसल तैयार लगी हुई थी। बुधवार सुबह नौ बजे अज्ञात कारणों से किसान के खेत में आग लग गई। आग ने धीरे धीरे विकराल रूप ले लिया। गांव निवासी किसान पहाड़ी, राजेंद्र प्रसाद, रामगोपाल, विजय, राम भजन, राजेश, अनूप वर्मा, सहज राम वर्मा, उमाशंकर, शुभम शुक्ला, हरीश पासवान, अक्षय तिवारी, काली प्रसाद, अमृतलाल, दद्दन श्रीवास्तव, अजय चौहान, राम मूरत चौहान, पृथ्वी पाल चौहान, तिलक राम, मनोज तिवारी समेत अन्य की 150 बीघा फसल जलकर राख हो गई। पयागपुर और जिला मुख्यालय से भेजे गए दमकल वाहन ने लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया। दो दर्जन से अधिक किसानों की 150 बीघा फसल जलकर राख हो गई है। लेखपाल सौरभ शर्मा की अगुवाई में टीम क्षति का आंकलन कर रही है।

# नगरपालिका की जमीन का करा लिया बैनामा, अध्यक्ष और ईओ ने प्रमुख सचिव को भेजा शिकायती पत्र

जन एक्सप्रेस । बहराइच

नानपारा नगर पालिका की जमीन का राजस्व विभाग की टीम से मिलीभगत कर कुछ भू माफियाओं ने बैनामा करवा लिया। जब कब्जे को लेकर कार्यवाई शुरू हुई, तब नगर पालिका अध्यक्ष को पता चला। जिस पर उन्होंने सीएम, प्रमुख सचिव और डीएम को शिकायती पत्र भेजकर जांच की मांग की है। साथ ही शहर की जमीन को बैनामा और चकबंदी में शामिल करने वाले लोगों पर कार्यवाई की मांग की है। नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद व अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह ने नगर पालिका की 31 संपत्तियों का हवाला देते हुए राजस्व विभाग में जेड ए दर्शाकर कथित भू माफियाओं ने साजिश के तहत कई व्यक्तियों के नाम हस्तानांतरित करवा लिया पालिका की संपत्ति को हड़पने की जांच कराने एवं संपत्ति को पूर्व राजस्व आकार पत्र 41 के अनुसार नान जेड ए दर्ज कराने के संबंध में कार्रवाई करने के लिए अध्यक्ष बोर्ड ऑफ रेवेन्यू राजस्व परिषद सहित प्रमुख सचिव नगर विकास व जनपद के अधिकारियों को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख करते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद नानपारा की सीमा के अंदर गाटा संख्या 4237 क रकबा 1.340 एकड़ आकार पत्र 41 में नाम जेड ए नाला अंकित है। जो नाला संपूर्ण शहर व उसके संलग्नक अन्य क्षेत्रों का पानी नगर पालिका स्थापना से कायम है। इस नाला को आकार पत्र 45 में सोची समझी साजिश एवं राजस्व विभाग तहसील तहसील नानपारा को त्रुटि पूर्ण कार्यशैली के कारण किशन लाल पुत्र रामनारायण निवासी जुबलीगंज नानपारा के आकार पत्र 45 में खाता संख्या 242 पर उक्त नान जेड ए नाला का नंबर 4237 क रकबा 1.340 एकड़ का अंकन कर दिया गया है। जबकि नगर पालिका के अभिलेख खसरा व खतौनी सर्वे सन 1964 65 में खसरा संख्या 4810 साबिक नंबर 8068 रकबा 71 डिसमिल नाला तथा उसी के बगल पूरब खसरा संख्या 4811 साबिक नंबर 8068 रब्बा 53 डिसमिल रास्ता के रूप में अंकित है। जो नगर पालिका संपत्ति को क्षति पहुंचाने की भू माफियाओं की सोची समझी साजिश है।
उक्त अंकन का लाभ उठाकर किशन लाल के वारीसान पंजीकृत दस्तावेज के आधार पर नामांतरण प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है ऐसी स्थिति में नगर पालिका की सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र की नान.जेड.ए. की अन्य संपत्तियां जो लगभग 31 है जिसमे अलग-अलग नंबरों पर मजरूआ, बंजर पिछ्वाड़ा क्लब, क्लब घर, बंजर.तालाब तथा बालक क्रीड़ा स्थल सहित नाला, रास्ता व तालाब,कुआं, आदि के रूप में संपत्तियों नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज हैं। जिसकी सूची अभी तक राजस्व अभिलेखों में नान जेड ए अंकित कराने की कार्रवाई करने का निर्देश करें। नगर पालिका नानपारा के अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह तथा नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल वहीद ने प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन तथा जिलाधिकारी, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय व उप जिलाधिकारी नानपारा को भी पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। नगर पालिका की जमीनों पर अवैध कब्जा होने से नगरीय क्षेत्र में आने वाली सरकारी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिससे नगर का विकास बाधित हो रहा है। नगर पालिका की ओर से बताया कि नगर पालिका नानपारा 1901 में स्थापित हुई है उस समय नगर पालिका की जो भूमि संपत्ति अभिलेखों में अंकित थी। उसका खसरा, खतौनी तथा नक्शा भी नगर पालिका में उपलब्ध है।
लेकिन राजस्व विभाग की मिलीभगत से शहरी क्षेत्र की जमीनों को चकबंदी के दौरान तहसील के अभिलेखों में दर्ज कर लिया गया। इसका भू माफियाओं ने फायदा उठाकर नान जेड ए की जमीन नगर पालिका नानपारा की संपत्ति है।
उसे जेड ए दिखाकर कथा कथित रूप से बैनामा कर कब्जा कर रहे हैं।


# प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी को पीटा

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली के नवाबगंज के लावाखेड़ा बद्रीप्रसाद निवासी गणेश 18 वर्ष की शहर के एक अस्पताल में मंगलवार रात मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि प्रेमिका के परिजनों ने घर में घुसकर पिटाई करने के बाद उसे जहरीला पदार्थ पिला दिया था। तहरीर पर पुलिस ने प्रेमिका सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भाई अर्जुन सिंह ने बताया कि गणेश का एक परिचित युवती से तीन वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच रोज मोबाइल फोन पर बातचीत होती। वे शादी करना चाहते थे मगर, प्रेमिका के परिजन इसके लिए तैयार नहीं थे। वे कई बार गणेश को धमकी दे चुके थे। 15 अप्रैल को युवती का पिता अपने परिचितों के साथ घर में घुस आया। उस समय गणेश घर में अकेला था। परिवार के बाकी लोग गेहूं की कटाई करने खेत पर गए थे। आरोपियों ने गणेश की पिटाई की। इसके बाद उसे जहरीला पदार्थ पिला दिया। घर लौटने पर उन्होंने जब गणेश को तड़पता देखा तो उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान मंगलवार देर रात गणेश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मां राजकुमारी ने गणेश की प्रेमिका, उसके पिता व दो अन्य को मुकदमे में नामजद किया है।

## बेटी की शादी से पहले पिता ने दी जान, नहीं हो पाया था रुपयों का इंतजाम

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर। शाहजहांपुर के कांट क्षेत्र में गांव कमलनैनपुर निवासी रामआसरे (56) ने फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक, मई में होने वाली बेटी की शादी के लिए धन की व्यवस्था न होने से वह परेशान थे। उन पर बैंक का कर्ज भी था। रामआसरे के पास पांच बीघा जमीन थी। वह खेती करने के साथ ही ऑटो चलाते थे। सोमवार शाम परिवार के लोग खेत पर चले गए, तब वह घर से निकल गए। रातभर घर नहीं लौटे। सुबह करीब सात बजे उनका शव गांव के बाहर आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला। सीओ सदर अमित चौरसिया व थाना प्रभारी दयाशंकर ने मौका-मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए परिजनों ने बताया कि रामआसरे ने अपनी बेटी की शादी जलालाबाद में तय की थी। मई में शादी होनी थी। रुपयों का इंतजाम नहीं हो पा रहा था। बैंक से लिए एक लाख 40 हजार रुपये के फसली ऋण की किस्त अदा नहीं करने के चलते नोटिस भी आ चुका था। परिजनों ने बताया कि बेटी की शादी करने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आवेदन किया था। उसमें नाम नहीं आ सका था। हालांकि, नाम न आने का कारण उन्हें नहीं पता। रामआसरे अपने पीछे बेटी मोना, महिमा, संजना और काव्या व एक बेटा शिवांशु को छोड़ गए हैं। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि रामआसरे पर बैंक का कर्ज होने की बात सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया।



# सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में मनाया श्रीराम जन्मोत्सव, उतारी आरती- झूला झुलाया

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**





मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने बुधवार दोपहर श्रीरामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा। वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे। दोपहर के बारह बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम से लोकमंगल की प्रार्थना की।

# फरेंदा की बेटी बनी आईएएस, लोगों ने दी बधाइयां

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**




फरेंदा तहसील क्षेत्र के बहादुरी बाजार टोला मंझरिया निवासी ऐश्वर्या प्रजापति ने 2023 की सिविल सर्विस परीक्षा में मुकाम हासिल कर 10 वीं रैंक लाकर आईएएस बनीं। ऐश्वर्या के सफलता पर लोगों ने बधाई दी और कहा कि बिटिया ने महराजगंज जिले व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। बेटी की सफलता पर लोग खुशी का इजहार किया। बताया जाता है कि फरेंदा तहसील क्षेत्र के बहादुरी बाजार टोला मंझरिया निवासी डॉक्टर राम कोमल प्रजापति की बेटी ऐश्वर्या प्रजापति (यूपीएससी) की सबसे बड़ी प्रशासनिक परीक्षा में देशभर में टॉप टेन स्थान हासिल कर आईएएस अफसर बनीं, जिससे ऐश्वर्या के घर पर बधाईयों का तांता लगा हैं।ऐश्वर्या प्रजापति की प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ के रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल सीनियर सेकेड्री व बीटेक उत्तराखंड से करने के बाद वह विशाखापट्टनम एलएनटी में बतौर इंजीनियर कार्यरत रहीं। नौकरी के साथ सिविल सर्विसेज की तैयारी में कड़ी मेहनत रहीं थीं। वह अपने दूसरे प्रयास में यह मुकाम हासिल किया तो लोग खुशी से झूम उठें। ऐश्वर्या प्रजापति ने बताया कि 2021 से तैयारी शुरू की थी, 2022 में पहली बार परीक्षा दी लेकिन सफलता नहीं मिली। 2023 की परीक्षा की तैयारी में 8 घंटे रोजाना पढ़ाई की इस कड़ी मेहनत और संघर्ष के बदौलत इस मुकाम तक पहुंचीं हूं। इस सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ गुरूजनों का हैं।

पिता लखनऊ में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। माता उर्मिला देवी गृहिणी हैं। उनकी सफलता पर मामा डॉ. महेश प्रजापति,अधिवक्ता दिनेश प्रजापति, मनोज प्रजापति,प्रेम सिंह, सुधेश मोहन श्रीवास्तव, विशुन देव त्रिपाठी,सुरेंद्र पांडेय, सत्येंद्र सिंह, शैलेंद्र श्रीवास्तव, राजू गुप्ता व उमेश चंद भट्ट ने बधाई दीं।

## डंठल की आग से व्यक्ति झुलसा

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** ग्राम पंचायत मोगलहा निवासी अकरम मंगलवार को डंठल में लगे आग से अचानक झुलस गए। जहां ग्रामीणों के मदद से उन्हें बचाया जा सका। अकरम लक्ष्मीपुर से घर जा रहे थे। डंठल में लगी थी। इस चीच सड़क से होकर जाने के कारण झुलस गए। जमुहनिया निवासी असगर खां ने उनको अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय कस्बे में मंगलवार को डीपो रोड पर बंदर के हमले में मदरहना निवासी मनोज उपाध्याय गंभीर रूप से घायल हो गए। जिने ग्रामीणों के मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जबकि लक्ष्मीपुर कस्बे में आए दिन बंदरों का आतंक रहता है। प्रतिदिन कोई न कोई घायल होता लगता है।

## खेत की आग से तीन घर जले, गैस सिलिंडर फटा

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** क्षेत्र के करमहवां सिवान में गेहूं के डंठल में लगी आग से तीन रिहायशी घरों में रखे सामान जलकर राख हो गए। घर के अंदर रखा गैस सिलिंडर फट गया। इससे अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुरदंरपुर थाना क्षेत्र के करमहवा बुजुर्ग गांव के सिवान में मंगलवार को दिन में अज्ञात व्यक्ति ने गेहूं के अवशेषों में आग लगा दी थी। तेज हवा के कारण आग फैल गई और शाहपुर टोला गोकुलपुर निवासी रामजीत वरुण, अशोक, अरविंद के घर में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा गैस सिलिंडर भी फट गया। घर में रखा गेहूं, चावल, कपड़ा, बर्तन, बक्सा, आभूषण, समेत नकदी भी जलकर राख हो गए। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि करमहवा बुजुर्ग गांव के सिवान में आग लगाई गई थी, जो बहुत तेजी से गांव की तरफ बढ़ रही थी। देखते ही देखते आग की लपटों ने हमारे घर को जलाकर राख कर दिया।

## महिला की मौत मामले में बाइक चालक पर केस

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** क्षेत्र के गांव बरवाभोज में सोमवार की रात बाइक की टक्कर से घायल महिला की मौत मामले में मृतका के पति फूलचंद प्रजापति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक पर केस दर्ज किया है। बरवाभोज निवासी फूलचंद प्रजापति ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी शकुंतला देवी सोमवार की रात घर के सामने सड़क पर निकली थीं। खैराटी के तरफ से आ रहे बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय के अनुसार, आरोपी सुनील चौहान उर्फ बन्ने निवासी भुंडी मोहल्ला पर केस दर्ज हुआ है।

## फरार दुष्कर्म आरोपी के घर नोटिस चस्पा

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पिपरिया निवासी दुष्कर्म आरोपी नदीम के घर पर मंगलवार को पुलिस ने धारा 82 की कार्रवाई करते हुए डुग्गी मुनादी करवाई। गांव के लोगों के सामने उसके घर पर नोटिस चस्पा किया गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी नदीम के खिलाफ आंबेडकर नगर जिले के टांडा कोतवाली में केस दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को उसके घर पर नोटिस चस्पा कर डुग्गी मुनादी कराया गया।

## मारपीट में युवक घायल, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** थाना क्षेत्र के झुलनीपुर नहर मार्ग पर मामूली बात को लेकर कुछ युवकों के बीच मारपीट हो गई। जिस दौरान एक युवक घायल हो गया। जिसे लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक घर लौटते वक्त कुछ युवकों में मामूली बात को लेकर झुलनीपुर नहर स्थित टिकुलहिया गांव के सामने मारपीट शुरू हो गई। जिस दौरान टिकुलहिया गांव निवासी अमरेश (27) घायल हो गए। मामले में तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कीटनाशक पीने से किशोरी की हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस/निचलौल।** कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी मंगलवार को मामूली बात को लेकर कीटनाशक पी ली। उसके बाद किशोरी की हालत बिगड़ने लगी। किशोरी की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद किशोरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अंग्रेस सिंह ने कहा की परिजनों से जानकारी मिली की किशोरी मामूली बात से नाराज होकर घर में रखे कीटनाशक पी लिया था। इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई है।

## दलित उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** फाजिलनगर कस्बा के वार्ड नंबर एक निवासी राजन पासी ने पटहेरवा पुलिस को तहरीर देकर कहा कि बीते चार अप्रैल को दूध लेने वे कूचिया मठिया गए थे। वहां से वापस आते समय गांव के मेनका चौराहा पर गांव के ही तीन लोग उन्हें जाति सूचना शब्द का प्रयोग करते हुए अपशब्द बोलने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

## सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के सिकटा टोला बलडीहा गांव निवासी 57 वर्षीय रामविलास विश्वकर्मा सोमवार की देर शाम को पैदल घर जा रहे थे। अभी वह गांव के पास पहुंचे थे कि बाइक सवार युवक ने पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज लगी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने हाटा सीएचसी पर पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर राजप्रकाश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घर वाले अभी तहरीर नहीं दिए हैं। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर लिया जाएगा। हादसे में अधेड़ की मौत के बाद घर वालों में चीख-पुकार मच गई।

# गोरखपुर से अयोध्या के बीच शुरू हुई रामनवमी स्पेशल

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



रेल प्रशासन ने चैत्र रामनवमी के अवसर पर अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए गोरखपुर से अयोध्या के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गोरखपुर-अयोध्या धाम-गोरखपुर अनारक्षित रामनवमी मेला विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 16 अप्रैल से शुरू हुआ। यह ट्रेन 18 अप्रैल तक चलेगी। वहीं वापसी यात्रा के लिए अयोध्या धाम से 17 से 19 अप्रैल तक 3 फेरों के लिए चलाई जाएगी।

इसके अलावा मुंबई समेत कुछ अन्य जगहों के लिए भी समर स्पेशल ट्रेन चलाने को मंजूरी मिली है। गोरखपुर-अयोध्या धाम अनारक्षित रामनवमी मेला विशेष गाड़ी गोरखपुर से रात में 08.35 बजे चली। यह ट्रेन डोमिनगढ़, जगतबेला, सहजनवां, सीहापार, मगहर समेत सभी प्रमुख स्टेशनों पर रुकते हुए अयोध्या धाम स्टेशन पर रात में 02.45 बजे पहुंचेगी।

वापसी में यह ट्रेन अयोध्या धाम स्टेशन से भोर में 03.45 बजे प्रस्थान कर सुबह 08.40 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसके अलावा छपरा-अमृतसर-छपरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन छपरा से 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को और अमृतसर से 27 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को 10 फेरों के लिए चलाई जाएगी।

इसी प्रकार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 19 अप्रैल से 24 मई तक प्रत्येक शुक्रवार और गोरखपुर से 20 अप्रैल से 25 मई तक प्रत्येक शनिवार को 06 फेरों के लिए किया जाएगा।

इसके अलावा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 18 अप्रैल से 16 मई तक प्रत्येक बृहस्तपतिवार को और गोरखपुर से 20 अप्रैल से 18 मई तक प्रत्येक शनिवार को 05 फेरों के लिए किया जाएगा।

पुणे-गोरखपुर-पुणे ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन 20, 24 एवं 28 अप्रैल को पुणे से और 23, 27 अप्रैल एवं 01 मई को गोरखपुर से 3 फेरों के लिए किया जाएगा। वलसाड-गोरखपुर-वलसाड ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन बलसाड से 16 अप्रैल मंगलवार को और गोरखपुर से 18 अप्रैल बृहस्पतिवार को एक फेरा के लिए किया जाएगा।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 16 अप्रैल को और गोरखपुर से 18 अप्रैल को एक फेरे के लिए किया जाएगा।

# वीजा पर बीती जवानी, 70 की उम्र में बनेंगे हिंदुस्तानी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में वीजा पर बीती जवानी, 70 की उम्र में बनेंगे हिंदुस्तानी। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने के बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश से गोरखपुर भागकर आए तीन लोग अब भारतीय कहलाएंगे। यह लोग जब भारत आए थे, तब इनकी उम्र 25 से 30 वर्ष थी।

इसमें कोई 52 साल तो एक भाई-बहन 41 वर्ष से वीजा पर यहां रह रहे थे। हर साल सरकारी कर्मचारी इनके घर जाकर वीजा नवीनीकरण करते थे। अब भारतीय होने की आस जगी है। विदेशी पंजीकरण अधिकारी कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि तीनों को उनके घर जाकर इसकी लिखित और मौखिक तौर पर जानकारी दे गई है। भारतीय नागरिकता ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करते ही नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पाकिस्तान से भागकर अटारी चेक पोस्ट से होकर रमा पाठक और बसंत कुमार पाठक भारत में दाखिल हुए। मूल रूप से पीपीगंज के रहने वाले रामनरेश रोजगार के सिलसिले में पाकिस्तान गए थे और बंटवारे के बाद भी वह वहीं रह गए थे। बाद में जब वहां के हालात खराब होने लगे तो उनकी बेटी रमा पहले आई और उसके बाद भाई बसंत आया। रमा की पीपीगंज के सोनरा गांव में योगेन्द्र पाठक से शादी हो गई। बसंत भी बहन के साथ ही रहने लगे। सिकरीगंज के धोबौली गांव निवासी राजमन की पत्नी भागीरथी देवी करीब 53 साल पहले बांग्लादेश से भागकर भारत आई थीं। भागीरथी देवी बांग्लादेश के बद्दीपुर की रहने वाली थीं। राजमन वहां कोशी नदी के बालू घाट पर नाव चलाते थे। पिता ने राजमन से उनकी शादी कर दी थी। बड़हलगंज के ओझौली गांव के गणेश प्रसाद भी बांग्लादेश से भारत आए थे, लेकिन दो साल पहले उनका निधन हो गया वह नागरिक नहीं बन पाए। गणेश प्रसाद को भी सीएए लागू होने का बेसब्री से इंतजार था।

# ससुराल वालों पर केस दर्ज करेगी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

बहन के देवर से शादी रचाने वाली ममता के ससुराल वालों पर पुलिस केस दर्ज करेगी। पुलिस की जांच में यह मामला सामने आया है। ममता के पिता ने पुलिस को मंगलवार को तहरीर नी है।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर कोठी निवासी टुनटुन शर्मा की शादी चार वर्ष पहले बिहार के डीही मुसहरी गांव में बबिता के साथ हुई है। टुनटुन के भाई राजा का बबिता की बहन ममता से प्रेम हो गया। दोनों ने 29 अक्तूबर को घर से भागकर शादी कर ली थी। करीब एक माह बाद वे दोनों घर आए और बबिता मायके चली गई। उधर, चार दिन पहले किसी ने फोन पर सूचना दी, कि ममता की हत्या कर दी गई है। घटना के दो दिन पहले मायके वालों ने फोन कर युवती से बातचीत करने की कोशिश की थी। बात कराने से युवक आनाकानी करने लगा। मायके वालों ने घर आकर देखा, तो घर पर कोई नहीं था। दरवाजे पर ताला बंद मिला। युवती के पिता ने विशुनपुरा पुलिस को तहरीर देकर हत्या कर शव छिपाने का आरोप लगाया था। रविवार की सुबह एक नाविक ने लक्ष्मीपुर गांव के सामने नारायणी नदी में बोरी में शव देख इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना स्थल पर पहुंची बरवापट्टी और विशुनपुरा पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की तो बोरे में मिले युवती के शव की पहचान ममता के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शव मिले बोरी का मुंह ईयर फोन की तार से बंधा था।

बोरी खोलने पर कंबल से लिपटा युवती का शव मिला था। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सका और बिसरा सुरक्षित कर लिया गया।

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** घुघुली थाना क्षेत्र के पकड़ी बिशुनपुर में मंगलवार सुबह विवाहिता का फंदे से लटका शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, घुघली थाना क्षेत्र के पकड़ी बिशुनपुर निवासिनी पूनम 32 मंगलवार रात खाना खाकर के अपने कमरे में सो गई। सुबह उसका पति नंदू काम करने चला गया। उसका दस वर्षीय पुत्र शिवम ने अपने पिता को सूचना दिया की मम्मी फंदे से लटकी हुई है। घुघली पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर शव को नीचे उतरवाया। मौके पर घुघुली पुलिस भी पहुंच कर घटना की जानकारी लेने में जुट गई।

# पेट्रोल पंप में साझेदार बनाने का दिया प्रस्ताव, सराफा कारोबारी के हड़प लिए 15 लाख- केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

राजघाट थाना क्षेत्र के बसंतपुर इलाके में सराफा कारोबारी से पेट्रोल पंप में साझेदार बनाने के नाम पर 15 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित सराफा कारोबारी की तहरीर पर 15 अप्रैल को राजघाट थाने में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू हो गई है। आरोप है कि रूपये मांगने जाने पर आरोपी देख लेने की धमकी देने के साथ अपशब्द कहता था।

राजघाट थाने में दी तहरीर के मुताबिक, बसंतपुर निवासी सराफा कारोबारी महेश वर्मा की लक्ष्मी प्रसाद महेश कुमार ज्वेलर्स के नाम से फर्म है। इन्हीं के मोहल्ले के पवन कुमार श्रीवास्तव का एक पेट्रोल पंप उरूवा बाजार में है। महेश ने आरोप लगाया कि मोहल्ले की वजह से पवन से अच्छी जान पहचान हो गई थी, इसी का गलत फायदा पवन कुमार ने उठाया।

महेश ने आरोप लगाया कि वर्ष 2019 में पवन उनके पास आया और बताया कि उसकी पत्नी रश्मि श्रीवास्तव, लक्ष्मी फिलिंग स्टेशन नाम से पेट्रोल पंप चलाती हैं, जिसे चलाने में दिक्कत आ रही है। यह बताकर महेश वर्मा से पेट्रोल पंप में साझेदार बनाने के नाम पर 15 लाख रुपए मांगे।

पवन ने महेश वर्मा से कहा कि इससे उनकी भी अच्छी आय भी होगी। पवन की स्थिति को देखते हुए महेश ने 15 लाख रुपए दे दिए। इसके बाद से लगातार साझेदार बनाने का बात पर टालते रहे। 2023 में एक बार फिर से पुरानी बात याद दिलाकर साझेदार बनाए जाने की बात कही तो पवन कुमार ने परिवार के लोगों की असमर्थता बताते हुए साझेदार बनाने से ही मना कर दिया।

# अप्रवासी भारतीय ने कन्या पूजन व हवन कर की व्रत पूर्णाहुति

**जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर**



गोला तहसील क्षेत्र के पोहिला गांव निवासी अप्रवासी भारतीय डॉक्टर सत्य प्रकाश तिवारी और मां के साथ नवरात्रि पर्व पर 9 दिन का व्रत रखने के पश्चात नवमी पर विधि विधान से यज्ञ हवन व कन्या पूजन कर माँ दुर्गे की आराधना की और व्रत का किया पूर्णाहुति।इस मौके पर डॉ सत्य प्रकाश तिवारी ने मां दुर्गे के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे और चुनरी ओढ़ाकर महाआरती उतार कर श्रद्धा पूर्वक हलवा पुड़ी फलाहार का भोजन ग्रहण कराया तथा दान दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात सत्य प्रकाश तिवारी की मां ने कहा कि मां भवानी सबके दुखों को दूर कर उन्हें सुख समृद्धि प्रदान करें हम सपरिवार की यही विनती है।और कहा कि नौ कन्याएं मां दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है।इस नवरात्रि के महापर्व पर मां दुर्गा से शीश झुका कर हम भक्तगण मन्नतें मांगते हैं की मां मुझे अगले बरस भी ऐसा मौका देना कि आपकी चरण पादुका का आशीर्वाद व चरणामृत मिले और सबकी मंगल कामना आपके आशीर्वाद से हो।इस अवसर पर वैदिक आचार्य डॉक्टर पारसमणी शर्मा नौ कन्याओं सहित श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे।

# डाक निरीक्षक को घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । आनंदनगर महाराजगंज**

फरेन्दा में डाक निरीक्षक के पद पर तैनात आलोक चौधरी को मंगलवार को लखनऊ की सीबीआई टीम ने घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरेंन्दा डाक विभाग में तैनात डाक निरीक्षक आलोक चौधरी द्वारा कर्मचारियों से पोस्टिंग और ट्रांसफर के नाम पर घूस लेने की शिकायत और इसी तरह के पहले से भी कई मामलों को लेकर आयी लखनऊ सीबीआई की टीम जांच करने पहुंची जहां पर डाक निरीक्षक द्वारा एक कर्मचारी से बीस हजार रूपए घूस लेते हुए सीबीआई की टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम के जांच पड़ताल के सवालों का जवाब डाक निरीक्षक द्वारा न दिए जाने और रुपए के साथ पकड़े जाने पर उन्हें अपने साथ सीबीआई की टीम लेकर गई।

# मामूली बात पर तीन किशोरियों ने की जान देने की कोशिश

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

किशोरियों में सहन की क्षमता कम होती जा रही है। छोटी-छोटी बातों पर जान देने पर उतारू हो जा रही है। मंगलवार को जहरीला पदार्थ खाने के बाद मेडिकल कॉलेज में तीन किशोरियों को भर्ती कराया गया। घर वालों ने बताया कि एक किशोरी लहंगा नहीं खरीदने पर जहर खा ली तो दो ने बहनों से विवाद के बाद घर में रखा कीटनाशक दवा पी लिया। किशोरियों की मां ने घर की आर्थिक तंगी और बेटियों की शरारत को बताते हुए रो पड़ी। किशोरियों की इस हरकत को देख डॉक्टर भी हैरान थे।

पटहरेवा थाना क्षेत्र के बाढ़ू चौराहा गांव की किशोरी की बड़ी बहन की शादी इसी महीने होनी है। घर वालों ने उसके लिए 11 हजार का लहंगा खरीदा है। छोटी बहन भी 11 हजार का लहंगा खरीदने की जिद करने लगी। दो दिन से वह नाराज थी। नवमी की पूजा के लिए मां ने उसे डांटा तो घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। भाई और मां किशोरी को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उसका इलाज चल रहा है। किशोरी की मां ने बताया कि दो माह पहले इसके पिता के हार्ट का ऑपरेशन हुआ है। पिछले महीने बहू का ऑपरेशन से बच्चा पैदा हुआ। आर्थिक तंगी से परिवार जूझ रहा है। किसी तरह बड़ी बेटी के हाथ पीले करने की तैयारी चल रही है। लेकिन, लहंगा खरीदने की जिद में नाराज थी और डांटने पर कीटनाशक गोली निगल ली।

# मेडल पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे, छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




विकासखंड गगहा क्षेत्र के बाघागडा गांव मोहल्ला में स्थित मालती देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक पूर्व सैनिक अधिकारी प्रेम नारायण शर्मा व उप प्रबंधक सतीश शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, लूंगी डांस, सॉन्ग चंदा चमके, फनी गर्ल्स डांस की बेहतरीन प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मुग्ध कर दिया। बच्चों ने कव्वाली प्रस्तुत की तो एक अलग ही उत्साह नजर आया। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस सहित कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। वार्षिक समारोह में प्रथम व द्वितीय श्रेणी के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व अंक प्रमाण पत्र शील्ड देकर सम्मानित किया। मेडल व शील्ड पाकर छात्र-छात्राओं के खिल उठे, चेहरे। समारोह में विद्यालय के प्रबंधक प्रेम नारायण शर्मा ने कहा कि विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को विश्व स्तरीय एजुकेशन देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्रोजेक्ट सहित अन्य उपकरण के माध्यम से उनकी पढ़ाई कराई जा रही है। यही कारण है कि तेजी से इन बच्चों में सुधार हो रहा है। इस दौरान उपप्रबंधक सतीश शर्मा ने कहा कि अच्छी शिक्षा व संस्कारित जीवन को एक नया रूप देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। वहीं आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य साजिद अंसारी ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विजय नारायण शर्मा, प्रमोद शर्मा, रणधीर, बसपा नेता रज्जू उर्फ मनीष राय, नागेंद्र शर्मा, दिग्विजय शर्मा समेत अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

83

## चुनाव: भाजपाई गिना रहे सरकार की उपलब्धियां

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** धीरे-धीरे लोक सभा चुनाव तेजी पकड़ रहा है। भाजपाई जनता के द्वार जाकर सरकार की योजनाओं को बता रहे हैं। उपलब्धियां गिना रहे हैं। तो वहीं विपक्ष भी जनता के द्वार जारकर उन पर सवाल दाग रहा है। इधर गांव और शहरो, दुकानों पर लोगों की भीड़ जमा हो रही है। वे भी पार्टियों की चर्चा कर रहे हैं। सही पार्टी चुनने की रणनीति तय कर रहें।

बता दें इन दिनों लोकसभा चुनाव 2024 का खुमार पार्टियों और नेताओं में तो चढ़ा ही है, जनता भी इसमें खूब रुचि ले रही है। एक तरफ नेता खुद की पार्टी को दूसरी पार्टी से बेहतर बता रहे हैं, तो दूसरी ओर जनता उनका आकलन करने में लगी है।

टीएनएफ टूडे के संवाददता का नेताओं से चर्चा का दौर जारी हुआ तो भीड़ लगने लगी। जहां नेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते रहे, वहीं आमजन उनको सुनकर उनकी प्राथमिकताओं पर गौर करते रहे। अपनी-अपनी पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे नेताओं ने बड़ी ही सफाई से अपने जवाब दिए। इसके अलावा विपक्षी प्रतिनिधि के सामने सवाल भी दागे।

# ससुरालीजनों के खिलाफ विवाहिता बैठी धरने पर

## मासूम बच्ची के साथ घर से निकाला बाहर

- पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा
- अंदर जाने के लिए सास ने नहीं खोला गेट

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

पतियों करतूस को विवाहिताएं झेल रहीं हैं। वे एक को छोड़ दूसरी पर नजर रख रहे हैं। इनका परिवार के लोग पूरा सहयोग कर रहे हैं। इससे रिश्ते टूट रहे हैं। ऐसा ही मामला शाहगंज क्षेत्र में हुआ। ससुरालीजनों से परेशान ,विवाहिता आज मासूम बच्ची के साथ ससुराल के दरवाजे पर धरने पर बैठ गई।

थाना शाहगंज के सराय ख्वाजा में विवाहिता को दो महीने की बेटी के साथ ससुरालियों ने घर से निकाल दिया है। घर में प्रवेश के लिए बहू ससुराल के गेट पर ही धरने पर बैठ गई है। सूचना पर पुलिस भी पहुंची, लेकिन सास ने गेट नहीं खोला। इस कारण पुलिस को भी बैरंग लौटना पड़ा। मामले में दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता को पुलिस ने 12 घंटे बाद रिश्तेदार के घर में ठहराया है।



विवाहिता शिकोहाबाद की रहने वाली है। तीन वर्ष पहले शाहगंज के युवक से शादी हुई थी। उसकी दो महीने की बेटी है। पीड़िता का कहना है कि पति राशन डीलर है। शादी के बाद से ही ससुराली परेशान कर रहे हैं। पति के एक युवती से संबंध हैं। वह उसे घर में लाना चाहता है। ससुर अश्लील हरकत करता है। विरोध पर घर में सीसीटीवी कैमरे लगाए। वह अपनी बच्ची को दूध पिला रही थी। इसका सीसीटीवी फुटेज ससुर ने वायरल कर दिया। एक महीने पहले पति छोड़कर चला गया। अब वह घर नहीं आ रहा है। इस कारण एक कमरे रह रही है। सास-ससुर मदद नहीं करते हैं। वह घर से सामान लेने निकली थी। वापस आई तो देखा कि सास बेटी को गेट के बाहर लेकर खड़ी है। उसके पहुंचने पर बेटी को नाले के पास लिटा दिया। इसके बाद घर का गेट अंदर से बंद कर लिया। उन्होंने घर में अंदर लेने के लिए गुहार लगाई। मगर, सास गेट खोलने को तैयार नहीं हुई। 112 नंबर पर कॉल करने पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने भी गेट खुलवाने का प्रयास किया। मगर, ससुराल पक्ष की महिलाएं छत पर चढ़ गईं। पुलिस का वीडियो बनाने लगीं। इस पर पुलिस लौट आई। 12 घंटे तक बहू ने धरना दिया।

एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि पीड़ित महिला को रिश्तेदार के घर पहुंचाया गया है। ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का साफ तौर पर कहना है कि वह तब तक धरने से नहीं उठेगी, जब तक उसको न्याय नहीं मिल जाता। वह घर के बाहर ही अपने दो माह के मासूम बच्चे के साथ कड़ी धूप में धरने पर बैठ गई है। इस पर भी ससुरालियों का दिल नहीं पसीज रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### केमिकल से पकाया आम पकड़ा, ट्रक लेकर भागा सप्लायर

**जन एक्सप्रेस/मोदीनगर।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दिल्ली-मेरठ मार्ग पर रुकमणी मार्केट स्थित फलों की दुकानों पर मंगलवार को निरीक्षण किया। यहां खतरनाक केमिकल से पकाए जा रहे आम की सप्लाई की जा रही थी। एफएसओ ने सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मीरा सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर रुकमणी मार्केट के बाहर फल बाजार के निरीक्षण के दौरान भाटिया फ्रूट कॉर्नर पर आम की खेप उतारी जा रही थी। उन्होंने आम पेटियां खोलकर देखा तो उसमें केमिकल की पुड़िया रखी थी। यह देख आरोपी सप्लायर आम सहित ट्रक लेकर फरार हो गया। मीरा सिंह ने बताया कि आम को पकाने के लिए पेटी में प्रतिबंधित केमिकल की पुड़ियां पाई गई। जिसे कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा जा रहा है। इसके अलावा राजकुमार और फरार सप्लायर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि फलों के पकाने के लिए केमिकल के इस्तेमाल पर रोक है। इसके बावजूद आम को पकाने के लिए केमिकल की पुड़िया लगाई जा रही थी। इसके अलावा कई दुकानदार लाइसेंस भी नहीं दिखा सके। जिनके पास लाइसेंस नहीं है उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

### लालकुआं का ट्रैफिक जाम खत्म कराएंगे, हिंडन पर उड़ान बढ़वाएंगे

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार अतुल गर्ग ने सभी प्रमुख मुद्दों पर खुलकर बात की। उनका कहना है कि अगर वे चुनाव जीते तो प्राथमिकता पर तीन काम कराएंगे। पहला हिंडन एयरपोर्ट पर उड़ान की संख्या बढ़वाएंगे। दूसरा, हिंडन से लेकर दौलतपुरा तक एलिवेटेड रोड बनवाएंगे ताकि लालकुआं पर ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म हो जाए। तीसरा, हिंडन नदी को स्वच्छ बनाएंगे। इसका विकास कराएंगे।

### रूस से लाया गया रडार, ट्रायल उड़ानें जल्द

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** रूस से भेजे गए रडार जेवर पहुंच गए हैं। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जल्द ही इन्हें स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उपकरण के आने से एयरपोर्ट के सर्विलांस रडार (एआरएस) नार्थ और साउथ का रुका काम शुरू होगा। एयरपोर्ट से उड़ानों का ट्रायल भी जल्द शुरू होगा। निर्माण कंपनी के पदाधिकारियों ने सितंबर से नियमित उड़ान शुरू करने का दावा किया है। निर्माणकर्ता एजेंसी ने एयरपोर्ट के 3900 मीटर लंबा रनवे लगभग तैयार कर लिया है। एटीसी टावर एवं प्रशासनिक भवन का निर्माण आखिरी चरण में है। उड़ान के ट्रायल के लिए रडार जैसे अहम उपकरणों की आवश्यकता थी। रडार के समय से नहीं आने से फरवरी में उड़ानों का ट्रायल भी नहीं हो सका था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि रडार की व्यवस्था होते ही तय समय से नियमित उड़ान शुरू हो सकेंगी। एयरपोर्ट पर ऑटोमेटिक डिपेंडेंट सर्विलांस ब्रॉडकास्ट (एडीएस-बी), एडवांस सरफेस मूवमेंट गाइडेंट्स एंड कंट्रोल सिस्टम (एएसएमजीसीएस), ऑटोमेशन सिस्टम और सरफेस मूवमेंट रडार (एसएमआर) का काम 30 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। जबकि मौसम विभाग के सहयोग से संचालित किया जाने वाला विंटर फाग एक्सपेरिमेंट उपकरण शुरू हो गया है। उड़ान के ट्रायल से पहले मौसम की जानकारी मिलनी शुरू हो जाएगी। हवाई अड्डा निगरानी रडार (एएसआर) का प्रयोग हवाई अड्डों पर टर्मिनल क्षेत्र, उसके आसपास के हवाई क्षेत्र में विमान की उपस्थिति और स्थिति का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह विमान और जमीन के वाहनों की स्थिति का पता लगाने के लिए हवाई अड्डा की सतह को स्कैन करता है और इसकी जानकारी हवाई यातायात नियंत्रकों को उपलब्ध कराता है।

### पुलिस आयुक्त ने किया थाना अछनेरा का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** बुधवार की दोपहर में पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गौड़ ने थाना अछनेरा का औचक निरीक्षण किया। जिसमें थाना परिसर में कार्यालय, पुलिस बैरक, हवालाती रजिस्टर का अवलोकन किया। वहीं महिला /साइबर हेल्प डेस्क, मालखाना आदि का निरीक्षण किया गया । अपराध नियंत्रण शांति कानून व्यवस्था बनाए रखना तथा प्रभावी जनसुनवाई एवं शिकायतों का विधिक निस्तारण के निर्देश देते हुए थाना परिसर में लगे एक एक सीसीटीवी कैमरों को जांचा। सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 को सम्पन्न करायें जाने हेतु बॉर्डर पर गश्त करने तथा संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की सघन चेकिंग करने के निर्देश पुलिस आयुक्त ने पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी को निर्देश दिए।

### राजस्थान बॉर्डर पर एसीपी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना क्षेत्र से सटे राजस्थान बॉर्डर पर पुलिस के आला अधिकारियों ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने सघनता के साथ वाहनों को चेक किया और उसके बाद वाहनों को बॉर्डर से निकाला गया। एसीपी फतेहाबाद अमरदीप लाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस थाना क्षेत्र से सटे बॉर्डरों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की तलाशी ले रही है बुधवार को शमसाबाद थाना क्षेत्र स्थित राजस्थान बॉर्डर उटंगन नदी पुल पर थानाध्यक्ष शमसाबाद की मौजूदगी में बड़ी पुलिस बल के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चुनाव में अवैध रूप से प्रयोग किए जाने वाले रुपए और शराब को बॉर्डर पर चेक किया गया। चुनाव तक चेकिंग अभियान निरंतर बना रहेगा।

### साइड न देने के विवाद में पुलिस को दी लूट की सूचना

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** साइड नं देने को लेकर वाहन चालकों में हुए विवाद में पुलिस को लूट की झूठी सूचना दे दी। सूचना के बाद पुलिस को करीब दो घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ गई। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो मामला झूठा निकला। पुलिस ने वाहनों को सीज कर दिया है।

थाना बसई अरेला क्षेत्र में अरनोटा स्थिति उटंगन नदी के पुल पर साइड नहीं देने को लेकर तीन वाहन जिनमें, लोडिंग मैक्स, ईको कार व ओटो चालकों में मंगलवार शाम करीब सात बजे विवाद हो गया। जिसके बाद जिला पंचायत सदस्य रामोतार वर्मा ने एसीपी पिनाहट गिरीश कुमार को लूट होने की सूचना दे दी। जिसके बाद पुलिस एक्शन में आ गई। समूचे क्षेत्र की पुलिस चेकिंग अभियान चलाने लगी। वाहनों की लोकेशन व नंबर ट्रेस कर बसई अरेला पुलिस ने मात्र दो घण्टे में तीनों वाहनों को ढूंढकर थाने ले आई। जिसमे मामला साइड नहीं देने को लेकर विवाद निकला। जिसमे शिकायत कर्ता रामोतार वर्मा जिला पंचायत सदस्य हैं। रामोतार का बेटा राजाराम ओटो में बैठकर फतेहाबाद से अपने घर बरपुरा आ रहा था। जिसमे पुलिस ने तीनो वाहनों को सीज कर दिया है। वहीं झगड़े में लूट की झूठी सूचना देने के मामले में शिकायत कर्ता पुलिस कार्रवाई से बचता हुआ नजर आया। वहीं थानाध्यक्ष बसई अरेला अभिषेक तिवारी ने बताया कि झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह किया गया है। जिसमे शिकायत कर्ता पर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

# गर्भवती, प्रसूता और नवजात के लिए करें 102 नंबर पर फोन-सीएमओ

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत 17 जनवरी 2014 को उत्तर प्रदेश में की गई थी। यह 102 एम्बुलेंस सेवा मुख्य रूप से गर्भवती, शिशुओं और बच्चों को सेवा प्रदान करती है। वे बुनियादी चिकित्सा सहायता प्रदान करते हैं और मरीजों को निकटतम अस्पताल तक पहुंचाते हैं । जिले में इस सेवा की कुल 44 एम्बुलेंस क्रियाशील हैं। गर्भवती, प्रसूता, नवजात और दो साल तक के बच्चों द्वारा स्वास्थ्य इकाई तक आने और वहां से वापस जाने के लिए 102 नंबर (टोल फ्री नंबर) एम्बुलेंस सेवा का इस्तेमाल करने की अपील मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव की है ।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि 102 नंबर एम्बुलेंस सभी सरकारी अस्पतालों पर खड़ी रहती हैं । इन पर किसी भी मोबाइल नंबर या लैंडलाइन के जरिये कॉल करके सरकारी प्रावधानों के अनुसार 24 घंटे सेवा ले सकते हैं। इस समय औसतन एक दर्जन लाभार्थी प्रतिदिन इस सेवा का इस्तेमाल कर रहे हैं । गर्भवती जब कभी भी प्रसव पूर्व जांच के लिए सरकारी अस्पताल आती हैं तो वह इस सेवा का उपयोग कर सकती हैं । उन्हें यह एम्बुलेंस न केवल घर से अस्पताल तक लाएगी बल्कि घर पर भी वापस छोड़ेगी । सरकारी अस्पताल में जन्म लेने वाले बच्चों को घर ले जाने के लिए भी इस एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया जाता है । दो साल तक के बच्चे को अगर स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत हो तो सरकारी अस्पताल तक लाने और घर ले जाने के लिए इस सेवा का इस्तेमाल कर सकते हैं । नसबंदी सेवा अपना चुकी महिला को घर छोड़ने के लिए भी यह एम्बुलेंस उपयोग में आती है।

एम्बुलेंस सेवा के नोडल अधिकारी डॉ. एसके राहुल ने बताया कि 102 नंबर एम्बुलेंस सेवा एक बेसिक लाइफ सपोर्ट सेवा है और इसमें प्राथमिक देखभाल की सभी सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। इसके पायलट और इमर्जेंसी मेडिकल टेक्निशियन (ईएमटी) प्रशिक्षित होते हैं । गर्भवती और दो साल तक के बीमार बच्चों को एक सरकारी अस्पताल से दूसरे उच्च सरकारी अस्पताल तक ले जाने में भी इस एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया जाता है । एम्बुलेंस सेवा के नोडल अधिकारी की देखरेख में जिला महिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछनेरा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में एम्बुलेंस हेल्प डेस्क भी कार्य करता है । वहां सेवाएं लेने वाली लाभार्थी हेल्प डेस्क की मदद से घर जाने के लिए भी सम्पर्क कर सकती हैं।

## बीएसए का आदेश स्कूल संचालकों ने डाला रद्दी की टोकरी में

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कॉन्वेंट स्कूल के संचालकों के द्वारा दी जा रही महंगी किताबें और फीस को लेकर बच्चों के परिजनों ने एवं पापा टीम संस्था के द्वारा विरोध किया गया था। मामला जिलाधिकारी तक पहुंच गया था। जिलाधिकारी ने इसको संज्ञान में लेते हुए स्कूल संचालकों को नोटिस भेजने के आदेश दिए थे। बीएसए ने पांच स्कूल संचालकों को नोटिस भेजा था। उन्हें 12 अप्रैल तक का समय दिया था, लेकिन अभी तक दो स्कूल के संचालकों ने जबाव दिया हैं। शेष ने इस आदेश को रद्दी की टोकरी में डाल दिया है। बता दें आगरा के कॉन्वेंट स्कूलों में मनमानी फीस, किताब कॉपी और यूनिफार्म के बढ़ती कीमतों पर पेरेंट्स ने प्रदर्शन किया था। बीएसए से लेकर डीएम तक को शिकायत की। इसके बाद डीएम के निर्देश पर बीएसए ने पांच स्कूलों को नोटिस दिया था। 12 अप्रैल को जवाब देना था, लेकिन स्कूलों ने अपने स्टाफ भेजकर खानापूर्ति करवाई। बीएसए ने 16 अप्रैल तक का समय दिया। इस पर भी सिर्फ दो ही स्कूलों ने जवाब दिया है। शहर के पांच स्कूलों के पेरेंट्स ने अधिकारियों से महंगी किताबों के बारे में फिर से शिकायत की है।

# मरम्मत कार्य के लिए एलिवेटेड रोड एक तरफ से बंद

**जन एक्सप्रेस । नोएडा**

एलिवेटेड रोड की मरम्मत को लेकर विभागों में आपसी तालमेल की कमी बुधवार को खुलकर सामने आ गई। सेक्टर-18 से 31-25 चौराहे पर उतरने वाले लूप रोड तक का काम पूरा नहीं हो पाया। इससे ट्रैफिक पुलिस की ओर से बुधवार से इस रूट पर वाहनों को दौड़ाने के मंसूबे पर पानी फिर गया। इधर बुधवार को प्राधिकरण ने एनटीपीसी से एलिवेटेड रोड के लूप रोड पर भी मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। इससे सेक्टर-18 से सेक्टर 60 तक एलिवेटेड रोड एक तरफ से बंद हो गई है। दरअसल, सात अप्रैल से प्राधिकरण ने एलिवेटेड रोड की मरम्मत का काम सेक्टर-18 की तरफ से शुरू किया था। इसके लिए सेक्टर-31 से 25 तक एलिवेटेड रोड बंद कर दी गई थी। एनटीपीसी के पास लूप रोड से वाहन चालक सेक्टर-60 तक एलिवेटेड रोड पर फर्राटा भर रहे थे। बुधवार से इस लूप पर मरम्मत का काम शुरू हो गया है। हालांकि सेक्टर-60 से 18 की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की आवाजाही जारी है। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव के मुताबिक एलिवेटेड रोड पर मरम्मत का काम बाकी है। मरम्मत का काम पूरा होने के बाद सेक्टर-18 से 60 के बीच पूरी सड़क एक साथ खोली जाएगी। इसके बाद सेक्टर-60 से सेक्टर-18 की ओर वाहनों का संचालन रोककर मरम्मत कार्य किया जाएगा।

एलिवेटेड रोड का पूरा हिस्सा एकतरफ से बंद होने के कारण सेक्टर-18 से 60 तक इस इसके नीचे वाली सड़क पर पूरे दिन जाम जैसी स्थिति बनी रही। करीब दस से पंद्रह मिनट के सफर को पूरा करने में 30 से 40 मिनट लग गए।

ट्रैफिक पुलिस ने चालकों के लिए मंगलवार को एडवाइजरी जारी करते हुए वैकल्पिक मार्ग के प्रयोग का सुझाव दिया था। जिस कारण एलिवेटेड रोड के नीचे वाली सड़क समेत शहर के अन्य मार्गों पर आम दिनों की अपेक्षा वाहनों का अधिक दबाव देखने को मिला।

# निर्वाचन में 37.23 लाख नगद और 8789 लीटर मदिरा बरामद

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एसएसटी एवं एफएसटी पूरी तरह से सक्रिय हैं।आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा भी लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। लोकसभा चुनाव में लागू आदर्श आचार संहिता को लेकर बरती जा रही सख्ती के प्रभावी परिणाम देखने को मिल रहे हैं। 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तारीखों की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। जिले में 5 विधानसभाओं शहर, कोल, खैर, बरौली, अतरौली में 26 अप्रैल एवं छर्रा व इगलास में 7 मई को मतदान कराया जाएगा। सभी विधान सभाओं में आदर्श आचार संहिता को लागू कराने के लिए एफ एस टी एवं एस एस टी पूरी मुस्तैदी के साथ कार्रवाई कर रही हैं। एडीएम वित्त मीनू राणा ने बताया कि सभी विधान सभाओं में पूरी मुस्तैदी के साथ चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स एवं मजिस्ट्रेट तैनात हैं। विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिले की सभी विधान सभाओं में अब तक 37.23 लाख नगद धनराशि, 8789.4 लीटर मदिरा, 83908 ग्राम मादक पदार्थ की जब्ती की गई है। उन्होंने बताया कि अतरौली में 4.15 लाख, बरौली में 5.7 लाख, खैर में 1.4355, छर्रा एवं इगलास में 10 -10 लाख नगद बरामद किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा शहर में 5627.30, अतरौली में 558.2, बरौली में 423, खैर में 792.4, कोल में 751.5, छर्रा में 438 एवं इगलास में 199 लीटर मदिरा की बरामदगी की गई।

## फिरोजाबाद से बसपा ने बदला प्रत्याशी

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर बसपा ने अपना प्रत्याशी बदल दिया है। सत्येन्द जैन के स्थान पर पूर्व मंत्री चौधरी बशीर को प्रत्याशी घोषित किया है। यह घोषणा बसपा सुप्रीमो ने की है। बता दें लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों चुनाव प्रचार में जुट गई है। लगभग पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशी घोषित भी कर दिए हैं। चुनाव रैली भी कर रहे हैं। फिरोजाबाद लोकसभा सीट से बसपा सुप्रीमो मायावती ने सत्येन्द्र को प्रत्याशी बनाया था। सत्येन्द्र जैन ने क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू कर दिया था। कुछ सभाएं भी कर चुके थे। वे नामांकन दाखिल करने वाले ही थे कि हाईकमान के यहां से फोन आया और उन्होंने सत्येन्द्र जैन के स्थान पर पूर्व मंत्री चौधरी बशीर के नाम की घोषणा कर दी।



**परिवहन निगम के सबसे बड़े सौ करोड़ के घोटाले में शामिल...**

# दोषी लोग कर रहे हैं रोडवेज के बस स्टैंड से संचालन

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

कई वर्ष पूर्व हुए सौ करोड़ के परिवहन निगम घोटाले जिसको मेघ सिंह ग्रुप घोटाले का भी नाम दिया गया था, जिसमे की अलीगढ़ से आगरा और अलीगढ़ से मथुरा के लिए बसों को संचालित किया जाता था वास्तविक कंडक्टर - ड्राइवर को दिहाड़ी के पैसे देकर फर्जी कंडक्टर और फर्जी ड्राइवर बसों का संचालन करते थे और एक बस से एक दिन में हजारों रुपए का नुकसान निगम को देते थे जो कि कुछ वर्ष पहले ही एसटीएफ की कार्रवाई करने के बाद उजागर हुआ। जिसमें कई अधिकारी, चैकिंगकर्त्ता, ड्राइवर और कंडक्टर को तो बाहर कर दिया गया, किंतु जो संविदा परिचालक थे उनके लिए मुख्यालय से साफ तौर पर आदेश किया गया कि इन लोगों को भविष्य में कभी भी निगम एवं निगम के किसी अनुपात में नौकरी नहीं मिलेगी , किंतु वर्तमान में ऐसे परिचालकों के द्वारा जो की तत्कालीन भी फर्जी परिचालकों की कैटेगरी में आते थे और अभी बिना किसी लिखित पड़त के अलीगढ़ के मसूदाबाद एवं मथुरा के पुराने बस स्टैंड से अनुबंध मालिकों की बसों को संचालन करने का ठेका लिए बैठे हुए हैं । अलीगढ़ में सुबह 6 बजे से लेकर और 11 बजे तक इनका जमावड़ा रहता है । जिसकी तनख्वाह इनको अनुबंधित बस मालिकों के द्वारा दी जाती है। सूत्रों की माने तो अलीगढ़ के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में पिछले करीब 25 वर्षों से तैनात एक लिपिक के कई रिश्तेदारों के नाम पर कई बसें अनुबंध के अंतर्गत संचालित की जा रहीं हैं। जबकि मुख्यालय से सख्त निर्देश है कि निगम के किसी भी कर्मचारी एवं उसके रिश्तेदार की कोई भी वाहन निगम में अनुबंधित नहीं हो सकती।

# सांसद चाहर का आज होगा शक्ति प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

- लाव लश्कर के साथ दाखिल करेंगे नामांकन
- नामांकन में शामिल होने डिप्टी सीएम आ रहे हैं
- विधायक के पुत्र दाखिल कर चुके हैं नामांकन

फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं प्रत्याशी राजकुमार चाहर पूर लाव लश्कर के साथ आज नामांकन दाािखल करेंगे। उनके नामांकन में शामिल होने के लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी आ रहे हैं। इसकी घोषणा शमसाबाद में हुए संकल्प सभा में राजकुमार चाहर ने घोषणा की थी। सभी से नामांकन में जाने की अपील भी की। इसकी तैयारियां भी पूरी कर ली गई है। एक तरह से यह राजकुमार चाहर का शक्ति प्रदर्शन होगा। बता दें कि भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के पुत्र डॉ. रामेश्वर सिंह ने फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से निर्दलीय पर्चा भरा है। वे मांग कर रहे हैं कि फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी बदले। इस बार पार्टी दबाव में नहीं आती दिख रही है। यह कहा जा रहा है कि राजकुमार चाहर का विरोध हो रहा है तो इसका जवाब 18 अप्रैल को देने की तैयारी है।

राजकुमार चाहर ने कहा सदैव की भांति मिलते रहे आपके आशीर्वाद को शिरोधार्य रखते हुए, फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र को विकसित लोकसभा बनाने एवं फिर एक बार मोदी सरकार की संकल्प सिद्धि हेतु आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति में कल (18 अप्रैल) सुबह 11 बजे नामांकन दाखिल करूंगा।



सांसद राजकुमार चाहर की अपील का असर दिखाई दे रहा है। हजारों लोग नामांकन दाखिल कराने आने वाले हैं। इसकी व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। फतेहपुर सीकरी लोकसभा संयोजक हेमेंद्र शर्मा, फतेहपुर सीकरी लोकसभा प्रभारी राजकुमार पथिक और सांसद मीडिया प्रभारी अन्नू दुबे ने भी नामांकन में आने की अपील की है। नामांकन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी आगरा आ रहे हैं।

## मातारानी के मंदिरों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

नवरात्रों के अंतिम दिन माता के मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। दिनभर माता के नारे मंदिर में गूंजते रहे। कन्या लागुरों को भी भोजन खिलाया गया।

कस्बा से लेकर गांव-गांव माता रानी के मंदिरों में नवरात्रों के अंतिम दिन बुधवार को सुबह करीब 5 बजे से लेकर देर शाम तक पूजा पाठ का दौर चलता रहा। जिसको लेकर मंदिरों में दिनभर भीड़ उमड़ती रही। श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पर भंडारे लगवा कर प्रसाद वितरण भी कराए गए। कस्बा स्थित चौघान वाली माता मंदिर पर बुधवार को एक विशाल मेले का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन किए तो सैकड़ों की संख्या में माता पर नेजा व झंडा चढ़ाए गए।

# यमुना में डूबे बालक के शव को गोताखोरों ने निकाला

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

गांव चरीक्षा जैतपुर में नहाने के दौरान डूबे बालक को गोताखोरों ने दूसरे दिन निकाल लिया। वह बच्चों के साथ खेलने के लिए यमुना नदी पर गया था। बच्चों को नहाते देख वह नहाने लगा था। तभी गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया था। बता दें चरीथा गांव निवासी बबलू का 9 वर्षीय बेटा प्रशांत रोजाना की भांति दोस्तों के साथ खेल रहा था, उसी समय वह अपने दोस्तों के साथ खेलते-खेलते यमुना नदी में नहाने पहुंच गया। नहाते समय तेज बहाव के कारणं गहरे पानी में चला गया। उसके दोस्त जब तक कुछ समझ पाते तब तक वह आंखों से ओझल हो गया। प्रशांत को नदी में डूबता देखकर उसके दोस्तों ने आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों को बताया। ग्रामीण जब तक नदी पर पहुंचे तब तक बहुत देर हो चुकी थी । उन्हें नदी में कहीं भी प्रशांत नहीं दिखाई दिया। घटना की जानकारी जैसे ही गांव में परिजनों को हुई तो कोहरा मच गया और हर कोई घटना स्थल की ओर यमुना नदी पर पहुंचने लगा। सूचना पर जैतपुर थाना अध्यक्ष तरुण धीमान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की जानकारी तहसील प्रशासन के साथ-साथ पीएसी के गोताखोरों के जरिए बालक की तलाश शुरू करा दी, लेकिन शाम तक उसका पता नहीं चल सका था। थाना जैतपुर के प्रभारी ने बताया बालक की तलाश के लिए दूसरे दिन गोताखोरों को लगाया गया। जिस स्थान पर वह डूबा था उससे 100 मीटर की दूरी पर मिला। बालक के शव को देख घर में कोहराम मच गया।



# चुनावी मुद्दा: शारदा नदी की बाढ़, बांध और वादों का पुल

* क्या इस बार भी वादों का बांध बनाकर चल देंगे चुनावी नेता
* बाढ़ प्रभावित मतदाताओं के मन में मथ रहा प्रश्न

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर









"शारदा नदी ने कई साल पहले कृषि भूमि का कटान कर लिया था। तब से सड़क के किनारे चाय की दुकान कर गुजर बसर कर रहे हैं। अभी तक स्थायी समाधान नहीं मिला है।"

**राम दास,**
**निवासी श्री नगर।**



"शारदा नदी पर पक्का तटबंध बनना चाहिए। बाढ से सैकड़ो किसानों की फासले बर्बाद हो जाती है।क्षेत्र के सैकड़ो कटान प्रभावित कृषकों को मुआवजा भी नहीं मिलता है।"

**मोहम्मद फारुख**
**निवासी राणा प्रताप नगर।**



"शारदा नदी में हर साल आने वाली बाढ़ से फसलें बर्बाद हो जाती है। सैकड़ो एकड़ भूमि शारदा में समाहित हो जाती है। चैनेलाइजेशन कार्य में वन विभाग लगातार अवरोध पैदा कर रहा है। मानसून सत्र को कुछ ही माह बचे हैं ।समय रहते बचाव कार्य पूरे नहीं हुए तो इस बार भी ग्रामीणों को बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ेगी।"

**वासुदेव कुंडू**
**प्रधान चंदिया हजारा।**



"चुनाव के दौरान नेता शारदा नदी पर पक्का पुल और तटबंध बनाने का आश्वासन देते हैं। लेकिन हर बार यह वादे बेकार साबित होते हैं। शारदा नदी पर पक्का पुल न होने से बरसात के दिनों में तहसील मुख्यालय पहुंचने के लिए 130 किलोमीटर का चक्कर काटना पड़ता है।"

**रामजीत**
**निवासी ग्राम राणा प्रताप नगर।**

**हजारा।** लोकसभा का चुनाव फिर सामने है,19 अप्रैल यानी शुक्रवार को मतदान होगा,स्वाभाविक है राजनीतिक गहमागहमी के बीच जनता के बीच मुद्दे भी शोर मचाएंगे। पूरनपुर के लोकसभा क्षेत्र में एक बड़ा मुद्दा शारदा नदी पर पक्का पुल और बाढ़ का भी है,चुनाव दर चुनाव बनते आ रहे वादों के बांध को यह बाढ़ हर साल तोड़ती आ रही है।बाढ़ की विभीषिका के साथ टूटती रहती है बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों की तमाम उम्मीदें। सत्ताधारी दल कहने को बाढ़ रोकने के लिए अपने कुछ कार्य या प्रस्तावित परियोजनाएं गिना सकता है, लेकिन यह सब परवान नहीं चढ़ पा रही है,हर वर्ष बाढ़ के चलते विस्थापित होने वाली बड़ी आबादी की पीड़ा तमाम सरकारी प्रयासों पर प्रश्न चिन्ह लगती है। बाढ़ की विभीषिका किसी तरह गुजरती है तो पीछे छोड़ जाती है पीड़ितों की दारुण व्यवस्था और रेत के ढेर। 1970 में बांग्लादेश से विस्थापित हुए 420 परिवारों को उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में बसाया गया था। 1976 मे इन सभी परिवारों को पूरनपुर क्षेत्र के शारदा नदी और जंगल के किनारे चंदिया हजारा में ढाई एकड़ जमीन और घर देकर बसाया गया।यह परिवार आज भी प्रशासनिक व्यवस्थाओं और बाढ़ की विभीषिका से जद्दोजहद कर रहे हैं। इस बार चुनावी मौसम पहले है उसके बाद बारिश और बाढ़ का। पूरनपुर क्षेत्र के चंदिया हजारा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जितनी चर्चा चुनाव की है, उससे कई गुना ज्यादा हर साल आफत बनकर आने वाली बाढ़ की भी है।बाढ़ से पीड़ित रहने वाले मतदाताओं के मन को यह प्रश्न लगातार मथ रहा है कि इस बार क्या बाढ़ से राहत का कोई स्थाई समाधान मिलेगा अथवा इस बार भी चुनाव में नेता वादों के बांध बनाकर चल देंगे। चंदिया हजारा के निवासी राजेश राय कहते हैं बाढ़ की त्रासदी झेलने की आदत हो गई है। गांव नदी के मुहाने पर होने के कारण प्रत्येक वर्ष दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी गांव के इंद्रजीत सरकार का कहना है की बाढ़ के बाद पानी के जल भराव से फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाती है। गांव में पानी घुसने से गृहस्थी भी बर्बाद हो जाती है। प्रशासनिक सहायता ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है, तहसील क्षेत्र के चंदिया हजारा, के अलावा राहुलनगर, राणा प्रताप नगर, नहरोसा के करीब नदी के किनारे पर बसेरा बनाए हुए, इन लोगों का कहना है की बारिश में जल उत्प्लावन होने के कारण दो वर्ष से बाढ़ की त्रासदी झेलनी पड़ रही है। इसके अलावा नेपाल सीमा से सटे आधा दर्जन गांव की आबादी को बाढ़ का सामना करना पड़ता है। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्र बारिश के बाद बनवसा बैराज और नेपाल से पानी छोड़ने जाने के कारण शारदा नदी में जल वृद्धि होने से बाढ़ आती है। हर साल करीब 25 से 30 करोड़ रुपए बाढ़ बचाव कार्य व मरम्मत के नाम पर खर्च किए जाते हैं। इस बार भी शारदा नदी पर ड्रेसिंग सिस्टम से चैनेलाइजेशन व जिओ बैग लगाने के लिए करोड़ों रुपए की परियोजना स्वीकृत की गई। नदी के धार में बदलाव होने से बाढ़ की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। राजस्व विभाग के अनुसार बाढ़ से कम से कम 33त्न फसल नष्ट होने पर ही आर्थिक सहायता देय है। ऐसे में किसानों को कम नुकसान होने पर मुआवजा भी नहीं मिल पाता है।शारदा नदी पार मुहाने पर बसे गांव के ग्रामीण बताते हैं कि शारदा नदी के मुहाने पर गांव अशोकनगर में लगभग 200 परिवार निवास कर रहे थे। 2007 में यह पूरा गांव शारदा नदी में आई बाढ में समाहित हो गया। किसी प्रकार जमीन की बंदोबस्त की और आशियाना बनाया। 150 परिवारों ने जंगल की भूमि पर अस्थाई आशियाना बना लिया तो वहीं 50 परिवार छिटक गए।चार साल बाद बर्ष 2011 में शारदा नदी की बाढ ने 111 परिवारों से आबाद गांव राजीवनगर को अपने आगोश में ले लिया।इन परिवारों को कबीरगंज रोड पर क्रय विक्रय की भूमि पर बसाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ में फसले पूरी तरह बर्बाद हो जाती है। बरसात के तीन महीने काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। शारदा नदी प्रतिवर्ष अपना कहर बार पाती है।शारदा नदी पर पक्का पुल न होने से मानसून सत्र में पौने दो लाख की आबादी का तहसील मुख्यालय से संपर्क कट जाता है। किनारे बसे गांव में नदी कटान कर लोगों को विस्थापन पर मजबूर करती है। इस बार भी बाढ़ और कटान को रोकने के लिए जिओ बैग लगाने का कार्य चल रहा है। चैनेलाइजेशन के कार्य में वन विभाग अवरोध पैदा कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें इस बार भी बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ेगी।

### बाढ़ प्रभावित गांव

चंदिया हजारा, राहुल नगर, खिरकिया बरगदिया, राणाप्रताप नगर, नहरोसा, श्रीनगर, चिरैया टोला, कबीरगंज, राघवपुरी, धर्मपुरी।

### मानसून सत्र में इन पंचायतों का तहसील मुख्यालय से कट जाता है संपर्क

शारदा नदी पार नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र से सटी टाटरगंज, बाजारघाट, बैल्हा, भगवानपुरी, गांधीनगर, नेहरू नगर,राणा प्रताप नगर, विजय नगर, कुठिया गुंदिया, कबीरगंज, भुरजनिया, लक्ष्मण नगर, शांति नगर, बमनपुर भगीरथ, राघव पुरी, टिल्हा नंबर चार, कंबोजनगर सहित 17 ग्राम पंचायतों की पौने दो लाख की आबादी का तहसील मुख्यालय से संपर्क कट जाता है।

### बाढ़ से बेघर हुए परिवार

2007 में अशोकनगर के 200 तथा
2011 में राजीवनगर के 111 परिवार शारदा में समाहित हो गए ।इन परिवारों की सैकड़ो एकड खेतिहर भूमि रेत के ढेरों में तब्दील हो गई।

## पीलीभीत का मतदान प्रतिशत रचेगा इतिहास: जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर

* आधा दर्जन ग्राम पंचायतों के मतदाताओं ने शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ
* आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में मतदाताओं को मतदाता जागरूकता निमंत्रण पत्र बांटे गए

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतिम चरणों में जनपदीय स्वीप कोऑर्डिनेटर शिक्षक इन्तज़ार ख़ान के द्वारा लोकतंत्र के महापर्व दिवस 19 अप्रैल को जनपद में शत-प्रतिशत मतदान कराने के लक्ष्य को प्राप्त कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है इसी क्रम में जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर शिक्षक इन्तज़ार ख़ान ने आज मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जिसमें- ग्राम पंचायत नावकूंड, ग्राम पंचायत- बेहरी खेड़ा, ग्राम पंचायत - कुर्रा कुर्री, ग्राम पंचायत आशा जंगरोली, ग्राम पंचायत - रम्पुरिया, ग्राम पंचायत - धनकुना सहित आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया जिसमें मतदाताओं को मतदाता जागरूकता निमंत्रण पत्र देकर कहा कि आप सभी अपने अपने बूथों पर जाकर मतदान करें और अपने सगे संबंधियों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर समस्त ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता निमंत्रण पत्र एवं मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी ग्रहण कराई गई सभी ग्राम पंचायतों के मतदाताओं ने जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर शिक्षक इन्तज़ार ख़ान को इस बार शत-प्रतिशत मतदान करने का आश्वासन दिया जैसा कि बता दें जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर इन्तज़ार ख़ान लगभग 6 माह से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं आज इनके द्वारा 2000 मतदाता जागरूकता निमंत्रण पत्र बांटे गए हैं। अब तक जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर के द्वारा 15000 लोगों को मतदाता जागरूकता निमंत्रण पत्र देकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई एवं 8000 छात्र छात्राओं को अभिभावक मतदाता जागरूकता चिट्ठी उपलब्ध कराकर उन्हें अपने माता-पिता को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का दायित्व सौंपा गया इस बार पीलीभीत में रिकॉर्ड तोड़ मतदान होने की उम्मीद है।

## पुलिस ने कराई मुनादी की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

रामपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 190/ 23 धारा 307 आईपीसी थाना रामपुर जनपद जौनपुर अभियुक्त सनी सिंह उर्फ मनीष सिंह पुत्र स्वर्गीय ओम प्रकाश सिंह निवासी ग्राम पट्टी थाना रामपुर जनपद जौनपुर व आशु सिंह उर्फ विकास सिंह पुत्र चंद्र प्रकाश सिंह उर्फ पप्पू सिंह निवासी ग्राम पट्टी थाना रामपुर जनपद जौनपुर के घर 82 सीआरपीसी का तामिला करते हुए विवेचक उपनिरीक्षक राम जी सैनी मय हमराह फोर्स

## श्री रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में कवि एवं विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बुधवार को रघुवीर चैरिटेबल ट्रस्ट एवं श्री ब्राह्मण सेवा समिति भारतीय भाषाओं तथा ललित कलाओं के संवर्ध्दन हेतु समर्पित साहित्यिक समाजसेवी संस्था शब्दांकुर के तत्वाधान में श्री राम नवमी पर्व के उपलक्ष में कवि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया यह आयोजन मोहल्ला सुनगढ़ी गांधी स्टेडियम के सामने स्थित कार्यालय अक्षय निकेतन पर पंडित अरुण भारद्वाज एडवोकेट पत्रकार की अध्यक्षता में सुकवि पंडित पुष्पेंद्र शुक्ला दीप के कुशल संचालन में संपन्न हुआ।
कवि एवं विचार गोष्ठी का शुभारंभ माता एवं अखिल ब्राह्मण रंगमंच के नायक अयोध्या नरेश मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम भगवान के चित्रों पर माल्यार्पण पूजन अर्चनदीप प्रचलन के साथ हुआ इस अवसर पर शिक्षिका लक्ष्मी देवी शर्मा की वाणी वंदना के साथ शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि उद्बोधन करते लोकतंत्र सेनानी शब्द अंकुर के पूर्व अध्यक्ष रघुवीर चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक प्रख्यात कवि कैलाश चंद्र गुप्ता समुद्रगुप्त ने कहा भगवान श्री राम से अधिक राम के नाम की महिमा पुराणों में की गई है राम-राम उच्चारण से प्राणी मृत्यु के दुख से भी मुक्त हो जाता है पंडित अरुण भारद्वाज ने कहा मोदी योगी सरकार देश में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या राम जन्म भूमि में करने के बाद भारतवर्ष में रामराज्य स्थापित करके भारत को विश्व गुरु की पदवी पर आसीन करने के प्रयासों में सतत प्रयासरत हैं धार्मिक दृष्टिकोण से राम राज्य इस भूमंडल पर ईश्वरीय कहा जा सकता हैं।
राजनीतिक दृष्टिकोण से रामराज एक ऐसा पूर्ण प्रजातंत्र है जो अधिकार वर्ण स्त्री तथा पुरुष के विभेद पर आश्रित असमानताएं तिरोहित हो जाती हैं। विद्वान शिक्षक पंडित राजीव त्रिवेदी शिक्षिका अल्पना शुक्ला ने कहा श्री राम मर्यादित जीवन पर आधारित रामायण के द्वारा भारतवर्ष से स्वार्थ प्रताप का दोष जितना दूर हुआ है उतना किसी भी नीतिबान धर्म विद समाज सुधारक राजपुरुष और राजा के द्वारा आज तक नहीं हो सका कपिल शर्मा अजय किशोर शर्मा सचिन मिश्रा श्री राम शर्मा सुनील शुक्ला आशीष कुमार सक्सेना सुमन शर्मा गीता मिश्रा सुचित्रा शर्मा विवेक त्रिवेदी ने भगवान राम की महिमा का गुणगान करते हुए कहा भगवान राम का अवतार ब्राह्मण गौ माता देवताओं तथा संत महात्माओं के कल्याण के लिए हुआ हैं।
जय लोकतंत्र की कवित्री संतोष भारद्वाज ने काव्य पाठ करते हुए कहा दिल की हर धड़कन पर अपनी मैं बस एक नाम लिखा है पूजा मैं करती हूं जिनकी उसका सीताराम नाम लिखा है तेरी सलोनी सांवरी सूरत मैंने मन मंदिर में बसाई जिस चेहरे पर नजर गई तो उसमें तेरी ही छवि पाई अपनी तो बस यही अर्ज है एक दिन दर्द दिखा दो आकर जन्म-जन्म की भर की रही मिलेगी मंजिल तुमको पाकर समापन राष्ट्रगान प्रसाद वितरण के साथ हुआ सभी ने जय श्री राम के नारे लगाकर राम जन्म की बधाई दी।

## बीएसए के अनुमोदन के साथ ही प्रधानाध्यापक का निलंबन हुआ पक्का

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुइथाकला। शिक्षा क्षेत्र में इन्दिरा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूढ़ूपुर में बतौर प्रधानाध्यापक नियुक्त रोहित सिंह यादव का निलंबन सोमवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल के अनुमोदन के साथ ही पक्का हो गया।इस कार्रवाई के बाद से शिक्षा क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। उक्त आदेश प्रधानाध्यापक द्वारा शिक्षक आचरण सेवा नियमावली के विरुद्ध कार्य करने पर लिया गया।
बता दें कि विगत बीस मार्च को उक्त विद्यालय के प्रबंधक द्वारा अनुशासनहीनता के आरोपी प्रधानाध्यापक रोहित सिंह यादव का निलंबन आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया था। जिसके सन्दर्भ में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने 21मार्च को मामले की जांच हेतु त्रि-स्तरीय जांच समिति का गठन कर जांच आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था । तदोपरांत 12अप्रैल को जांच समिति द्वारा सौंपी गई जांच आख्या और पूर्व में प्रबन्ध समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर प्रबंधक द्वारा किए गए निलंबन आदेश पर आखिरकार सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के अनुमोदन का मुहर लग ही गया।
अनुमोदन का मुहर लगने के साथ ही प्रधानाध्यापक का निलंबन पक्का हो गया।
फिलहाल प्रधानाध्यापक के विरुद्ध इस कठोर कार्रवाई से शिक्षा क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

## हिन्दू युवा वाहिनी ने रामनवमी पर निकाली शोभायात्रा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



खेतासराय नगर में बुधवार को रामनवमी पर हिन्दू युवा वाहिनी की ओर से शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें धर्म प्रेमियों का जनसमूह उमड़ पड़ा। शोभायात्रा की सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। व्यवस्थापक मनीष कुमार गुप्ता धर्मरक्षक की देखरेख में शोभायात्रा गोलाबाजार से दोपहर बाद निकाली गई। मेनरोड, चौराहा, पंजाब नेशनल बैंक, दुर्गा मंदिर, पुरानी बाजार, संकटमोचन मंदिर, काली मंदिर होते हुए पुनः गोलाबाजार पहुंच कर शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के भव्य रथ के साथ शिव जी, हनुमान जी, मां दुर्गा, रानी लक्ष्मीबाई, शिवाजी, महाराणा प्रताप की अद्भुत झांकियां शामिल रही। शोभायात्रा में शामिल घोड़े और भक्ति भरा संगीत सुंदरता बढ़ा रही थी। मुख्य अतिथि डॉ.अवनीश सिंह गुरु जी ने मंत्रोचारण के बाद आरती उतार कर शोभायात्रा का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में राहुल बरनवाल, अनिल प्रजापति, राविंस गुप्ता, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय, धर्मेंद्र मिश्रा, संजय विश्वकर्मा, शांतिभूषण मिश्र, अमलेंद्र गुप्ता, धर्मचंद गुप्ता, डॉ0 गजेंद्र पाण्डेय दिलीप कुमार मौर्य, सिंटू मिश्रा, प्रदुम्न तिवारी मिंटू विशाल यादव, मुकेश कुमार प्रजापति, शामिल रहे।
सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी शाहगंज जितेंद्र सिंह चौहान सर्किल के थानों की फोर्स के साथ उपस्थित रहे प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह मय फोर्स चक्रमण करते रहे।

## बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह के गनर की गोली मारकर हत्या, मचा हड़कंप





* पुलिस ने टीम गठित कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का किया दावा


जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह के पूर्व निजी सुरक्षा गनर को देर रात पड़ोसियों ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर गोली व चाकू मारकर हत्या कर दी जिससे इलाके में सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में जिला चिकित्सालय ले गई जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया बताया जाता है कि थाना सिकरारा क्षेत्र के रिठी गांव निवासी अनीस खांन 40 बीते मंगलवार देर शाम किसी निजी कार्य से बाजार जा रहे थे तभी पहले से ही घात लगाए बैठे पड़ोसी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर गोली व चाकू मारकर फरार हो गए हत्या की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष यजुर्वेद सिंह सिकरारा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर गम्भीर रुप से घायल अनीश को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सक डॉक्टर के के पांडेय ने घायल अनीश को मृतक घोषित कर दिया। पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0अजय पाल शर्मा घटनास्थल का निरीक्षण किया और आरोपियों पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये सीओ सदर परमानंद कुमार ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह के गनर होने की बात से इनकार किया वही अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पड़ोसी से बहुत पहले से रंजिश चली आ रही थी साथ ही दोनों में बर्चस्व की भी लड़ाई थी बहरहाल परिवार की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## गायत्री मंत्र के जप से ही जीवन के दूर होते हैं सारे विकार: संत अनिल शर्मा

* मनुष्य के जीवन में सत्संग का अधिक महत्व है। इसी से मनुष्य में नई ऊर्जा का संचार भी संभव है।

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**मुंगराबादशाहपुर।** गायत्री मंत्र के जप से ही जीवन के सारे विकार दूर हो जाते हैं। ये बातें शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे संत अनिल शर्मा ने नगर के स्टेशन रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर चल रहे प्रज्ञा पुराण कथा के आठवें दिन भक्तजनों के बीच में कहीं।
उन्होंने आगे कहा कि पीतांबर वस्त्र पहनकर गायत्री परिवार के लोग शक्तिपीठ पर आ जा रहे है। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। ये सभी साधारण व्यक्ति नहीं है। बल्कि इनमें विशिष्ट व श्रेष्ठ आत्माएं है। जो गुरूवर परम पूज्जनीय श्री शर्मा जी के संकल्पित संदेश जिसमें प्राणियों में सद् ज्ञानमयी प्रकाश प्रज्ज्वलित कर रहे है। मनुष्य के जीवन में सत्संग का अधिक महत्व है। इसी से मनुष्य में नई ऊर्जा का संचार भी संभव है। परिवार को चलाने के लिए पत्नी को किसी काम के लिए सबके सामने डांटना नहीं चाहिए। बल्कि उसे अकेले में समझाना चाहिए। तभी परिवार कलह व विघटन से बच सकता है। आरती व पूजन का कार्य शक्तिपीठ के आचार्य गुलाब जी ने सपन्न करते हुए आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। कथा में मुख्य प्रमोद कुमार दुबे, राजेन्द्र साहू,अमन गुप्त, राम लखन आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे के बाद पिता ने लगाई गुहार; दो घायल

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर



प्रयागराज मार्ग पर जिगना थाना क्षेत्र के बिहसड़ा गांव के पास बुधवार की सुबह कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर किया गया है।
मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।
विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर नई बस्ती गांव निवासी मुहम्मद शोहेल (22) पुत्र राजू अपने साथी शहबाज (18) पुत्र ताजुद्दीन और आरिफ उर्फ शैफू (17) पुत्र जहीर के साथ बाइक से प्रयागराज जनपद के भारतगंज पहाड़ी मस्तान शाह बाबा उर्स मेला देखने गया था।
वहां से बुधवार की सुबह घर लौटते समय सुबह दो बजे मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर बिहसड़ा गांव के पास पीछे से आ रही किसी कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों घायल हो गये।
मेला से लौटे अन्य साथी घायलों को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोंई लेकर गये।
जहां डा. मनोज वर्मा ने गम्भीर रुप से घायल मुहम्मद शोहेल को ट्रामा सेंटर वाराणसी और दो का ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया।

### बनेगी आधुनिक मैटेरियल टेस्टिंग लैब

जन एक्सप्रेस । वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में दो पूर्व छात्रों की मदद से वैज्ञानिक रिसर्च के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होने जा रही है। आईआईटी कैंपस में एडवांस और डायनेमिक मैटेरियल पर शोध करने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशाला बनाने की तैयारी है। इसके लिए यहां के दो पूर्व छात्रों 3.65 लाख डॉलर यानी 2.90 करोड़ की धनराशि आईआईटी को दान की है। इस धनराशि से विश्वशांति एडवांस्ड वाइब्रेशन एंड डायनेमिक मैटेरियल्स टेस्टिंग लैबोरेटरी बनाई जाएगी।

# औरैया में भीषण सड़क हादसा: दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों चालकों की मौत, मां बेटी समेत तीन घायल

जन एक्सप्रेस । औरैया



औरैया दिबियापुर मार्ग पर गांव नगला जयसिंह के पास दो बाइकों की भिड़ंत में बाइकों के दोनों चालकों की मौत हो गई जबकि पीछे बैठी मां बेटी समेत तीन लोग घायल हो गए। दो घायलों को गंभीर अवस्था में सैफई रेफर कर दिया गया जबकि शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बुधवार की दोपहर तकरीबन तीन बजे औरैया दिबियापुर मार्ग पर गांव नगला जयसिंह के पास दो बाइकों की तेज भिड़ंत हुई। बताते हैं कि इस बीच पीछे से आ रहे एक ऑटो भी बाइकों से टकरा गया। इस दुर्घटना में दोनों बाइकों पर सवार एक बच्ची समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग बिधूना के कुचैली निवासी लउआ सिंह (61) को चिचौली अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी बेटी मैनपुरी में बेबर की नगला कैली निवासी आराधना पत्नी महेंद्र सिंह एवं नातिन वंशू को दिबियापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार सहायल के पहाड़पुर निवासी छुन्नीलाल पुत्र नाथूराम एवं उसके साथी औरैया में तिलक नगर सैनिक कालोनी निवासी सुनील कुमार (27) पुत्र अजय कुमार को भी दिबियापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। लउआ सिंह को चिचौली अस्पताल में व सुनील कुमार को दिबियापुर सीएचसी में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल आराधना एवं छुन्नी लाल को गंभीर अवस्था में सैफई रेफर कर दिया गया। हालांकि इस दुर्घटना में लगभग दो वर्षीय वंशू को हल्की-फुल्की खरोंच ही आई है। सूचना पर दिबियापुर थाने के प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान एवं एनटीपीसी चौकी प्रभारी सोनी रावत ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। परिजनों ने थाना पुलिस को बताया कि मृतक लउआ खेती गांव में खेती किसानी करते थे जबकि सुनील कुमार मजदूरी करते थे। प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि लउआ की शिनाख्त उनके बेटों ने पहुंचकर कर ली। जबकि सुनील कुमार की शिनाख्त उसकी जेब में मिले आधार कार्ड एवं ई श्रम कार्ड से हुई है। दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### साले के बेटे की शादी में सम्मिलित होने जा रहे थे मृतक

कुचैली बिधूना निवासी लउआ अपनी बेटी आराधना और नातिन वंशू के साथ अपने साले के बेटे की शादी में सम्मिलित होने कानपुर देहात जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। मृतक लउआ के बेटों अभिषेक और शेर सिंह ने बताया कि बुधवार को कानपुर देहात जिले के मुंगीसापुर निवासी उनके मामा रामदास के बेटे जय की शादी थी। वह दोनों लोग घर पर ही शादी में जाने की तैयारी कर रहे थे। इसके पहले उनके पिता एवं बहन बाइक से मुंगीसापुर जाने के लिए निकले थे। रास्ते में यह हादसा हो गया।

### बाइक चालक का हेलमेट हुआ चकनाचूर

दुर्घटना के दौरान मौके पर पड़ा चकनाचूर हुआ हेलमेट हादसे की भयावहता की कहानी कहता नजर आया। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसा इतना अधिक भयानक था कि एक बाइक चालक के सिर पर लगा हेलमेट चकनाचूर हो गया।

# ककवन कस्बे के एतिहासिक जागरण में झांकी कलाकारों की धूम

* नौ दिन चला नवरात्र महोत्सव अन्तिम दिन कलाकारों ने बांधा समा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन कस्बे में प्राचीन सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर में बीते 9 दिनों से चले आ रहे नवरात्र महोत्सव कार्यक्रम का समापन हो गया मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा के साथ 9 दिन चले महोत्सव का शानदार समापन किया गया वहीं मंगलवार की शाम अंतिम दिन भगवती के जागरण में कानपुर के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा भव्य झांकी के स्वरूप का प्रदर्शन किया गया जिसको दर्शकों ने भरपूर मनोरंजन कर कलाकारों के अद्भुत स्वरूप को स बता दें कि बीते 9 दिनों से चली आ रही श्रीराम कथा का समापन भी सोमवार को कर दिया गया था जिसके बाद मंगलवार की शाम कलाकारों के द्वारा भगवान शिव ,राधा -रानी ,सियाराम, बजरंगबली समेत कई देव कलाकारों की झांकी निकाली गई जिसमे भक्तों की मौजूद हजारों की संख्या में भेजने कलाकारों के अभिनय को जमकर सराहा और उनको पुरस्कृत भी किया। बता दें कि बीते 2 दशकों से ककवन के सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर में नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रातः कालीन व सायंकालीन आरती में हजारों लोग एक साथ होकर महाभारत कालीन मंदिर में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं मान्यता है कि मंदिर का इतिहास महाभारत काल का है और अपनी मुराद लेकर जो यहां पर आता है अष्टधातु की प्रतिमाओं में मौजूद नौ देवियां उनका कल्याण करती हैं जागरण के बाद बुधवार को कमेटी के सदस्यों द्वारा प्रतिमा विसर्जन का भी कार्यक्रम कराया ग कस्बा ब्राह्मण के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में प्रतिमा का कृत्रिम विसर्जन निकली गंगा नहर के तट पर किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनुराग शुक्ला,गोलू शुक्ला, अपर्ण , मोनू कुशवाहा, गोविन्द्र गुप्ता, सुनील सविता, समेत दर्जनों युवा समिति मे शामिल रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया जिला कार्यालय में कन्या पूजन

जन एक्सप्रेस/औरैया। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय तुर्कीपुर में जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में नवरात्री नवमीध्रामजनमोत्सव रामनवमी के पर्व पर जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ कन्यापूजन और सुंदरकांड कार्यक्रम संपन्न कराया गया।इस दौरान भाजपा कार्यालय में आस्था का सैलाब देखते बन रहा था।सुंदरकांड होने के बाद माता रानी की आरती की गई।और राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।इसके बाद जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कन्याओं के पैर धूले और उनके चरण वंदन किया।बड़ी संख्या में मौजूद कन्याओं को अपने हाथों से भोजन परोसा इसके बाद जिससे जो बन पड़ा तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने कन्याओं को उपहार देकर आशीर्वाद लिया।इस अवसर पर सभी भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पति-पत्नी में से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से राहत

जन एक्सप्रेस/औरैया। दम्पत्ति कार्मिकों की समस्या को लेकर गंभीर शिक्षक संगठन-यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर के मांग पत्र के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पूर्व की व्यवस्था के अनुसार पति-पत्नी दोनों में से किसी एक को उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त किए जाने हेतु समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।उक्त जानकारी देते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष ओमजी पोरवाल ने बताया है कि संगठन की पहल पर गत लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 एवं विधानसभा चुनाव 2022 में ष्ऐसे पति-पत्नी जो दोनों ही सरकारी सेवा में है उनकी बच्चों के देखभाल की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए उनमें से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने हेतु निर्देश दिए गए थे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर ने अपने पत्र के माध्यम से चुनाव आयोग के संज्ञान में लाया गया था कि चुनाव में पोलिंग ड्यूटी हेतु कार्मिकों को एक दिन पूर्व ही पहुंचना होता है और रात्रि प्रवास पोलिंग स्टेशन पर ही करना होता है ऐसे में यदि पति-पत्नी दोनों की ड्यूटी लग जाती है तो उनके बच्चों की देखभाल का गंभीर संकट उनके समक्ष रहता है।ऐसे में उन दोनों में से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त किया जाना चाहिए ताकि वे बच्चों के प्रति जिम्मेदारी का निर्वाह कर सकें।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को दिए गए पत्र के क्रम में प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी को पूर्ववत कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। शिक्षक संगठन यूटा के मण्डल अध्यक्ष नीरज राजपूत,जिला महामंत्री विनय कुमार वर्मा,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक बाबू गुप्ता सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने चुनाव आयोग के निर्देशों के क्रम में ऐसे कार्मिकों के प्रार्थना पत्रों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर पति-पत्नी में से किसी एक को ड्यूटी से मुक्त करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग की है।

### बिधूना के बूथ सम्मेलन में आज भाग लेंगे कैबिनेट मंत्री

जन एक्सप्रेस/औरैया। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह आगामी 18 अप्रैल को सुबह लखनऊ से चलकर कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बिधूना विधानसभा क्षेत्र के जी टी गेस्ट हाउस में 11 बजे से आयोजित बूथ सम्मेलन में भाग लेंगे।इसके पश्चात् वह इटावा जिले के बूथ सम्मेलन में शामिल होने के बाद शाम 4 बजे इटावा लोकसभा क्षेत्र के औरैया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तिलक इंटर कालेज में 4 बजे आयोजित बूथ सम्मेलन में भाग लेंगे।बूथ सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष,जिला प्रभारी,लोकसभा प्रत्याशी, विधानसभा प्रभारी,संयोजक आदि पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने दी।भाजपा जिलाध्यक्षभुवन प्रकाश गुप्ता ने औरैया,बिधूना के समस्त बूथ अध्यक्षों से बूथ सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है।

### लाखों की लागत से बनी पानी की टंकी से नहीं शुरू हुई सप्लाई

जन एक्सप्रेस/औरैया। दिल्ली हावड़ा रेल रूट पर स्थित कंचौसी रेलवे स्टेशन बदहाली के दौर से गुजर रहा है।स्टेशन पर यात्री सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है।इस भीषण गर्मी में यात्रियों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है। स्टेशन के हैंडपंप खराब पड़े हैं जिन्हें ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई गई है।यही नहीं यात्रियों को ट्रेनों के इंतजार में चिलचिलाती धूप में खड़ा रहना पड़ता है।समस्या को लेकर कई बार यात्रियों ने आवाज उठाई है। बावजूद इस पर ध्यान किसी का नहीं गया है।कंचौसी रेलवे स्टेशन एक प्रमुख स्टेशन है।इस रेलवे स्टेशन पर 4 जोड़ी मेमू ट्रेन के आलावा 2 एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव भी है,कंचौसी रेलवे स्टेशन से रोजाना 1000 से 1200 यात्रियों का आना जाना है।अनदेखी व बदइंतजामी ने इस स्टेशन को बेजार कर रखा है। यात्री कहां बैठें,इसकी व्यवस्था तक नहीं है।एक टूटी टिन शैड है जिसके नीचे बैठना किसी काम का नहीं है।दो पेड़ लगे हुए थे, जिन्हें कटवा दिया गया।ऐसे में अब पेड़ की छाया भी यात्रियों को नहीं मिल पा रही है।स्टेशन पर चार हैंडपंप हैं जिनमें से 2 खराब हैं तो एक में बूंद बूंद पानी आता है।इन स्थितियों में यात्री पीने के पानी के लिए अपनी व्यवस्था पर निर्भर हैं।भीषण गर्मी में यदि किसी को ट्रेन के इंतजार में प्यास लग आए तो फिर उसे पास के गांव की ओर भागना होगा।वही 12 लाख रुपए की लागत से सन 2021 में बनी पानी की टंकी से 3 साल बीतने के बाद भी अभी तक रेलवे प्लेटफॉर्म पर लगे प्याऊ पानी नही पहुंचा है।यात्री दीपू कुमार,अरविन्द कुशवाहा,अभय प्रताप गौर,अभिनव शुक्ला,मोनू चौहान बताते हैं कि इस समस्या को लेकर रेलवे उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा गया है। कई बार जन प्रतिनिधियों ने आश्वासन भी दिया,लेकिन समस्या है कि खत्म होने का नाम नहीं ले रही।इस संबन्ध में स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया पानी की समस्या को रेलवे के उच्च अधिकारीयों को अवगत कराया जा चुका है जल्द ही समस्या का समाधान किया जायेगा ।

### दान मिले धन को सतकर्म में लगाने से पुण्य: प0 धनंजय

जन एक्सप्रेस/औरैया। गॉव उमरी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार को भागवताचार्य पं0 धनन्जय मिश्र ने भक्तों को कथा सुनाते हुये कहा कि धन की तीन गतियाँ होती हैं। पहला दान जो सतकर्म में लगा दिया जाये और दूसरा धन जो भोग लिया जाये।और अगर ये दोनों ना कर सके तो उसका नाश हो जाता है।उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि राजा जनक की पुत्री जब जनक को मिली तो सौभाग्य हुआ फिर राम को मिली तो विकास हुआ फिर वही कन्या रूपी सीता रावण को मिली तो रावण का नाश हुआ।तीनों का अलग अलग ही फल प्राप्ति हुआ।उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि भागवत कथा श्रवण करने मात्र से ही व्यक्ति को आत्मिक शांति और समृद्धि प्राप्त होती है।उन्होंने भक्तों से माता पिता और गुरु का आदर करने की सीख देते हुये कहा कि मानव जीवन में भगवत भजन की बड़ी महत्ता है।लोगों को सनातनी संस्कृति के अनुरूप आचरण करने की भी सीख दी। कथा आयोजक रजनीकांत त्रिपाठी,देवकांत त्रिपाठी एवं अमित त्रिपाठी ने बताया कि बाइस अप्रैल को कथा का विराम होगा।

# सेहुद मंदिर में भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारम्भ

जन एक्सप्रेस । औरैया

दिबियापुर नगर के समीप स्थित सेहुद मंदिर से बुधवार से एक सप्ताह तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा के लिए पूजन के साथ कलश यात्रा और शोभा यात्रा राघव पेट्रोल पंप से शुरू होकर प्राचीन हनुमान मंदिर,दुर्गा मंदिर,फफूंद रोड स्थित राधाकृष्ण मंदिर,थाने के सामने राम मंदिर,थाने के अंदर स्थित मंदिर में कलश यात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में कलश लेकर महिलाएं और उनके पीछे-पीछे पुरुष बच्चे चल रहे थे। वही सेहुद स्थित रामालय शिलालेख का उद्घाटन परीक्षित रामकुमार अवस्थी के पिता विशंभर दयाल अवस्थी द्वारा किया गया।ज्ञात हो कि सेहुद मंदिर में रामालय का निर्माण वरिष्ठ समाजसेवी राम कुमार अवस्थी,उनकी पत्नी जायंट्स ग्रुप ऑफ सहेली की अध्यक्षा संध्या अवस्थी,न्यायाधीश सुश्री आकांक्षा अवस्थी,इंजिनियर अभिषेक अवस्थी के सौजन्य से हुआ है।रामालय के लोकार्पण के समयजायंट्स ग्रुप ऑफ सहेली की अध्यक्षा संध्या अवस्थी अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रही। कथा का शुभारम्भ 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक रहेगा तथा समय दोपहर एक बजे से सायं छय बजे तक होगा।कथा कार्यक्रम नवनिर्मित कथा पंडाल,प्राचीन हनुमान मंदिर सेहुद नाम औरैया रोड दिबियापुर पर सम्पन्न होगा। शोभा यात्रा में विभिन्न देवी-देवता के वस्त्र पहने बच्चे आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे।

# बांके बिहारीजी मंदिर में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन, छाया, पेयजल आदि व्यवस्थाओं पर हुआ मंथन

जन एक्सप्रेस । मथुरा

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने वृंदावन के पर्यटक सुविधा केंद्र सभागार में बांके बिहारीजी मंदिर में श्रद्धालुओं हेतु सुदृढ़ व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली।बैठक में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन प्रदान करने हेतु छाया,पेयजल,स्वास्थ्य, सुरक्षा,यातायात आदि व्यवस्थाओं पर सुझावों का आदान-प्रदान हुआ। दर्शनार्थियों से प्रसाद एवं माला को प्रवेश के समय एक स्थान पर लिए जाने तथा मंदिर से बाहर निकलने पर एक स्थान पर वापस दिए जाने की व्यवस्था पर चर्चा की गई। समस्त मंदिर प्रांगण में ए.सी.की व्यवस्था हेतु आवश्यक व्यवस्था करने पर चर्चा हुई।उचित स्थान पर ए.सी.प्लांट लगाने हेतु आवश्यक व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार की अनुमतियों तथा मानकों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओ की सुविधा हेतु श्री बांके बिहारी जी मंदिर के आस पास आवागमन मार्गों एवं श्रद्धालुओ के होल्डिंग एरिया पर शेडध्छाया,पंखे तथा पानी की व्यवस्था करने हेतु नगर निगम और मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जगह-जगह पर मंदिर में प्रवेश व निकास द्वारों तथा विभिन्न मार्गों के संबंध में दिशा सूचक चिन्ह लगाए।लोगो से अपील करे कि सभी अपने जूता चप्पल जूता घरों या अपने घरों,होटलों में उतार कर आए।लाइन लगाकर श्री बांके बिहारी जी मंदिर के अंदर दर्शन करने की व्यवस्था, ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीकरण व्यवस्था, लाइव स्ट्रीकिंग आदि के संबंध में सुझावों पर मंथन किया गया। बैठक में एसपी ट्रैफिक,एसपी सिटी,सी.ओ.सदर,सीएमओ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अपर नगर आयुक्त, ए.आर.टी.ओ प्रवर्तन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ठाकुर केशवदेव ने धारण किया श्री रामरूप

जन एक्सप्रेस । मथुरा

ामनवमी को श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर श्रीराम-जन्म महोत्सव भाव, उल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवान केशवदेवजी ने श्रीरामरूप में दर्शन दिये। भगवान श्रीरामजी का विशिष्ट मुकुट, धनुष, बाण, तीर एवं तरकस को धारण कर भगवान श्रीकेशवदेवजी का स्वरूप बहुत ही मनोहारी लग रहा था। श्रंगार के लिए विशिष्ट रूप से स्वर्ण मण्डित रजत धनुष, बाण, तीर, तरकस ठाकुरजी की छवि को और भी दिव्य बना रहे थे। श्रीराम जन्ममहोत्सव का मुख्य कार्यक्रम दोपहर 11 बजे श्रीगणेश-नवग्रह पूजन आदि से प्रारम्भ हुआ, तदोपरान्त भगवान का पुष्पार्चन किया गया। दोपहर ठीक 12 बजे भगवान के प्राक्ट्य के समय संपूर्ण मंदिर में ढोल-नगाड़े, झॉझ-मजीरे, मृदंग आदि बज उठे। संपूर्ण मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। बैजनाथ चतुर्वेदी एवं उनकी मण्डली के द्वारा भगवान की प्राक्ट्य आरती का गायन किया गया। बधाई गायन ढोल, मृदंग, झॉझ-मजीरे की ध्वनि के मध्य भगवान श्रीराम का जन्माभिषेक संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, प्रबंध समिति सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी एवं पूजाचार्यो द्वारा संपन्न कराया गया। सभी श्रद्धालुओं को वृहद मात्रा में बधाई रूप में प्रसाद वितरण किया गया। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान के भागवत भवन मंदिर में स्थित श्रीराम मंदिर में नवसंवत्सर 2081 दि.09 अप्रैल से प्रारम्भ हुये श्रीरामचरित मानस के नवान्हपरायण पाठ के समापन दिवस पर आज सैकड़ों श्रद्धालुओं ने स्वर से स्वर मिलाते हुये मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीरामजी के जन्म पर सुन्दर बधाई गायन किया। श्रीरामनवमी के अवसर पर श्रीरामजी मंदिर को भव्य फूलबंगला, विशेष श्रंगार, पोशाक, विद्युत एवं पुष्प-सज्जा से सुसज्जित किया गया। भव्य सज्जा के मध्य विराजमान प्रभु श्रीराम-माता जानकी के श्रीविग्रह श्रद्धालुओं को दिव्य दर्शन का आभास करा रहे थे। इस अवसर पर श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के पदाधिकारी, अधिकारी एवं मंदिर के पूजाचार्यगण आदि व्यवस्थाओं में जुटे हुऐ थे।

# 19 को आएंगे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, बूथ सम्मेलन में होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा आखिरी वक्त में भी बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर देने में जुटी है।इसे लेकर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बूथ सम्मेलन भी कर रहे हैं।19 अप्रैल को डिप्टी सीएम सदर क्षेत्र के एक होटल में भाजपा के बूथ सम्मेलन में शामिल होंगे।डिप्टी सीएम के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। सदर कोतवाल व यातायात प्रभारी ने होटल पहुंच डिप्टी सीएम के दौरे को लेकर हो रही तैयारियों का जायजा लिया।सदर कोतवाल दिग्विजय सिंह ने कन्नौज मानपुर रोड पर स्थित होटल पहुंच डिप्टी सीएम के आने का रूट चेक किया और होटल परिसर में बन रहे पांडाल का जायजा लिया। डिप्टी सीएम इससे पहले भी जिले की तिर्वा विधानसभा के बूथ सम्मेलन में शामिल हो बूथ पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी टिप्स दे चुके हैं।इस बार वह फिर से बूथ,सेक्टर प्रभारियों से मिलेंगे।तैयारियों के बारे में जानेंगे और चुनाव को लेकर जरूरी टिप्स भी देंगे।कोतवाल ने बताया कि डिप्टी सीएम के दौरे को लेकर रुट व सुरक्षा के इंतिजाम पुख्ता किये जा रहे हैं।

# रामनवमी पर विशाल जुलूस यात्रा में जय श्री राम का होता रहा उद्घोष

* हजारों की संख्या में युवा जय श्री राम के नारे लगाते हुए गलियों में पदयात्रा करते हैं

जन एक्सप्रेस । पनकी कानपुर

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी के दिन बजरंग दल तथा अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा पनकी गंगागंज से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बच्चे बूढ़े व युवाओ एवं महिलाएं भी शामिल रही। शोभा यात्रा पनकी में पूरे गंगागंज की गलियों से होते हुए गणेश शंकर, सुंदर नगर एफ ब्लॉक बी ब्लॉक पावर हाउस होते हुए पनकी मंदिर में समापन की गई। जुलूस का प्रमुख उद्देश्य हिंदुत्व को बढ़ावा देना और नए युवाओं को संगठन से जोड़ कर सनातन धर्म को बचाना है। जुलूस का नेतृत्व नरेश सिंह तोमर द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जाता है। यह जुलूस रामनवमी के दिन निकाला जाता है इस जुलूस में हजारों की संख्या में युवा भाग लेकर हाथ में झंडा लेकर जय श्री राम के नारे लगाते हुए गलियों में पदयात्रा करते हैं। इसमें पूरे पनकी के सामाजिक कार्यकर्ता व नेता व्यापारी सभी लोग इस जुलूस में शामिल होते हैं। इनका उद्देश्य हिंदू जागना और हिंदुत्व बचाना जैसे नारे लगा कर भी जागरूक करने को निकाला जाता है। वहीं पर इसी कड़ी में आज पनकी मंदिर के महन्त जितेंद्र दास द्वारा शुभारंभ किया गया। यह जुलूस में प्रमुख रूप से नरेश सिंह तोमर जिला संयोजक बजरंग दल संगठन विवेक द्विवेदी, जय त्रिवेदी, राजीव कुमार, देवी दयाल पाठक भानु प्रताप,अनिल,सुरेन्द्र सिंह संजीव द्विवेदी एवं बजरंग दल के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह एवं पनकी एसीपी तेज बहादुर सिंह की सुरक्षा व्यवस्था में यात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों के लिए 19 अप्रैल को अंतिम अवसर

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का 18 अप्रैल को दूसरे दिन का प्रशिक्षण अकबरपुर डिग्री कॉलेज अकबरपुर में प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें तीन पाली में प्रशिक्षण दिया जाएगा प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वालों के विरुद्ध निर्वाचन में सुसंगत धाराओं में आर0पी0 एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी साथ ही जो कर्मचारी पहले दिन अनुपस्थित रहे हैं उनको एक मौका देते हुए 19 अप्रैल को दोबारा बुलाया गया है इसके पश्चात नियमानुसार उनके विरुद्ध एफआईआर कराई जाएगी मुख्य विकास अधिकारी कानपुर देहात ने निर्देश दिया कि जो कार्मिक निर्वाचन कार्यो में प्रशिक्षण में भाग नहीं ले रहे हैं असहयोग कर रहे हैं उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# रामनवमी की भव्य शोभा यात्रा में उल्लास से भक्तों ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

कस्बे के मौहर देवी मंदिर मंदिर में 9 दिन तक चली दुर्गा पूजा के बाद रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा की शुरुआत मौहर देवी मंदिर पर राम दरबार रथ की आरती पूजन दिव्यांशू सिसौदिया के द्वारा किया गया। इसके बाद शोभायात्रा की शुरुआत की गई। शोभायात्रा मौहर देवी मंदिर से शुरू हो कर गणेश मंदिर तक नगर में भ्रमण किया। मां दुर्गा व राम दरबार के सुन्दर रथ पर जगह जगह लोगो ने फूल बरसा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। वहां बजरंग दल गौ रक्षा दल के युवाओं ने राम नाम के जयकारों के साथ शोभा यात्रा की शुरुआत की शोभा यात्रा में डीजे की धुन पर युवा मस्त होकर नाचते हुए राम नाम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जहां रास्ते की ट्रैफिक व्यवस्था देखने के लिए क्षेत्राधिकारी देवेंद्र सिंह चौकी प्रभारी पुखरायां धीरेंद्र सिंह अपने स्टाफ के साथ शोभायात्रा की आगे आगे चलकर कहीं जाम न लगे इस बात को ध्यान देते हुए यातायात नियंत्रित कर रहे थे। शोभायात्रा बर्तन बाजार होते हुए खाटू श्याम मंदिर के बाद पुनः मौहर देवी मंदिर आ कर रुकी। इस मौके पर गोविंद मिश्रा मंडल अध्यक्ष मुकुल पांडे मंडल महामंत्री आशीष मिश्रा प्रशांत गोयल ऋषि व सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# भाजपा का एजेंट बन काम कर रहे कुछ सरकारी कर्मी: कलीम खान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

* सपा ने 13 साल से जमे कई कर्मियों को चुनाव से पहले हटाने की मांग उठायी है

समाजवादी पार्टी ने चुनाव में उनके समर्थक प्रधानों को धमकाने का आरोप लगाया है।सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान ने इसकी शिकायत भी जिलाधिकारी से की है। सपा ने 13 साल से जमे कई कर्मियों को चुनाव से पहले हटाने की मांग उठायी है। सपा का आरोप है कि ये कर्मचारी भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहे हैं। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान ने आज डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला को शिकायती पत्र सौंपा।शिकायत करने के बाद पार्टी कार्यलय पर पत्रकारों से बात करते हुये उन्होने सरकारी विभाग में कार्यरत कर्मियों पर आरोप लगाये हैं।

### प्रधानों को लगातार धमका रहे

उनका आरोप है कि लंबे समय से एक ही जगह पर जमे ये कर्मी अफसरों की शह पर भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहे हैं और सपा समर्थित प्रधानों को लगातार धमका रहे हैं।

# मतदाता जागरूकता अभियान के जरिये हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास

जन एक्सप्रेस । मथुरा

देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं जिसका चुनावी बिगुल बज चुका है जिसमें प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। जनपद में द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारीध्स्वीप नोडल अधिकारी मनीष मीना के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान बहुत तीव्र गति से चल रहा है। इसमें समाज के हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है और उनको मतदान के प्रति जागरूक करने की कोशिश करी जा रही है, जिससे सभी मतदाता 26 अप्रैल को अपन-अपने बूथ पर पहुँच कर मतदान अवश्य करें। इसी संदर्भ में जिला मास्टर ट्रेनर एवं स्वीप मीडिया समन्वयक मनीष दयाल ने कहा कि समाज की संरचना प्रत्येक वर्ग से मिलकर हुई है और समाज में प्रत्येक वर्ग का अपना योगदन है। चाहे वो उंचले पायदान पर हो या निचले पायदान पर। हम समाज के हर मतदाता तक पहुंचने की और उसे जगरूक करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी प्रयास में हमने समाज के मेहनतकश मोची वर्ग से जुड़ने की कोशिश की है।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

जन एक्सप्रेस । मथुरा

श्री रामलीला सभा के तत्वाधान में चित्रकूट से श्रीराम जी के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। परम्परागत सुबह 12 बजे भगवान श्री राम के विग्रह का दिव्य पंचामृत महाअभिषेक अनिल स्वामी के निर्देशन में विधिविधान से सम्पन्न हुआ। सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, जुगलकिशोर अग्रवाल, प्रधानमंत्री मूलचन्द गर्ग, आय-व्यय निरीक्षक अजय मास्टर, विनोद सर्राफ, संजय बिजली, सुरेन्द्र खोना, अमित भारद्वाज, दिनेश सादाबाद, डॉ. डी0डी0 गर्ग, विवेक सूतिया आदि ने सहभागिता की। सायं 4.30 बजे से चित्रकूट से विभिन्न कलात्मक झॉकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा चित्रकूट से प्रारम्भ होकर मसानी होते हुये कच्ची सडक़, लाल दरवाजा, गुड़हाई बाजार, चौक बाजार, कसेरठ बाजार, स्वामी घाट, छत्ता बाजार, होली गेट, कोतवाली रोड होते हुये भरतपुर गेट पर स्थित अग्रवाल अतिथि भवन पर सम्पन्न हुयी। शोभायात्रा में सबसे पहले बैनरा, घोड़े, ऊँट, ढोल, झांकी, अखाड़ा माँ कैला देवी, झांकी कैला देवी, बैण्ड प्रिन्स, झांकी रामलला, बैण्ड प्रकाश एवं श्री राम जी का रथ शामिल था।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, जुगलकिशोर अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, मूलचन्द गर्ग, शैलेश सर्राफ, प्रदीप सर्राफ पी0के0, विजय सर्राफ करोड़ी, अजय मास्टर, सुभाष चन्द सिक्का, राजकुमार अग्रवाल, शशांक पाठक, शेलू हकीम, संजय बिजली वाले, अजयकान्त गर्ग, विनोद अग्रवाल, हिमांशु सूतिया, राजनारायण गौड, राजीव शर्मा, बॉबी हाथी, चिन्ताहरण चतुर्वेदी, सुरेन्द्र खोना, मनीष गर्ग, सर्वेश शर्मा, हेमंत अग्रवाल, प्रदीप गोस्वामी, मदन मोहन श्रीवास्तव, अनूप टैण्ट, अंकुर गर्ग, गौरव सजावट, मोहित अग्रवाल इत्यादि उपस्थित थे।

# पर्दे के पीछे कांग्रेस-लेफ्ट की विचारधारा एक: पीएम मोदी

## बोले, हमने लूट ईस्ट की नीति को खत्म किया, अब एक्ट ईस्ट की नीति

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी/अगरतला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार (17 अप्रैल) को असम और त्रिपुरा दौरा किया। सुबह असम में जनसभा को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी दोपहर में त्रिपुरा की राजधानी अगरतला पहुंचे। पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद मैदान में जनसभा में कहा, जब त्रिपुरा में सीपीएम और कांग्रेस थीं, तब भ्रष्टाचार फल-फूल रहा था। वामपंथी पार्टियों ने राज्य को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। कांग्रेस सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास पर ध्यान नहीं दिया। उनकी नीति पूर्व को लूटो की थी। 10 साल पहले मैंने कांग्रेस और वामपंथियों की लूट ईस्ट नीति को खत्म किया था। अब हम एक्ट ईस्ट नीति पर काम कर रहे हैं। सतही तौर पर वामपंथी और कांग्रेस एक-दूसरे के विरोधी लग सकते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे उनकी विचारधारा एक ही है।

### पीएम ने कहा, पूर्वोत्तर में रहना हमारा सौभाग्य

पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में रहना हमारा सौभाग्य है, जहां सूर्य की किरणें सबसे पहले पृथ्वी को छूती हैं। ये भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। विकसित त्रिपुरा, विकसित भारत की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। वहीं, असम के नलबाड़ी में पीएम ने कहा था कि कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम को अपने पंजे में जकड़ रखा था। ताकि उनके लिए लूट और भ्रष्टाचार के रास्ते खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है। असम में सबका साथ और सबका विकास हो रहा है। देश के 543 लोकसभा सीटों पर 7 फेज में चुनाव होने वाले हैं। 19 अप्रैल को पहले फेज की वोटिंग होगी। 4 जून को नतीजे आएंगे। असम की 14 सीटों के लिए शुरुआती 3 फेज में चुनाव होंगे। यहां 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को वोटिंग होने वाली है।



### फिर एक बार मोदी सरकार: पीएम मोदी

लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने कहा, चार जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है। इसलिए लोग कहते हैं, 4 जून, 400 पार। फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने आगे कहा, 2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी एक विश्वास लेकर आया और 2024 में जब मोदी असम की धरती पर आया है तब मोदी गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। उन्होंने कहा, आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है। पूर्वोत्तर तो खुद ही मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस पूर्वोत्तर को कांग्रेस ने सिर्फ समस्याएं दी थी, उस पूर्वोत्तर को भाजपा ने संभावनाओं का स्रोत बना दिया है। कांग्रेस ने अलगाववाद को खाद पानी दिया, मोदी ने पूर्वोत्तर को गले लगाने का काम किया। मोदी ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किए। जो कांग्रेस के 60 सालों में नहीं हुआ वो मोदी ने 10 वर्षों में करके दिखाया।

### भाजपा सबका साथ, सबका विकास मंत्र पर चलती है: पीएम

रैली में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा वो पार्टी है, जो सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर चलती है। एनडीए सरकार की योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं होता, उनका लाभ हर किसी को मिलता है। अब एनडीए ने ठाना है कि देश के हर नागरिक तक पहुंचकर, जिस सुविधा का वो पात्र है, वो सुविधा उसे दी जाएगी।

### असम और त्रिपुरा में मोदी की स्पीच की 10 मुख्य बातें...

- एनडीए सरकार की योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं होता। योजनाओं का लाभ हर किसी को मिलता है। अब एनडीए ने ठाना है कि देश के हर नागरिक तक पहुंचकर जिस सुविधा का वो पात्र है, वो सुविधा उसे दी जाएगी। अब 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों की सेवा आपका बेटा मोदी करेगा। इन्हें 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।
- आपका बिजली बिल जीरो आए, इसलिए कम दाम पर सोलर पैनल दिए जाएंगे। इसके अलावा हमने लक्ष्य रखा है 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। हमने खरीफ की फसलों का एमएसपी बढ़ाया है। इससे यहां के किसानों को लाभ हुआ है। भाजपा ने किसानों को लेकर सभी योजना को जारी रखेंगे।
- असम का विकास इस बात का सबूत है कि जब नीयत सही हो तो नतीजे भी सही आते हैं। मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की टेंशन से मुक्ति दिलाई। हमने कानून बनाकर मुस्लिम बहनों और उनके परिवारों को राहत पहुंचाई।
- मैंने कुछ ही दिन पहले असम में देश की बड़ी सेमीकंडक्टर फैसिलिटी शिलान्यास किया है। इससे 15 हजार से ज्यादा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिलेगा। ये ऐतिहासिक शुरुआत है।
- कांग्रेस को दिया आपका वोट केंद्र में सरकार नहीं बनाएगा। भाजपा को दिया आपका वोट विकसित भारत बनाएगा। 4 जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है।
- हम पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बीजेपी ने भारत में 3 करोड़ नए घर बनाने का फैसला किया है। हमारी पहल से त्रिपुरा के लोगों को बहुत फायदा होने वाला है।
- त्रिपुरा के विकास के लिए बीजेपी ने हिरा मॉडल - हाईवे, इंटरनेट वे, रेलवे और एयरवेज पर काम किया है। त्रिपुरा में 4-लेन हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है। एक समय त्रिपुरा में इंटरनेट कनेक्टिविटी का अभाव था। अब पूरे त्रिपुरा में 5जी इंटरनेट उपलब्ध है। अब हम हिरा+ मॉडल पर काम करने जा रहे हैं।
- हम पूर्वोत्तर के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मैं एकमात्र प्रधानमंत्री हूं जिसने एक दशक में 50 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है। आज त्रिपुरा के लिए भाजपा का मतलब विकास की राजनीति है।अब, हम हिरा+ मॉडल पर काम करने जा रहे हैं।
- कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम को अपने पंजे में जकड़ रखा था। ताकि उनके लिए लूट और भ्रष्टाचार के रास्ते खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है। असम में सबका साथ और सबका विकास हो रहा है।
- जिस नॉर्थ-ईस्ट को कांग्रेस और विपक्ष ने समस्याएं दीं, अलगाववाद को खाद-पानी दिया। उस नॉर्थ-ईस्ट को मोदी ने गले लगाया। जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, वह मोदी ने 10 साल में किया।

# बीते दस वर्षों में ईडी ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 25 गुना ज्यादा संपत्ति जब्ती, 86 गुना ज्यादा छापेमारी




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बीते 10 वर्षों में भाजपा शासनकाल के दौरान केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सक्रियता में जबरदस्त उछाल आया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो बीते 10 वर्षों में धन शोधन रोधी कानून (पीएमएलए) के तहत ईडी की छापेमारी 86 गुना बढ़ गई है। ईडी ने इस दौरान 25 गुना ज्यादा संपत्ति जब्त की है। ये आंकड़े 2014 से पहले की यूपीए सरकार की तुलना में हैं।

### 10 वर्षों में ईडी की सक्रियता में आया गजब उछाल

एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2014 से मार्च 2024 के बीच के आंकड़ों की जुलाई 2005 से लेकर मार्च 2014 तक के आंकड़ों से तुलना करने पर पता चलता है कि ईडी की सक्रियता में बीते 10 वर्षों में काफी तेजी आई है। पीएमएलए कानून को साल 2002 में बनाया गया था और 1 जुलाई 2005 को इसे लागू कर दिया गया था। यह कानून टैक्स की चोरी रोकने, काले धन और धन शोधन पर रोकथाम के लिए बनाया गया था। विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि सरकार, विरोधियों के खिलाफ ईडी का इस्तेमाल कर रही है। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि सत्ताधारी दल का एजेंसी पर कोई दबाव नहीं है और यह स्वतंत्र रूप से भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करती है।

### आंकड़े कह रहे कहानी

आंकड़ों के अनुसार, ईडी ने बीते 10 वर्षों में पीएमएलए कानून के तहत 5,155 मामले दर्ज किए हैं, जो कि यूपीए सरकार में किए गए 1,797 मामलों की तुलना में तीन गुना ज्यादा है। ईडी की जांच में अभी तक पीएमएलए कानून के तहत 63 लोगों के खिलाफ दोषसिद्धि हुई है। ईडी द्वारा पहली बार 2014 में ही एक मामले में दोषसिद्धि हुई थी। भाजपा सरकार में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 7,264 छापेमारी की, जबकि 2014 से पहले ईडी ने सिर्फ 84 छापेमारी की थी। इस तरह भाजपा सरकार में ईडी ने 86 गुना ज्यादा छापेमारी की हैं।

### 10 वर्षों में 1,971 कुर्की के आदेश जारी किए

ईडी ने बीते दशक में 755 लोगों को गिरफ्तार किया है और 1,21,618 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है, जबकि बीती सरकार में ईडी ने 29 लोगों को गिरफ्तार किया और सिर्फ 5,086 करोड़ रुपये की संपत्ति ही जब्त की थी। इस तरह ईडी की गिरफ्तारी 26 गुना ज्यादा और संपत्ति जब्ती 24 गुना ज्यादा हुई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बीते 10 वर्षों में 1,971 कुर्की के आदेश जारी किए हैं, जबकि पहले ऐसी 311 कार्रवाई की गई थी। ईडी ने 12 गुना ज्यादा चार्जशीट दाखिल की हैं। ईडी ने 36 मामलों में 63 लोगों के खिलाफ दोष सिद्ध किया है और 73 चार्जशीट का निपटारा किया है। 2005 से 2014 के दौरान ईडी ने किसी मामले में कोई दोषसिद्धि नहीं की थी। ईडी ने बीते 10 वर्षों में पीएमएलए कानून के तहत 2,310 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है, जबकि पहले सिर्फ 43 लाख रुपये नकद जमा किए गए थे। ईडी ने चार आरोपियों के भारत प्रत्यर्पित कराने में सफलता हासिल की है और विजय माल्या, नीरव मोदी, संजय भंडारी के खिलाफ ऐसी ही कार्रवाई चल रही है। ईडी ने इंटरपोल के 24 रेड नोटिस जारी कराए हैं, जबकि पहले कोई नोटिस जारी नहीं कराए गए थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गुलाम नबी आजाद लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के चीफ गुलाम नबी आजाद ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने अनंतनाग लोकसभा सीट से नामांकन पर्चा वापस ले लिया है।गुलाम नबी आजाद ने अनंतनाग में पार्टी बैठक में लोकसभा चुनाव न लड़ने की घोषणा की। अब इस सीट पर सीधा मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच होगा। बीजेपी ने अभी तक यहां अपने पत्ते नहीं खोले हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में कहा कि कश्मीर में बीजेपी कोई जल्दबाजी में नहीं है।

### भाजपा की पल्लवी डेम्पो के पास 1400 करोड़ की संपत्ति

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** गोवा से भाजपा की पहली महिला कैंडिडेट; दक्षिण गोवा से भाजपा की पहली महिला कैंडिडेट पल्लवी डेम्पो (49 साल) ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने 119 पन्नों के हलफनामे में अपनी और पति की 1400 करोड़ रुपए की संपत्ति की जानकारी दी है। नॉमिनेशन के दौरान गोवा के सीएम प्रमोद सावंत भी उनके साथ मौजूद थे। पल्लवी ने एमआईटी पुणे से बिजनेस मैनेजमेंट में की डिग्री हासिल की है।

### चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का प्रस्तावित कूच बिहार दौरा रोका

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को 18-19 अप्रैल का प्रस्तावित कूच बिहार दौरा रोकने की सलाह दी है। आयोग ने कहा इससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा।


### लुक ईस्ट नीति घरेलू राजनीति के लिए नहीं थी: शशि थरूर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस कैंडिडेट शशि थरूर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि पूर्व के राज्यों में कोई लूट चल रही थी। लुक ईस्ट नीति पीएम नरसिम्हा राव ने शुरू की थी और उसके बाद भी जारी रही। यह यह एक ऐसी नीति थी जिसमें दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों से संबंध सुधारने की कोशिश की गई थी, यह नीति हमारे देश के बारे में नहीं थी। लुक ईस्ट एंड एक्ट दक्षिण पूर्व एशिया के बारे में है, घरेलू भारतीय राजनीति के बारे में नहीं। वे पीएम मोदी के लुक ईस्ट नीति को लेकर दिए बयान पर टिप्पणी कर रहे थे।

### पहले फेज की 102 सीटों पर चुनाव प्रचार थमा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले फेज की 102 सीटों पर 19 अप्रैल को वोटिंग होगी। 21 राज्यों की 102 सीटों के लिए चुनाव प्रचार बुधवार (17 अप्रैल) की शाम 6 बजे थम गया। लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव के पूरे शेड्यूल की घोषणा की थी।

# ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने जारी किया घोषणा-पत्र, बंगाल में एनआरसी लागू न होने देने का एलान




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने घोषणापत्र जारी किया। पार्टी के घोषणापत्र में बंगाल में एनआरसी लागू न होने देने का एलान किया गया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें लिखा गया है कि हमे लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणापत्र जारी करते हुए खुशी हो रही है। दीदी की शपथ के साथ हम हर भारतीय को रोजगार की गारंटी, सभी को घर, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, किसानों को एमएसपी, एससी-एसटी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति देने की कसम खाते हैं। हम साथ में भाजपा के जमींदारों को उखाड़ फेकेंगे और सभी के सम्मानित जिंदगी सुनिश्चित करेंगे। टीएमसी ने अपने घोषणापत्र में सीएए कानून को निरस्त करने और एनआरसी को लागू न होने देने का वादा किया है। साथ ही पूरे देश में कहीं भी समान नागरिक संहिता को भी लागू नहीं करने का भी वादा किया गया है। टीएमसी के घोषणापत्र में सभी नौकरी कार्ड धारकों को 100 दिन की रोजगार गारंटी देने की बात कही गई है और कामगारों को एक दिन की न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन देने की बात कही गई है। सभी बीपीएल परिवारों को हर साल 10 एलपीजी सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। सभी राशन कार्ड धारकों को हर महीने पांच किलो राशन मुफ्त दिया जाएगा। साथ ही राशन की लोगों को घर पर डिलीवरी की जाएगी और इसका कोई भी चार्ज नहीं देना होगा। एससी,एसटी और ओबीसी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए मिलने वाली छात्रवृत्ति की रकम बढ़ाई जाएगी। 60 साल से ऊपर की उम्र के बुजुर्गों को हर महीने 1000 रुपये की पेंशन दी जाएगी। टीएमसी के घोषणापत्र में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर किसानों को एमएसपी दी जाएगी। एमएसपी फसल की औसत लागत से पचास फीसदी अधिक दी जाएगी। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को कम किया जाएगा और कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचने के लिए एक कीमत स्थिर करने वाला फंड स्थापित किया जाएगा। उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को 10 लाख रुपये तक की क्रेडिट कार्ड लिमिट दी जाएगी। साथ ही 25 साल तक सभी स्नातकों और डिप्लोमाधारकों को हर महीने अप्रेंटिस दी जाएगी। ममता बनर्जी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने पूरे देश को डिटेंशन कैंप बना दिया है, मैंने कभी भी अपने जीवन में इतना खतरनाक चुनाव नहीं देखा है। विपक्षी गठबंधन के सत्ता में आने पर सीएए और एनआरसी को निरस्त किया जाएगा। ममता बनर्जी ने कहा कि अगर पीएम मोदी की तीसरी बार सत्ता में वापसी हुई तो देश में लोकतंत्र नहीं बचेगा।

# परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के वादे पर रुख साफ करे कांग्रेस: राजनाथ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने देश में परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी घोषणापत्र के वादे के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस मुद्दे पर कांग्रेस से अपना रुख जाहिर करने की मांग की। सिंह ने आरोप लगाया कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है। राज्य के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने मांग की कि कांग्रेस को परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के घोषणापत्र में किए गए वादे पर अपना रुख जाहिर करना चाहिए क्योंकि इंदिरा गांधी सरकार ने ही देश का परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु संपन्न देशों में शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत की और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से वह देश कमजोर देश बन जाएगा जिसके पड़ोसी पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्तियों से लैस होंगे। माकपा ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि परमाणु हथियारों और रासायनिक व जैविक हथियारों सहित सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों का पूर्ण सफाया किया जाएगा। सिंह ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि वाम दल और कांग्रेस देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।

### भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने यह भी दावा किया कि देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। हालांकि, कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों के कथनी और करनी अलग-अलग रहे हैं। सिंह ने यह भी विश्वास जताया कि भाजपा लोकसभा चुनाव में केरल से दोहरे अंक में सीटें जीतेगी। केरल में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होंगे और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ हुआ।

### भारत में भगवान राम का विरोध करने वालों का पतन हुआ

भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा, भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे पतन का सामना करना पड़ा है, ऐसा ही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। सिंह ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन में सहयोगी दोनों पार्टियां भगवान राम या रामनवमी के त्योहार का महत्व नहीं समझती हैं। उन्होंने कहा, इन लोगों ने रामनवमी के उत्सव में बाधाएं पैदा की हैं। हम सभी जानते हैं कि जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे देश में पतन का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस और माकपा के साथ यही हुआ है। कांग्रेस और माकपा विपक्षी गुट 'इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) का हिस्सा हैं।


# शोभा करंदलाजे: भाजपा की फायर ब्रांड नेता, दो बार उडुपी चिकमगलूर से जीतीं, अब बंगलूरू उत्तर से मैदान में

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे को फायर ब्रांड नेता यूं ही नहीं कहा जाता। विपक्षियों पर तीखे जुबानी हमलों के अलावा वह एक्शन वाली नेता हैं। दो बार से सांसद जब तीसरे लोकसभा चुनाव के लिए परचा दाखिल करने पहुंचीं तो रैली में बाइकों का हुजूम, जय श्रीराम के जयघोष से माहौल पूरी तरह बदल गया। बंगलूरू उत्तर में शोभा का सीधा मुकाबला कांग्रेस के राजीव गौड़ा से है। शोभा 2014 में पहली बार उडुपी चिकमगलूर सीट से जीतकर लोकसभा पहुंचीं। 2019 में जीत का सिलसिला बरकरार रखा तो केंद्र सरकार ने मंत्रिमंडल में जगह दी। पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल में शोभा कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रहीं। भाजपा कर्नाटक की उपाध्यक्ष शोभा को इस बार भाजपा ने उन्हें बंगलूरू उत्तर से उम्मीदवार बनाया है। शोभा करंदलाजे बयानों को लेकर सुर्खियों में रहीं हैं। रामेश्वरम कैफे में विस्फोट के बाद कहा था कि आतंकी तमिलनाडु में ट्रेनिंग लेते हैं और बम कर्नाटक में आकर गिराते हैं। आयोग ने इस बयान को लेकर कार्रवाई का नोटिस भी जारी किया था, जिसके बाद उन्होंने माफी मांगी थी। शोभा सनातन के विरोधियो को लेकर भी तीखे वार कर चुकी हैं। शोभा छोटी उम्र से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हो गई थीं। बतौर स्वयंसेवक लंबे समय तक काम करने के बाद 2004 में वह राजनीति में आईं और कर्नाटक भाजपा में कई अहम जिम्मेदारियां संभालीं।

# हम देश से उखाड़ फेंकेंगे नक्सलवाद जारी रहेगी कार्रवाई: अमित शाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। बड़ी बात ये है कि 29 में से 15 महिला नक्सली शामिल हैं। इसी मामले को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। जब से मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं तब से बीजेपी सरकार ने नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ लगातार अभियान चलाया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी, उस अभियान को और गति मिली। अमित शाह ने आगे कहा कि 2014 से हमने कैंप लगाना शुरू किया। 2019 में दोबारा सरकार बनने के बाद लगभग तीन महीने में 250 कैंप लगाए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ में 80 नक्सली मारे गये हैं, 125 से ज्यादा गिरफ्तार किए गए हैं और 150 से ज्यादा नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। शाह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि नक्सलियों के खिलाफ ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और बहुत कम समय में पीएम मोदी के नेतृत्व में हम देश से नक्सलवाद उखाड़ फेंकेंगे। वहीं कांकेर नक्सली मुठभेड़ पर आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने कहा कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जो करीब 4 घंटे तक चली। डीआरजी और बीएसएफ की टीमों ने इलाके की घेराबंदी कर 29 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में 15 महिलाएं और 14 पुरुष थे। मौके से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। वहीं माओवादियों के शवों का पोस्टमार्टम चल रहा है।

# कमलनाथ के पास इतना पैसा है कि पूरे गांव को हेलीकॉप्टर बांट सकते हैं: मोहन यादव



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चौरई (छिंदवाड़ा) के धनोरा में चुनावी आमसभा के दौरान प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ पर बड़ा जुबानी हमला बोला है। उन्होंने चौरई विधानसभा क्षेत्र के डूब प्रभावित इलाके धनोरा में ग्रामीणों को चुनावी आमसभा के दौरान कहा, कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ के पास 700 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसकी उन्होंने चुनावी हलफनामे में जानकारी दी है। वहीं, कमलनाथ के पास 1,700 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वह चाहें तो पूरे गांव में हेलीकॉप्टर बांट सकते हैं। लेकिन कमलनाथ झूठे विकास का मॉडल बताकर जनता को 40 साल से गुमराह कर रहे हैं। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नकुलनाथ ने एक नंबर में अपने 700 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी बताई है, इतना पैसा उनके पास है कि दिमाग घूम जा रहा है। डॉ. मोहन यादव ने जनता से पूछते हुए कहा कि क्या कभी कमलनाथ ने आपको हेलीकॉप्टर में घुमाया है? चलो सुख में न घूमे कभी कोई बीमार हुआ है तो उन्हें हेलीकॉप्टर में लेकर अस्पताल पहुंचाया है नहीं पहुंचाया है। यही फर्क है, मोदी जी की सरकार और कमलनाथ में।

# लोकतंत्र का उत्सव: चीन सीमा से लगे केंद्रों पर हेलीकॉप्टर से पहुंची चुनाव टीम, अरुणाचल में 19 को होगा मतदान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अरुणाचल प्रदेश के क्रा दादी जिले के चार दूरस्थ मतदान केंद्रों पर वोटिंग के लिए पुलिसकर्मियों सहित 40 चुनाव अधिकारियों के पहले बैच को एयरलिफ्ट कर भेज दिया गया है। यहां 19 अप्रैल को लोकसभा और विधानसभा चुनाव एकसाथ होने हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि मतदान अधिकारियों को ईवीएम और वीवीपीएटी के साथ सोमवार को विमान से चीन की सीमा से लगे सुदूर पिप-सोरांग सर्कल के मतदान केंद्रों के पास पहुंचाया गया। जिले के एडीसी मुख्यालय ताली में ठहरने के बाद ये अधिकारी पिप-सोरांग सर्कल तक पहुंचने के लिए पैदल मार्च करेंगे। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर सीट के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार को कई हेलीकॉप्टर के माध्यम से कुछ मतदानकर्मियों को रवाना किया गया। दक्षिणी भाग में दोनों जिलों में चुनाव के दौरान पूर्व में सुरक्षाबलों पर नक्सली हमलों की कई घटनाएं हुई हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)